राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रोहित शर्मा के टी20 में सबसे तेज 4 हजार रन पूरे, छक्कों की ..

रोहित शर्मा नाराज तो जसप्रीत बुमराह गदगद, टीम ... 11

वर्ष : 12 | अंक : 57 | पटना, शुक्रवार, 07 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

# एडीआर की रिपोर्ट : 46 प्रतिशत नवनिर्वाचित सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले

## चुनाव विश्लेषण करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने यह बात कही

प्रात: किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। लोकसभा के नवनिर्वाचित 543 सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। चुनाव विश्लेषण करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने यह बात कही। यह निचले सदन में आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले सदस्यों की पिछले कई दशकों की सबसे अधिक संख्या है। साल 2019 में कुल 233 नवनिर्वाचित सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की थी, 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) तथा 2004 में 125 (23 प्रतिशत) ने आपराधिक मामलों की घोषणा की थी।

विश्लेषण के मुताबिक 2009 के बाद से आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा करने वाले सांसदों की संख्या में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नवनिर्वाचित हुए 251 सदस्यों में से 170 (31 प्रतिशत) के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं जिनमें दुष्कर्म, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले हैं।

गंभीर अपराध के मामलों वाले सदस्यों की संख्या 2009 से 124 प्रतिशत बढ़ गई है। इस बार चार उम्मीदवारों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत अपने ऊपर हत्या से संबंधित मामले दर्ज होने की जानकारी दी है और 27 ने आईपीसी की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामले दर्ज होने की घोषणा की है। नवनिर्वाचित हुए 15 उम्मीदवारों ने अपने ऊपर महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित मामले घोषित किए हैं, जिनमें दो पर आईपीसी की धारा 376 के तहत बलात्कार का आरोप है। एडीआर के अनुसार, 18वीं लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में बरकरार भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 94 (39 प्रतिशत) ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसके मुताबिक कांग्रेस के 99 विजयी उम्मीदवारों में से 49 (49 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 21 (45 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक आरोप होने की जानकारी दी है।

तृणमूल कांग्रेस के 29 में से 13 (45 प्रतिशत), द्रमुक के 22 में से 13 (59 प्रतिशत), तेलुगू देशम पार्टी के 16 में से आठ (50 प्रतिशत) और शिवसेना के सात विजयी उम्मीदवारों में से पांच (71 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। विश्लेषण में पाया गया कि 63 (26 प्रतिशत) भाजपा उम्मीदवार, 32 (32 प्रतिशत) कांग्रेस उम्मीदवार और 17 (46 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा अपने हलफनामों में की है। इसमें कहा गया है कि नवनिर्वाचित सदस्यों में से सात (24 प्रतिशत) तृणमूल सदस्यों, छह (27 प्रतिशत) द्रमुक उम्मीदवार, पांच (31 प्रतिशत) तेलुगू देशम पार्टी उम्मीदवार और चार (57 प्रतिशत) शिवसेना उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।

# कंगना रनौत को सीआईएसएफ की जवान ने मारा थप्पड़

## नवनिर्वाचित सांसद पर हाथ उठाने के जुर्म में महिला जवान निलंबित

प्रात: किरण संवाददाता



चंडीगढ़/एजेंसी। हिमाचल प्रदेश की मंडी की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को गुरुवार को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर एक सीआईएसएफ की महिला जवान ने थप्पड़ मार दिया। जिसके बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए महिला को सस्पेंड कर दिया है। वहीं इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता विक्रमादित्य सिंह का बयान सामने आया है। कंगना रनौत को सीआईएसएफ की एक महिला कांस्टेबल द्वारा थप्पड़ मारे जाने पर हिमाचल सरकार के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसा किसी के साथ नहीं होना चाहिए, खासकर एक महिला के साथ जो अब संसद की सदस्य है। उन्होंने आगे कहा कि किसान आंदोलन को लेकर सीआईएसएफ कांस्टेबल की कुछ शिकायतें थीं, लेकिन किसी पर इस तरह से हमला करना दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इसकी निंदा करते हैं और सरकार को इसके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

**एक्स पर कंगना ने जारी किया वीडियो :** एक्स पर वीडियो जारी करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मैं सभी को बताना चाहती हूं की मैं पूरी तरह से सुरक्षित हूं। इस घटना के बाद से ही मेरे पास तमाम शुभचिंतकों के फोन आ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज चंडीगढ़ में जो हादसा हुआ वो सुरक्षा जांच के बाद हुआ। जांच के बाद जैसे ही मैं वहां से निकली, वैसे ही दूसरी केबिन से एक महिला सिपाही ने आकर मेरे चेहरे पर हमला किया और गालियां देने लगीं। सूत्रों के अनुसार, कंगना रनौत चंडीगढ़ से मुंबई के लिए शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जब चैकिंग कर रही थीं तो वहां उपस्थित सीआईएसएफ में तैनात महिला सुरक्षा कर्मी ने जब उनसे पूछा कि मैडम आप भाजपा से जीती हैं। आपकी पार्टी किसानों के लिए कुछ क्यों नहीं कर रही। इसको लेकर बहस हो गई। इसके बाद आरोप लग रहे है कि सीआईएसएफ की महिला कर्मी ने उन्हें थप्पड़ मार दिया। हालांकि एयरपोर्ट से सीईओ की ओर से जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही मामले में महिला जवान को निलंबित कर दिया गया है।भाजपा नेता मंत्री पद और अन्य मुद्दों को लेकर सहयोगियों के संपर्क में हैं। इस घटना को लेकर हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि चाहे किसी भी तरह की बहस हुई हो लेकिन एक महिला सांसद पर हाथ उठाने की घटना की सही तरीके से जांच होनी चाहिए। पता लगाना चाहिए कि आखिरकार हुआ क्या था। शिमला से बीजेपी सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि महिला सांसद के साथ हुई इस घटना की वो निंदा करते हैं। मामले की जांच होनी चाहिए। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कुलविंदर कौर पर कार्रवाई की निंदा की है। पंधेर ने कहा कि पहले भी बहुत सारे नेताओं के साथ ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### निर्वाचन आयोग राष्ट्रपति को सौंपेगा नवनिर्वाचित उम्मीदवारों की सूची

नई दिल्ली। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा सुखबीर सिंह संधू राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उन उम्मीदवारों के नामों की सूची बृहस्पतिवार को सौंपेंगे जिन्होंने लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति को सूची सौंपे जाने के बाद 18वीं लोकसभा के गठन की औपचारिक प्रक्रिया प्रारंभ होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने बुधवार को 17वीं लोकसभा को भंग करने का आदेश दिया था। भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के बहुमत हासिल करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की राह पर हैं।

### कांग्रेस कार्य समिति की बैठक आठ जून को, लोकसभा चुनाव परिणाम पर होगी चर्चा

नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक आठ जून को होगी जिसमें लोकसभा चुनाव के नतीजों पर चर्चा की जाएगी। पार्टी सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों का कहना है कि बैठक में लोकसभा में पार्टी के संतोषजनक प्रदर्शन के लिए नेतृत्व की सराहना करते हुए प्रस्ताव पारित किया जा सकता है। कांग्रेस ने इस लोकसभा चुनाव में 99 सीटें जीती हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 52 सीट जीती थीं।

### चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है : प्रियंका

नई दिल्ली। एक दिन पहले कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राहुल गांधी को लेकर एक भावुक पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। चुनाव के बाद बुधवार को यह उनका पहला पोस्ट था। इसी तरह का दूसरा भावुक पोस्ट गुरुवार को प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर उत्तर प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा कि चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट लिखकर उत्तर प्रदेश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सलाम किया है। सोशल मीडिया अकाउंट पर उन्होंने लिखा, यूपी कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम।

# राजग गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक आज

## सरकार गठन को लेकर विचार-विमर्श पर मंथन

प्रात: किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। नरेन्द्र मोदी को नेता चुनने के लिए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक होने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि मोदी के राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद तेदेपा अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और जनता दल यूनाइटेड के प्रमुख नीतीश कुमार जैसे गठबंधन के वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और उन्हें समर्थन देने वाले सांसदों की सूची सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सप्ताहांत में संभवतः रविवार को शपथ ले सकते हैं। राजग के पास 293 सांसद हैं, जो 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के 272 के आंकड़े से अधिक है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने बृहस्पतिवार को दिनभर एक बैठक की और सरकार गठन के प्रयासों को गति देने को लेकर विचार-विमर्श किया। यह बैठक भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के आवास पर हुई। पार्टी नेताओं के मुताबिक, इस बैठक में भावी मंत्रिपरिषद के गठन में राजग के घटक दलों की भागीदारी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। गठबंधन सरकार के मुखिया के रूप में तीसरी बार शपथ लेने की तैयारी कर रहे मोदी ने बुधवार को सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों की एक बैठक की अध्यक्षता की थी, जिन्होंने उन्हें सर्वसम्मति से अपना नेता चुना था। भाजपा के सहयोगी दल जनता दल (यूनाइटेड) के नेताओं ने भी पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ सरकार गठन और उसमें अपनी भूमिका को लेकर विचार-विमर्श किया। जद (यू) ने हालांकि इस मुद्दे पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि बिहार में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने के लिए वह कुछ प्रमुख मंत्री पद प्राप्त करना चाह रही है। पिछले कुछ वर्षों में राज्य में उसकी राजनीतिक ताकत कमजोर हुई है। राज्य विधानसभा में वह राष्ट्रीय जनता दल और भाजपा के बाद तीसरे स्थान पर है।

# पीड़ित को मुआवजा देना सजा कम करने का आधार नहीं हो सकता : सुप्रीम कोर्ट

प्रात: किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि पीड़ित को मुआवजा देना सजा कम करने का आधार नहीं हो सकता। न्यायालय ने कहा कि यदि सजा कम करने के लिए मुआवजे का भुगतान एक विकल्प बन जाता है, तो इसका आपराधिक न्याय व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। न्यायालय ने कहा कि आपराधिक मामले में पीड़ित को मुआवजा देने का उद्देश्य उन लोगों का पुनर्वास करना है जिन्हें अपराध के कारण नुकसान उठाना पड़ा हो या उन्हें चोट पहुंची हो और यह सजा कम करने का आधार नहीं हो सकता। अदालत ने कहा कि इसका नतीजा यह होगा कि अपराधियों के पास न्याय से बचने के लिए बहुत सारा पैसा होगा, जिससे आपराधिक कार्यवाही का मूल उद्देश्य ही खत्म हो जायेगा। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 357 न्यायालय को दोषसिद्धि का निर्णय सुनाते समय पीड़ितों को मुआवजा देने का अधिकार देती है। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, ह्यह्यपीड़ित को मुआवजा देना अभियुक्त पर लगाए गए दंड को कम करने का आधार नहीं हो सकता है, क्योंकि पीड़ित को मुआवजा देना दंडात्मक उपाय नहीं है और इसकी प्रकृति केवल प्रतिपूरक है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 357 का उद्देश्य पीड़ित को आश्वस्त करना है कि उन्हें आपराधिक न्याय प्रणाली में भुलाया नहीं गया है। न्यायालय ने यह टिप्पणी राजेंद्र भगवानजी उमरानिया नामक एक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की। याचिका में गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें एक आपराधिक मामले में दो व्यक्तियों की पांच साल की सजा को घटाकर चार साल कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि यदि दोषी पीड़ित को 2.50 लाख रुपये का भुगतान कर दें तो उन्हें चार साल की सजा भी नहीं काटनी होगी।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि घटना को 12 वर्ष बीत चुके हैं और दोषियों ने पहले ही पांच लाख रुपए जमा कर दिए हैं। पीठ ने कहा, हम उन्हें चार वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश देने के पक्ष में नहीं हैं। उच्चतम अदालत ने कहा, हम हालांकि प्रत्येक प्रतिवादी को निचली अदालत में पहले से जमा की गई राशि के अलावा और पांच लाख रुपये, यानी कुल 10 लाख रुपये जमा करने का निर्देश देते हैं।

# लोस चुनाव में इस बार 41 दलों के उम्मीदवार चुने गए

## पिछले चुनाव में 36 दलों के प्रत्याशी जीते थे

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। इस बार के लोकसभा चुनावों में राजनीतिक दलों की भागीदारी में वृद्धि देखी गई और 2019 के आम चुनाव में 36 दलों के उम्मीदवार चुने जाने की तुलना में 2024 के चुनाव में 41 दलों के उम्मीदवार चुने गए। थिंक-टैंक पीआरएस के एक विश्लेषण के अनुसार, इस चुनाव में राष्ट्रीय दलों ने 346 सीट पर जीत प्राप्त की जो कुल सीट की 64 फीसदी हैं, वहीं राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों ने 179 सीट पर जीत दर्ज की है जो कुल सीट का 33 प्रतिशत है। गैर-मान्यता प्राप्त दलों ने 11 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की, वहीं सात पर निर्दलीयों को विजेता घोषित किया गया है।

चुनाव से संबंधित विश्लेषण करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के विश्लेषण के अनुसार, 2009 से 2024 तक राजनीतिक दलों की संख्या में 104 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। साल 2024 में आम चुनाव में कुल 751 दलों ने भाग लिया, जबकि 2019 में 677, 2014 में 464 और 2009 में 368 दल मैदान में थे।

# दो लाख का इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड में मारा गया

प्रात: किरण





पटना। उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रदेश के मुजफ्फरनगर में बिहार पुलिस की सूचना के आधार पर एक मुठभेड़ के दौरान दो लाख रुपये के इनामी बदमाश निलेश राय को मारा गिराया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य विशेष कार्य बल की गुप्त सूचना पर उत्तर प्रदेश एसटीएफ एवं वहां की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुख्यात वांछित अपराधी निलेश राय पांच जून को मुठभेड़ में मारा गया। उन्होंने बताया कि राय पर दो लाख रुपये का इनाम था। बिहार के बेगूसराय जिले के रहने वाले निलेश पर बेगूसराय एवं बरौनी रेल पुलिस थाने तथा झारखंड के जसीडीह के थानों में 16 से अधिक गम्भीर कांड दर्ज हैं । इनमें हत्या, डकैती के साथ हत्या, रंगदारी, लूट, शस्त्र अधिनियम एवं पुलिस पर हमला जैसे कई गंभीर अपराध शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बिहार एसटीएफ से प्राप्त सूचना के आधार पर कुख्यात अपराधी निलेश राय को पकड़ने का प्रयास उप्र पुलिस कर रही थी। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में बिहार एसटीएफ, उत्तर प्रदेश एसटीएफ एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त तलाश अभियान के दौरान राय एवं उसके गिरोह के सदस्यों ने पुलिस पर गोली बारी शुरू कर दी । अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आत्म रक्षा में जवाबी कार्रवाई की और गोली लगने से राय घायल हो गया, उसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि उसके गिरोह के अन्य साथी भागने में सफल रहे। अधिकारी ने बताया कि मृत अपराधी के पास से पुलिस ने तीन पिस्तौल, 19 कारतूस, खोखा और एक मोटरसाईकिल बरामद की गयी है। उन्होंने बताया कि पुलिस मुठभेड में बिहार एसटीएफ का एक जवान एवं उत्तर प्रदेश एसटीएफ का एक जवान घायल हो गया, जिनका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# फ्रांस की सीनेट में देश-विदेश की 35 हस्तियों को मिला भारत गौरव अवार्ड

प्रात: किरण

जयपुर/एजेंसी। फ्रांस की सीनेट में भारत गौरव अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश की 35 नामी हस्तियों को भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। जयपुर के गैर सरकारी संगठन संस्कृति युवा संस्था द्वारा यह अवार्ड समारोह वर्ष 2012 से जारी है और इस अवार्ड समारोह में भारत, ब्रिटेन, अमरीका, न्यूजीलैंड, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, सिंगापुर, दुबई, लंदन, इटली, स्विट्जरलैंड, स्पेन, जिनेवा, पौलेंड, थाईलैंड, बैंकाक सहित कई देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। भारतीय दूतावास के अधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि अब भारतीय पूरे विश्व में अपनी धाक जमा रहे है। जब भी हम भारतीयों से मिलते है तो अपनापन महसूस करते है। पेरिस की सीनेट में आकर भारत का तिरंगा लहराना अपने आप में बड़ी बात है।

इस अवसर पर फिल्म निमार्ता एवं निदेशक अन्नू कपूर, यूनाईटेड किंगडम के गुरूजी राजराजेश्वर, माण्ड गायिका बेगम बतूल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्कृति युवा संस्था के फ्रांस चैप्टर के चैयरमेन अनवर हुसैन एवं संस्कृति युवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष गौरव धामाणी ने बताया कि भारतीय आध्यात्मिक गुरु पद्म भूषण दाजी कमलेश डी पटेल, भारतीय फिल्म डायरेक्टर अन्नू कपूर, पद्मश्री न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. सुधीर शाह, नारी शक्ति पुरस्कार एवं भजन मांड शैली की गायिका बेगम बतूल, संस्कार टीवी के सीईओ मनोज त्यागी, आस्था टीवी चैनल के सीईओ डॉ. सतीश कुमार जैन, यूनाईटेड किंगडम के आध्यात्मिक गुरु एचएच राजराजेश्वर गुरुजी, अयोध्या में राम मंदिर की पोशाक बनाकर चर्चित हुए देश के नामी फैशन डिजाइनर मनीष त्रिपाठी, अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति बनाने वाले देश के नामी मूर्तिकार अरुण योगीराज सहित कई प्रसिद्ध लोगों को भारत गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**जीत** — इंडिया गठबंधन के सभी 9 उम्मीदवारों की इन्हीं इलाकों से हुई जीत

# सीमांचल, शाहाबाद और मगध में इंडिया गठबंधन का दबदबा

रामाधार प्रसाद




पटना। बिहार में हुए लोकसभा चुनाव में इस बार सीमाचंल, शाहाबाद और मगध के इलाकों में इंडिया गठबंधन का दबदबा रहा। इंडिया गठबंधन को सभी 9 सीटें इन्हीं इलाकों से मिली। सीमांचल में कांग्रेस, शाहाबाद में भाकपा माले तो मगध में राजद का जादू चला। सीमाचंल की चार में दो सीटों पर कांग्रेस ने जीत का परचम लहराया।

कटिहार से तारिक अनवर तो किशनगंज सीट से मोहम्मद जावेद ने फतह हासिल किया। अररिया में भाजपा के प्रदीप सिंह तो पूर्णिया में निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव ने बाजी मारी। बतौर, पप्पू यादव खुद को कांग्रेसी बताते हैं। इस प्रकार सीमांचल ने दो सीट देकर कांग्रेस को नई ऊर्जा दी है। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। तीन सीटों पर पार्टी पार्टी की जीत हुई। तीन में दो सीटें कांग्रेस को सीमांचल से ही मिली। इधर,शाहाबाद के सभी चार सीटों पर इंडिया गठबंधन का जलवा रहा। भाकपा माले को दो तो राजद व कांग्रेस को एक-एक सीट पर जीत मिली। आरा व कारकाट में भाकपा माले के उम्मीदवारों ने अप्रत्याशित जीत हासिल कर सबको चौंका दिया। आरा संसदीय सीट से सुदामा प्रसाद ने भाजपा के दिग्गज नेता आर के सिंह को पटखनी दी। सियासी हलकों में आर के सिंह की हार चर्चा का विषय बना हुआ है। सियासी जानकार भी पटना साहिब के बाद आरा को ही भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित सीट बताते थे। इस हार को पचा पाना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। वहीं, बिहार के सबसे हॉट सीट काराकाट में राजाराम सिंह कुशवाहा ने भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह को मात देकर सियासी हलकों में भूचाल ला दिया। पवन सिंह के प्रचार में भोजपुरी फिल्मी जगत के स्टारों का जमघट लगा रहा। एनडीए गठबंधन के तहत राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उम्मीदवार उपेन्द्र कुशवाहा के पक्ष में भी पीएम मोदी सहित अन्य दिग्गजों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। इसके बावजूद भाकपा माले के उम्मीदवार ने एक लाख से अधिक मतों से जीत हासिल कर सनसनी फैला दी। फिलहार सबके जुबान पर एक ही नाम राजाराम। इस बार भाकपा माले को इंडिया गठबंधन के तहत तीन सीटें मिली, जिसमें दो उम्मीदवारों की जीत हुई। दोनों ही सीटे शाहाबाद से ही नसीब हुई। बक्सर में राजद ने पलटी बाजी। राजद प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने चतुर्थकोणीय मुकाबले में भाजपा उम्मीदवार मिथलेश तिवारी को शिकस्त दी। वहीं, सासाराम सुरक्षित सीट से कांग्रेस के मनोज राम ने भाजपा के शिवेश राम को हराकर एग्जिट पोल के रूझानों को ध्वस्त कर दिया। लगभग सभी एजेंसियों ने सासाराम सीट को भाजपा के खाते में दशार्या था। इस प्रकार शाहाबाद इलाके में इंडिया गठबंधन का जादू चला। इधर, मगध इलाके के तीन सीटों पर राजद उम्मीदवारों ने कब्जा जमाया। बिहार के चितौड़गढ़ के नाम से प्रख्यात औरगांबाद सीट पर राजद प्रत्याशी अभय कुशवाहा ने पहली बार में ही भाजपा प्रत्याशी सुनील कुमार सिंह को चौथी बार सदन पहुंचने के उनके सपने को चकनाचुर कर दिया। औरगांबाद में तेजस्वी की सियासी सोशल इंजीनियरिंग के सामने भाजपा दिग्गजों की धेराबंदी ध्वस्त हो गयी। जहानाबाद में राजद के सुरेन्द्र यादव ने त्रिकोणीय मुकाबले में जदयू प्रत्याशी चंदेश्वर चंद्रवंशी को एक लाख से अधिक वोटों से हराकर पार्टी के भरोसे पर खरे उतरे। पाटलिपुत्रा से राजद के मीसा भारती ने तीसरी बार में अपने प्रतिद्वंदी भाजपा के रामकृपाल यादव को हार का स्वाद चखाया। रामकृपाल यादव हैट्रिक लगाने से चुक गए। पाटलिपुत्रा संसदीय सीट पर पूरे प्रदेश की निगाहें टिकी थी। पिछले दो बार से रामकृपाल यादव कांटे की टक्कर में बाजी मार रहे थे। इस बार मीसा भारती ने बाजी पलट दी।

# क्या नरेन्द्र मोदी बिहार और आंध्र के लिए विशेष राज्य के दर्जे का वादा पूरा करेंगे : कांग्रेस

प्रात: किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को तंज कसते हुए निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक तिहाई प्रधानमंत्री करार दिया और उनसे यह बताने को कहा कि क्या वह आंध्र प्रदेश और बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे के वादे को पूरा करेंगे? इस लोकसभा चुनाव के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में जनता दल (यूनाइटेड) और तेलुगू देशम पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, बार बार दावा किया जा रहा है कि अब मोदी 3.0 सरकार बनेगी। हकीकत यह है कि अबकी बार, मोदी एक तिहाई सरकार। उन्होंने कहा, एक तिहाई प्रधानमंत्री बनने जा रहे मोदी जी से हमारे 4 सवाल : 30 अप्रैल 2014 को पवित्र नगरी तिरुपति में आपने आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा देने का वादा किया था। क्या वह वादा अब पूरा होगा? रमेश ने सवाल किया कि क्या आप विशाखापत्तनम स्टील प्लांट के निजीकरण को अब रोकेंगे? उन्होंने यह भी पूछा, क्या आप बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देकर अपने 2014 के चुनावी वादे और अपने सहयोगी नीतीश कुमार की 10 साल पुरानी मांग को पूरा करेंगे? क्या आप बिहार की तरह ही पूरे देश में जाति जनगणना करवाने का वादा करते हैं?

# विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के नकली खाद्य तेल का निर्माण स्थल पर छापा

## आलमगंज थाना क्षेत्र के गुलजारबाग रोड स्थित गोदाम से नकली रैपर, डिब्बा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आलमगंज थाना क्षेत्र के गुलजारबाग रोड स्थित एक दुकान सह गोदाम पर पुलिस ने गुरुवार को अपराह्न में छापेमारी की। इस दौरान करीब 30 लाखों रुपए मूल्य के विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली खाद्य तेल को जब्त किया गया है। पुलिस दुकान व गोदाम के प्रोप्राइटर दिलीप कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दरअसल एक ब्रांडेड कंपनी से खाद्य तेल की मांग कम होने से चिंता का विषय बन गया। जब बाजार का सर्वे किया गया, तो मार्केट में बड़ी मात्रा में खाद्य तेल उपलब्ध था। इससे कंपनी के प्रतिनिधि को शक हुआ। कारण कि इससे कंपनी को आर्थिक नुकसान भी सहना पड़ रहा था। इसके बाद कंपनी के प्रतिनिधि ने बाजार से सूचना इकट्ठा करना शुरू किया और पता किया कि आखिर उसके ब्रांडेड खाद्य तेल का निर्माण कौन और कहां कर रहा है। इसके बाद कंपनी के प्रतिनिधि टोटन चक्रवर्ती ने बताया कि पूरी जानकारी इकट्ठा करने के बाद वह एसएसपी सह डीआईजी राजीव मिश्रा से मिला और सारी बातों को बताया। इसके बाद वहां से आलमगंज थाना की पुलिस को निदेशित किया गया। गुरुवार को अपराह्न चार बजे आलमगंज थाना की पुलिस ने गुलजारबाग रोड स्थित दिलीप कुमार के गोदाम में छापेमारी की। यहां से बड़ी मात्रा में खाद्य तेल, खाली डिब्बा सहित अन्य उपकरण बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर खाद्य तेल का स्थानीय स्तर पर पैकिंग कर बेचने का धंधा किया जा रहा था। इसके बाद गठित विशेष टीम ने छापेमारी कर थोक मंडी में चल रहे गोरखधंधे का खुलासा किया है। पुलिस ने यहां से विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के खाद्य तेल, रैपर, पैकिंग में उपयोग आने वाले उपकरण सहित अन्य सामान को बरामद किया है। यह धंधा पिछले काफी दिनों से चल रहा था। हालांकि बताया जाता है कि पुलिस की टीम ने जब संचालक से उक्त विभिन्न ब्रांडेड कंपनी के नाम से निर्माण करने को लेकर कागजात मांगा, तब संचालक इसे उपलब्ध कराने में असफल रहा। पुलिस का मानना है कि तीन मंजिला मकान के अंदर नकली ब्रांडेड कंपनी के खाद्य तेल का निर्माण कर बाजार में बेचने के लिए भेजा जा रहा था। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि अभी छापेमारी चल रही है, जबकि सूची बनने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि कितने का माल बरामद हुआ है और कितने लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिलाएं वट वृक्ष का पूजा कर पति की दीघार्यु होने की कामना की

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत जगह-जगह वट वृक्ष के नीचे अहले सुबह से ही सौभाग्यवती महिलाएं समुहों में वट सावित्री का व्रतधारण कर पहुंची। रंग-बिरंगे परिधानो में पूजा की थाल लिए सौभाग्यवती महिलाएं वट वृक्ष का पूजा कर पति की दीघार्यु होने की कामना की। साथ ही वट वृक्ष का परिक्रमा किया व कथा सुन परम्परानुसार दान पुण्य किया। पूजा के बाद परंपरानुसार पति को पंखा झल कर भोजन कराया। व्रत को लेकर शनिचरास्थान महावीर मंदिर, मैनपुरा, गोलारोड, पेठियाबाजार समेत विभिन्न मोहल्लो में वट वृक्ष के नीचे सुबह से लेकर दोपहर बाद तक श्रद्धालु महिलाओ की भीड़ लगी रही। उधर खगौल में सुहागन महिलाओ ने अखंड सुहाग की कामना को लेकर वट सावित्री व्रत धारण किया। खगौल के छोटी बदलपुरा, जोड़ा तलाव, सब्जी मंडी, लोको कॉलोनी कोथावां मुस्तफापुर गांव में भारी संख्या में भीड़ रही। व्रत धारण करने वाली महिलाओ ने समुह में वट वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना कर परिक्रमा किया। जिसमें सुजाता कुमारी सीमा सिन्हा, सुनीता सिन्हा, डिंपल देवी अर्चना आदि,ने बताया कि पति की लंबी आयु के लिए यह पूजा की जाती है। सावित्री ने यमराज से अपने पति की प्राण वापस लायी थी। उसी प्रकार पति के दीघार्यु होने की कामना से व्रत किया जाता है।

### चोरी के तीन मोटरसाइकिल के साथ एक युवक गिरफ्तार

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत वाहन चोरी की घटना से परेशान पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरी के तीन बाइक बरामद किया। खगौल थाना क्षेत्र में आयो दिन हो रही वाहन चोरी की घटना के बाद वरीय पुलिस पदाधिकरी के निदेशार्नुसार थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक टीम का गठित किया गया। टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी ने सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के आनन्दपुरी से एक युवक को बाइक चोरी का प्रयास करते पकड़ा। जिसकी पहचान भोजपुर के नवादा थाना के क्रिसचन कालोनी न्यू पुलिस लाइन के मुल निवासी साहिल सिंह उर्फ सूरज सिंह के रूप में किया गया। जो वर्तमान में फुलवारी शरीफ मिल्लत कालोनी में रहता है। पुलिस ने पकड़े गये साहिल से पुछताछ शुरु की। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक की स्वीकारोक्ति ब्यान के आधार पर फुलवारी शरीफ मिल्लत कॉलोनी से दो मोटरसाइकिल व एक मोटरसाइकिल खगौल लख के नीचे से तीन बाइक बरामद किया। पुछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर इसमे शामिल अन्य बदमाशो के गिरफ्तारी को लेकर छापामारी किया जा रहा है। जप्त बाइक में एक ब्लू कलर का ग्लैमर, एक हॉण्डा साईन, एक स्पलेण्डर शामिल है। पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दी गई है

### बालू लेकर जा रहे एक हाईवा को किया जब्त

दानापुर नगर के अंतर्गत गोला रोड टी पॉइंट के पास गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अवैध बालू के विरुद्ध थाना क्षेत्र के गोलारोड टी-प्वाइंट के पास से लाल बालू लेकर जा रहे एक हाईवा को जप्त किया। पुलिस ने चालक पालीगंज के चिड़ैयाटांड निवासी सीयाराम कुमार को गिरफ्तार किया। इस बाबत पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दारोगा मणजीत ठाकुर ने बताया कि थाना क्षेत्र के गोलारोड टी प्वाईंट के निकट ओभर लोड लाल बालू लेकर जा रहे एक हाईवा को चालक समेत पकड़ा गया। बिना चलान के बालू लेकर जा रहे हाईवा को जप्त किया गया। चालक से चालान की मांग की गयी पर कोई स्पष्ट जबाब नही दिया गया। जिसके बाद चालक सीयाराम कुमार को गिरफ्त में लिया गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# वर अमावस्या पर दादी जी का श्रृंगार, महिलाओं ने किया मंगल पाठ



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मिरचाई गली स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर परिसर का माहौल भक्तिमय हो गया। मौका था श्री दादी जी भक्त मंडल एवं श्री नारायणी महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में वर अमावस्या के अवसर पर श्री दादी जी का अलौकिक श्रृंगार व मेहंदी उत्सव के साथ महिलाओं द्वारा सामूहिक मंगल पाठ का आयोजन किया गया।

आचार्य लखन शर्मा की देखरेख में दादी जी की पूजा-अर्चना की गई। मंगल पाठ को स्वर दिया दादी भक्त अनिता कानोडिया ने।

दादी जी का मेहंदी अपने आपमें अलग छटा बिखेर रहा था। गुरुवार की विशेष व्यवस्था मनीषा पोद्दार के द्वारा की गई थी। पाठ को सफल बनाने में उर्मिला साह, तारा झुनझुनवाला, कविता पोद्दार, प्रेम डिडवानिया, मारवाड़ी महिला समिति पटना सिटी की सचिव पूजा माखडिया, मंडल के उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश झुनझुनवाला, संजीव देवड़ा, पवन बूबना, राजाराम शर्मा, पप्पू मोदी आदि सक्रिय थे।

# बिक्रम की बेटी श्रुति का नीट में बेहतर प्रदर्शन, 720 में 680 अंक लाकर किया जिले का नाम रोशन

## परिजनों को दिया अपनी सफलता का श्रेय, दी जा रही बधाईयाँ



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी पटना जिले के बिक्रम प्रखंड क्षेत्र के अख्तियारपुर निवासी भार्गवी देवी व चिंटू सिंह की सुपुत्री श्रुति ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एनईईटी (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) में बेहतर प्रदर्शन कर अपने माता-पिता व क्षेत्र का का नाम रोशन किया है। उसे नीट (यूजी) परीक्षा में 720 में से 680 अंक मिले हैं। उनका कैटेगरी रैंक 972 है` श्रुति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों के अलावे माता-पिता व परिजनों को दी है` श्रुति के पिता चिंटू सिंह एक किसान और माँ भार्गवी देवी गृहणी हैं` बधाई देने वालों का लगा तांता` गाँव और आस-पास के इलाकों के लोग अंजलि के घर पहुंच रहे हैं और अंजलि और उसके परिवार को शुभकामनाएं दे रहे हैं। इधर श्रुति के सफलता की खबर मिलते ही क्षेत्रीय मुखिया रीता देवी व जगवंदन सेवा संस्थान के चेयरमैन सह समाजसेवी साकेत सिंह समेत कई अन्यों ने उन्हें मिठाई के साथ बधाई दी हैं` समाजसेवी साकेत ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बिटिया श्रुति की मेहनत रंग लाई है, यह हमारे क्षेत्र सहित सम्पूर्ण बिक्रम वासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने मिठाई बांटकर श्रुति के उज्वल भविष्य की कामना की` वहीं श्रुति ने कहा कि मेरे परिवार के लोगों और कोचिंग के शिक्षकों को मुझसे बहुत उम्मीदें थीं, जिसके मद्देनजर मैंने सभी की उम्मीदों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की है और मेरे दिमाग में अपने देश के लिए कुछ करने का विचार था।

# अखंड सुहाग का पर्व वट सावित्री पूजा संपन्न



प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। गुरुवार को फतुहा के विभिन्न वट वृक्षों के नीचे ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या के अवसर पर महिलाएं वट सावित्री की पूजा की। सुहागन स्त्रियां वट सावित्री व्रत के दिन सोलह श्रृंगार करके सिंदूर, रोली, फूल, अक्षत, चना, फल और मिठाई से सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करती है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है और संतान सुख प्राप्त होता है। महिलायें प्राचीन काल से चली आ रही इस परंपरा के अनुसार अपने पति के दीघार्यु होने के लिए बरगद के पेड़ की पूजा और व्रत करती है। पंडित जी ने बताया कि इसी दिन सावित्री ने यमराज के फंदे से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। मूलतः यह व्रत-पूजन सौभाग्यवती स्त्रियों का है। इस दिन वट (बड़, बरगद) का पूजन होता है। इस व्रत को स्त्रियां अखंड सौभाग्यवती रहने की मंगलकामना से करती हैं। वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा जी, तने में विष्णु और डालियों एवं पत्तों में शिव का वास है। इसके नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा कहने और सुनने से मनोकामना पूरी होती है। सुहाग की सलामती के लिए वट सावित्री पर्व धूमधाम से मनाया गया। बालनाथ, शीशा मिल , फतुहा प्रखंड कार्यालय, कटैया घाट, सोनारू के अलावे दर्जनों बरगद पेड़ों के समक्ष पूजा अर्चना की गयी। महिलायें नए वस्त्र धारण कर बांस का पंखा, पांच प्रकार का पकवान, मौसमी फल आदि ले कर सुबह से ही पूजा करती नजर आई। वट वृक्ष के नीचे पत्ते बाल में लगाकर वर के पत्ते में पूजन सामग्री रखकर पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात वृक्ष में धागा लपेटकर वृक्ष को पंखा झेला उसके बाद वृक्ष से गला लगाकर पूजा संपन्न कर घर पहुंची।

# इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के अनुरूप विकसित होंगे सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

## सभी जिला अस्पतालों का पहले ही हो चुका है गैप असेसमेंट कार्य

- 12 जिलों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गैप असेसमेंट कार्य पूरा
- बचे 26 जिलों को जल्द गैप असेसमेंट करने का दिया गया निर्देश

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राज्य के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के अनुरूप विकसित किया जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य केंद्रों का श्रेणीवार गैप असेसमेंट चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। यह जानकारी राज्य स्वास्थ्य समिति एचएसएस (हेल्थ सिस्टम स्ट्रेथनिंग) के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अभिषेक कुमार सिन्हा द्वारा जारी पत्र के माध्यम से सभी सिविल सर्जन को दी गयी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत होने वाले इस तरह के गैप असेसमेंट से सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सिस्टम सुधारने और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

पत्र के अनुसार, राज्य के सभी जिलों के स्वास्थ्य संस्थानों को इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के अनुसार अपने स्वास्थ्य संस्थानों का गैप असेसमेंट करना है। यह गैप असेसमेंट उन्हें ओडीके टूल किट के माध्यम से करना होगा। ओडीके टूल किट के इस्तेमाल से संबंधित उन्मुखीकरण और प्रशिक्षण सभी जिला के डीपीएम और क्वालिटी असेसमेंट के जिला समन्वयक को दिया जा चुका है। प्रथम चरण में सभी जिला अस्पतालों का गैप असेसमेंट किया जा चुका है। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का गैप असेसमेंट होना है। अभी तक 12 जिलों ने अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की रिपोर्ट किट के माध्यम से दर्ज की है। शेष 26 जिलों को जल्द से जल्द गैप असेसमेंट शुरू करने को कहा गया है।

इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के ये हैं मानक

आईपीएचएस किसी भी स्वास्थ्य संस्थाओं के बहुआयामी विकास के बारे में बात करती है। इसके मानकों में इंफ्रा, ड्रग, ट्रांसपोर्ट, फैसीलिटी के साथ रेफरल लिंकेज, वेस्ट मैनेजमेंट, क्वालिटी एश्योरेंस, पीएचसी स्तर तक की मॉनिटरिंग के साथ अन्य तरह के प्रशासनिक और प्रबंधकीय कार्य शामिल हैं।

# अन्तर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस मनाया



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत रेल मंडल में अंतरराष्ट्रीय समपार जागरूकता दिवस के अवसर पर रेलवे समपार फाटक पर होने वाली दुर्घटनाओं के प्रति जन-सामान्य में जागरूकता पैदा करने के लिये प्रभात फेरी निकाली गई। इस क्रम में मुख्य समपारों लेवल क्रॉसिंग तथा विभिन्न स्टेशनों पर जन जागरण अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क उपयोगकताओं को रेलवे समपारों पर सतर्कता अपनाने से संबंधित नियमों को विशेष रूप से समपार लेवल क्रॉसिंग पार करते समय खतरों के बारे में जागरूक किया गया है। इसी क्रम में मंडल के विभिन्न रेल खण्डों पर स्काऊट एवं गाईड के सदस्यों एवं रेलवे पर्यवेक्षकों द्वारा सड़क उपयोगकताओं को मोटर वाहन से संबंधित संरक्षा बरतने की जानकारी दी गई साथ ही साथ संरक्षा से संबंधित पॉमप्लेट्स का वितरण किया गया।वही दानापुर मंडल साँस्कृतिक संघ के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन के माध्यम से लोगों को सतर्कता एवं स्वयं की सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया। मंडल के सभी मुख्य स्टेशनों पर भी,ऑडियो एवं विडियो क्लिप के माध्यम से लेवल कॉसिंग से जुडे संरक्षा संबंधी जागरूकता का लगातार प्रसारण किया गया।विभिन्न शाखा के रेलवे सुरक्षा बल, वरीय प्रशाखा अभियंता, कनीय अभियंता, यातायात निरीक्षक, संरक्षा सलाहकार, स्काऊट एवं गाईड के द्वारा झाझा डीडीयू, बख्तियारपुरतिलैया,फतुहा - इस्लामपुर,दनियावां,बिहारशरीफ, किऊल-गया,पटना-गया एवं दिलदारनगर - ताड़ीघाट रेलखण्ड में समपार फाटक पर सड़क यात्रियों को काउन्सलिंग किया गया।विभिन्न शाखाओं के निरीक्षक पर्यवेक्षक संरक्षा सलाहकार के द्वारा अनाधिकृत क्रासिंग पर हैण्डबिल का वितरण,सेफ्टी पॉमप्लेट्स का पेस्टिंग तथा अनाधिकृत रूप से रेलवे लाईन पार करनेवाले व्यक्तियों को कुल 65 स्थानों पर काऊन्सलिंग किया गया।

# एनएमसीएच के सर्जन डॉ पीडी वर्मा की यूनिट ने एक माह में किया सौ सर्जरी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एनएमसीएच के सर्जरी विभाग में डॉ पीडी वर्मा के नेतृत्व में पिछले महीने में सौ से अधिक सर्जरी आपरेशन किए हैं। यूनिट-1 का नेतृत्व सर्जन डॉ पीडी वर्मा कर रहे हैं, जिनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व ने इस उपलब्धि को हासिल की है। उनकी सहायता डॉ रानी शर्मा और डॉ नेमांग कोन्याक, जिनकी रोगी देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता अटूट रही है। यूनिट की सफलता का श्रेय स्नातकोत्तर छात्रों में डॉ निलय, डॉ हितार्थ, डॉ सत्यम, डॉ सुलक्षणा, डॉ प्रतीक और डॉ अफजल की मेहनत और समर्पण को दिया जाता है। सर्जिकल टीम में जेनरल सर्जरी ओटी की सिस्टर इंचार्ज नजराना वारसी और ओटी असिस्टेंट ज्ञानदेव का योगदान भी अमूल्य रहा है। इन दोनों की टीम के नेतृत्व के सहयोग के बिना यह संभव नहीं है। की गई सर्जरी में से 94 वैकल्पिक ओटी में आयोजित की गई, जो निर्धारित प्रक्रियाओं के प्रबंधन में यूनिट की दक्षता को प्रदर्शित करती है।

# एक दशक बाद राजद उम्मीदवार डॉ मीसा भारती को पाटलिपुत्र सीट से मिली सफलता, प्रखंड अध्यक्ष ने जताया आभार

## अथक प्रयास कर बिक्रम से करीब 8 हजार से अधिक मतों से दिलाई लीड : दिलीप

प्रात :किरण संवाददाता



बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी` लोस आम निर्वाचन 2024 के परिणाम आते ही क्षेत्रीय नेता मतों की विशलेषण में जुटे हुए हैं । इधर पाटलिपुत्र सीट से करीब एक दशक से लगातार प्रयास के बाद 2024 के चुनाव में करीब 85 हजार से अधिक मतों से महागठबंधन प्रत्याशी डॉ मीसा भारती की जीत हुई` महागठबंधन दलों के कार्यकर्ताओं की माने तो वे पूर्व से ही इसबार एकजुट होकर अपने प्रत्याशी की जीत के लिए संकल्पित थे` चुनाव परिणाम आने के बाद राजद के बिक्रम प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने प्रखंड वासियों के प्रति आभार जताया है। दिलीप ने बताया कि दशकों से प्रयास के बाद बिक्रम की जनता ने राजद उम्मीदवार डॉ मीसा भारती को विक्रम से करीब 8500 मतों से लीड दिलाई है। प्रखंड अध्यक्ष दिलीप ने चुनाव के दौरान बिक्रम के विकास के लिए किए गए वायदे को भी पूरा कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि बिक्रम समेत सम्पूर्ण पाटलिपुत्र क्षेत्र का सवार्गीण विकास के लिए सांसद डॉ मीसा भारती हरएक सफल प्रयास करेंगी `उन्होंने कहा कि बिक्रम की जनता ने जो विश्वास जताया है उनके उम्मीदों पर सदैव खड़ा उतरने का प्रयास किया जाएगा` दिलीप ने मीसा भारती की जीत में बिक्रम के लोगों व पार्टी कार्यकताओं का बड़ा योगदान बताया है।

# शनिदेव के जन्मोत्सव पर किया गया पूजा-अर्चना



- किया गया रुद्राभिषेक, आरती के बाद प्रसाद वितरण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शनि महाराज के जन्मोत्सव पर गुरुवार को परंपरात रूप से मनाई गई। बाहरी धवलपुरा स्थित श्री शनिदेव महाराज जन्मोत्सव समिति की ओर से शनि जयंती पर धार्मिक आयोजन किया गया। विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा मंत्र 4 के बीच पूजा पाठ कराया गया इसके बाद खीर और खिचड़ी के प्रसाद अर्पित किया गया जहां पहुंचे शनि भक्तों ने मंदिर में तीन का तेल और काला तिल डालकर काली बत्ती का दिया जलाने का काम किया भक्तों के बीच खीर और खिचड़ी के प्रसाद का वितरण भी किया गया कलाकारों के द्वारा संस्कृत कार्यक्रम का आगाज हुआ झांकियां भी पेश की गई मंदिर के आसपास मेल सद्दश्य बना था यहां पूजा का सामान के अलावा बच्चों के खिलौने, सौंदर्य प्रसाधन व तरह-तरह के खाद्य पदार्थ के स्टाल लगे थे। पार्षद सुनीता देवी, प्रतिनिधि मनोज कुमार, राजेश मेहता, अजय मेहता, वार्ड पार्षद तारा देवी, रवि रौशन मेहता आदि शामिल थे। इस दौरान मंदिर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष विनोद कुमा बिन्नू, सचिव विपुल कुमार व डब्लू कुमार ने बताया कि शुक्रवार को जागरण होगा। आयोजन में प्रेमजीत लाल, सर्वेश कुमार, सिकंदर कुमार आदि सक्रिय थे। दूसरी ओर मिरचाई गली श्री शनिदेव महाराज मंदिर में आचार्य त्रिभुवन मिश्र ने यजमान बने गौतम कुमार भार्गव से पूजा-अर्चना करायी। आयोजन में अशोक भार्गव, संजय भार्गव आदि शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान के बाद अपराह्न में भंडारा हुआ इसी प्रकार बजरंगपुरी व संदलपुर के समीप स्थित शनिदेव मंदिर में भी विशेष धार्मिक आयोजन किया गया।

# युवक की गोली मारकर हत्या, पुलिस कर रही जांच



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

खाजेकलां थाना क्षेत्र के नवाब बहादुर रोड में जग्गी की चौराहा मोड़ पर गुरुवार अपराह्न बेखौफ अपराधियों ने युवक को गोली मार दी। जमीन के कारोबार से जुड़ा करीब 50 साल का मो औरंगजेब उर्फ मुनमुन को गोली मारी गई है। वह जग्गी का चौराहा का मोगलपुरा मुहल्ला का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपराह्न के समय मोड़ पर खड़ा था। इसी दौरान तीन -चार की संख्या में आए अपराधियों ने उसे घेर लिया और सिर में सटा कर गोली मार दिया। खून से लथपथ होकर वह मो औरंगजेब उर्फ मुनचुन जमीन पर गिर गया। इसी बीच में अपरधी हथियार लहराते वहां से भाग निकले। घटनास्थल पर पहुंचे परिजन व मुहल्ला के लोगों ने घायल मो औरंगजेब को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। यहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर खाजेकलां थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना पुलिस बल के साथ पहुंचे और मामले की जांच-पड़ताल शुरू की। घटना स्थल पर पहुंचे डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में यह बात सामने आयी है कि मृत युवक का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी में इस घटना घटना हुई प्रतीत हो रहा है। पुलिस घटना से जुड़े हर बिंदु पर छानबीन कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटनास्थल पर खोखा भी बरामद किया गया है। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

# कबीर के राम सबसे न्यारे:महाराज

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। कबीरपंथी आश्रम मीठापुर में आयोजित कबीर कथा के छठवें दिवस पर कथावाचक आचार्य गद्दी कबीर पीठ फतुहा के संरक्षक आचार्य मंहथ ब्रजेश मुनी महाराज ने कबीर कथा में सदगुरु कबीर साहेब की कथा का प्रसंग वर्णन करते हुए कहा- एक राम दशरथ का बेटा, एक राम घट-घट में बैठा। एक राम का सकल पसारा, एक राम सबहूँ से न्यारा । कबीर साहब कहते हैं राम चार प्रकार के हैं, एक राम-तो राजा दशरथ के पुत्र थे जिन्होंने यहां राज किया। वो एक आदर्श पुत्र, आदर्श पति, आदर्श भाई तथा आदर्श राजा थे जब भी हम अपने मुल्क की बेहतरी की दुआ करते हैं तो यही कहते हैं कि यहां राम राज्य हो जाये। दूसरा वो राम है, जो हमारे घट-घट में बैठा है और म वो है हमारा मन। उसका काम है कि वो हमें परमार्थ के रास्ते में तरक्की करने दे, यद्यपि हमारा मन भी ब्रह्म का अंश है, ब्रह्म का स्रोत है। परन्तु क वह अपने स्रोत को भूल चूका है और संत हमें समझाते हैं कि मन बैरी को मीत कर। तीसरा वो राम है जिसका ये सारा पसारा है इसमें माया भी है, काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार भी है बाकी भी हर तरह की कशिश है, हमें इनसे बचने का प्रयास करना है करना चाहिए। चौथा राम सबसे न्यारा है।

# ट्रक का ब्रेक फेल, अनियंत्रित हो मालवाहक ऑटो में मारी टक्कर



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दीदारगंज थाना क्षेत्र के बाईपास में गुरुवार को पूर्वाह्न में एक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर एक मालवाहक ऑटो से टकरा गया। दोनों वाहन के बीच टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाड़ी के आगे के हिस्से के परखचे उड़ गए। इस बीच मालवाहक ऑटो का वाहन से चालक दब गया था। उसे किसी तरह से लोगों ने बाहर निकाला। हालांकि दोनों चालकों की स्थिति ठीक है। ट्रक फतुहा से आ रहा था, जबकि फतुहा की ओर मालवाहक ऑटो जा रहा था। टक्कर की घटना के बाद लोगों में आक्रोश उत्पन्न हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दीदारगंज थाना की पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। हालांकि इस दौरान करीब आधा-एक घंटे तक वाहनों के परिचालन पर असर पड़ा।

# परिमार्जन प्लस नाम से नया पोर्टल शुरू, जमाबंदी में हुई त्रुटियों का होगा निवारण

## गड़बड़ियों को दूर करने में नया पोर्टल से मिलेगी मदद : जायसवाल

● राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की नई पहल,आमलोगों को मिलेगी राहत

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



डिजिटाइजेशन के दौरान जमाबंदी में हुई त्रुटियों के निवारण के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने नई पहल की है। इसके लिए परिमार्जन प्लस नाम से एक नया पोर्टल शुरू किया जा रहा है। इस पोर्टल के जरिए विभाग ने डिजिटाइजेशन के दौरान हुई गलतियों के अलावा मिसिंग इंट्री को भी दर्ज करने की सुविधा दी है। नई व्यवस्था के तहत रैयत को अपने नाम, पिता के नाम, जाति के साथ पता में हुई त्रुटि; डिजिटाइज्ड जमाबंदी में दर्ज खाता, खेसरा, रकवा एवं चौहद्दी में त्रुटि या प्रविष्टि का न होना एवं लगान संबंधी विवरणी में सुधार करवाने का मौका दिया गया है। त्रुटि में सुधार की यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। रैयत का नाम/पिता का नाम मूल जमाबंदी से भिन्न होने पर त्रुटि सुधार मूल जमाबंदी के अनुसार किया जाएगा। पता एवं जाति में सुधार अंचल अधिकारी द्वारा दस्तावेजों के सत्यापन के आधार पर किया जाएगा। अगर पिता का नाम मूल जमाबंदी में अंकित नहीं है तो साक्ष्य के आधार पर अंकित किया जा सकेगा। अगर मूल जमाबंदी में खाता, खेसरा और रकवा अंकित है तो त्रुटि निवारण उसके आधार पर होगा। परंतु मूल जमाबंदी में खाता, खेसरा और रकवा अंकित नहीं होने की स्थिति में अंचल अधिकारी रैयत द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर त्रुटि सुधार या छूटी हुई विवरणी को दर्ज करेंगे। इसके लिए अंचल अधिकारी भौतिक निरीक्षण एवं भूमि की मापी भी करवा सकता है। लगान की राशि, वर्ष एवं इससे संबंधित प्रविष्टि में सुधार मूल जमाबंदी पंजी में अंकित अंतिम लगान की विवरणी या रैयत द्वारा समर्पित लगान रसीद के सत्यापन के उपरांत किया जाएगा। पहले यह सुविधा उपलब्ध नहीं थी। पहले परिमार्जन में साक्ष्य के आधार पर कुछ भी नया जोड़ने की अनुमति नहीं थी सिर्फ मूल जमाबंदी में दर्ज विवरणी के आधार पर ही डिजिटाइज्ड जमाबंदी में सुधार किया जाता था। इसके लिए विभाग ने परिमार्जन पोर्टल में कई आवश्यक सुधार किए हैं। आवेदन करने हेतु रैयत सबसे पहले अपने आप को बिहार भूमि पोर्टल पर रजिस्टर कर लॉगिन करेगा एवं परिमार्जन मेनू पर क्लिक करेगा। फिर डिजिटाइज्ड जमाबंदी पर क्लिक कर पुरानी जमाबंदी में सुधार के विकल्प को चुनेगा। इसके बाद रैयत को अपने नाम, पिता का नाम, पता, खाता, खेसरा, चौहद्दी एवं लगान में सुधार से संबंधित विकल्प मिलेगा। जितने बदलाव हेतु आवेदन करना है, उन्हें सेलेक्ट करने पर तत्संबंधी वर्तमान विवरणी स्क्रीन पर प्रदर्शित हो जाएगी एवं अभ्यावेदन को मकपज करने की सुविधा मिलेगी। पूर्ण रूप से भरे हुए विवरण को अंचल अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। आवेदक द्वारा भरे गए विवरणी की जांच संबंधित हल्का के राजस्व कर्मचारी द्वारा किया जाएगा। जांच में आवेदन अधूरा पाया जाता है या उसमें पर्याप्त साक्ष्य का अभाव है तो उसे कारण सहित अंचल अधिकारी के माध्यम से संबंधित रैयत को लौटा दिया जाएगा। किन्तु आवेदक द्वारा दुबारा सुधार के पश्चात जमा किए गए आवेदन को पुनः आवेदक को लौटाने का विकल्प अंचल अधिकारी के समक्ष नहीं होगा। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि जमाबंदी को ऑनलाइन करने के दौरान कई प्रकार की गलती हुई थी। कई प्रकार की प्रविष्टि जमाबंदी में थी ही नहीं। इसमें रैयतों की कोई गलती नहीं थी। इसके कारण आम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। परिमार्जन प्लस से इन गड़बड़ियों को दूर करने में मदद मिलेगी और आमलोगों को राहत मिलेगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह द्वारा राज्य के सभी प्रमंडलीय आयुक्त और समाहर्ता को लिखे पत्र में परिमार्जन प्लस पोर्टल पर प्राप्त सभी मामलों को विशेष अभियान चलाकर निष्पादित करने का निदेश दिया गया है। साथ ही इस मामले में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों/अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही है।

# जनता ने एनडीए के पक्ष में दिया स्पष्ट जनादेश : उमेश

● बोलें- सत्ता में आने के लिए व्याकुल है विपक्ष

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को बयान जारी कर विपक्ष पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश व बिहार की जनता ने एनडीए के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं इंडी गठबंधन बहुमत के आँकड़े से काफी दूर है फिर भी विपक्ष जनादेश के विरुद्ध जाकर पिछले दरवाजे से सत्ता हासिल करने के असफल प्रयास में जुटा हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेतागण लाख कोशिश कर लें लेकिन केंद्र में सरकार बनाने का उनका दिवास्वप्न कभी पूरा नहीं होगा। देश की जनता ने तीसरी बार एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत दिया है, केंद्र में श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की ही सरकार बनेगी। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि इस चुनाव में देश एंव बिहार की जनता ने विपक्ष के नकारात्मक राजनीति को सिरे से नकार दिया। चुनाव परिणाम से विपक्ष को सबक लेने की जरूरत है कि होशियार जनता सच और झूठ के अंतर को बखूबी जानती है। तेजस्वी यादव ने बिहार में सरकारी नौकरी और जातीय गणना के मुद्दे पर जनता में भ्रम फैलाने की पूरी कोशिश की, 17 महीने का ढोल पीटकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कामों का झूठ श्रेय लेना चाहा लेकिन बिहार की महान जनता ने राजद को महज 4 सीटों पर समेटकर उनके झूठ की दुकान पर ताला जड़ दिया। दुष्प्रचार के सहारे जनता को भ्रमित कर वोट बटोरने की नापाक साजिश राजद के लिए नुकसानदेह साबित हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बिहार की जनता खासकर महिला मतदाताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास और सुशासन की राजनीति पर मुहर लगाई है। डबल इंजन की एनडीए सरकार जनहित के क्षेत्र में पूरी ईमानदारी से काम करेगी और जनता के भरोसे पर शतप्रतिशत खरा उतरेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ साल बिहार के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं, केंद्र और राज्य में एनडीए की सरकार होने से बिहार के विकास को नए पंख लगेंगे।

# न्याय के साथ सतत विकास एनडीए सरकार का मूलमंत्र : विजय

● बोलें- विकसित भारत के संकल्प में होगी बिहार की अहम भूमिका

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अगले कुछ दिनों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण के साथ ही देश विकसित भारत के संकल्प की दिशा में तेजी से अग्रसर हो जाएगा । बिहार में भी डबल इंजन की सरकार आचार सहिंता के बंधनों से मुक्त होकर नई ऊर्जा और उमंग के साथ विकास कार्यों में फिर से जुट जाएगी। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि मोदी जी ने कई बार कहा है कि विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने में देश के पूर्वी हिस्से की भूमिका अहम होने वाली है। इस लिहाज से देखा जाए तो आने वाले दिनों में देश के तीव्र विकास में बिहार का विकसित होना भी लाजमी है। 2005 में बिहार को जंगलराज से निजात दिलाकर जबसे मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी है तबसे हमने न्यायपूर्ण सतत विकास को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार में महिलाओं और युवाओं के नेतृत्व में विकास की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में जब से एनडीए की सरकार बनी है तब से लेकर आजतक महिलाएं हमारी सरकार की नीतियों के केंद्र में रही हैं। जिसका असर आज महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों पर बेहद सकारात्मक रहा है। उसी तरह आज हमारा राज्य देश के सबसे युवा राज्यों में से है। इसलिए हमारे पास जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ उठाने का अवसर है। श्री सिन्हा ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री और राज्य में मुख्यमंत्री दोनों भ्रष्टाचार और भेदभाव से मुक्त सुशासन के लिए संकल्पबद्ध हैं। दोनों ही नेता महिला और युवाओं की केंद्रीय भूमिका के साथ विकास के पक्षधर रहे हैं। अतः आने वाले दिनों में समाज के इन दोनों वर्गों को विशेष रूप से लक्षित करते हुए शांति और समृद्धि से सम्पन्न बिहार बनाने के लक्ष्य की दिशा में हम तेजी से बढ़ेंगे।

# नमो-नीतीश की जोड़ी से और तेज होगा विकासः राजीव

● कहा-एनडीए 3.0 में कई नए कीर्तिमान बनेंगे और कई ध्वस्त होंगे

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि लोगों ने नमो-नीतीश पर विश्वास जता कर एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि उन्हें वंशवाद नहीं बल्कि विकास पसंद है। लोग जानते हैं कि नमो-नीतीश जैसे राजनेताओं के लिए राष्ट्र और जनता प्रथम है। दोनों के सुशासन में देश और राज्य में हुए क्रांतिकारी बदलावों से भी सभी परिचित हैं। इसलिए सभी को विश्वास है कि नमो-नीतीश की जोड़ी से देश और राज्य का विकास और तेज गति से होगा। एनडीए 3.0 में कई नए कीर्तिमान बनेंगे और कई ध्वस्त होंगे। नमो-नीतीश द्वारा बिहार के हित में किये गये कामों को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि याद करें तो राजद-कांग्रेस की केंद्र सरकार के समय 2004-14 तक बिहार को 2 लाख 4 हजार करोड़ की राशि दी गयी थी, जिसमें से अधिकांश इनके घोटालों और कमिशनखोरी की भेंट चढ़ गये। वहीं नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद बिहार को 7 लाख करोड़ से अधिक यानी यूपीए काल से 3 गुणा ज्यादा की राशि प्रदान की गयी है। इसके अतिरिक्त मोदी सरकार ने 2015 में बिहार की आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए 1.25 लाख करोड़ का विशेष पैकेज भी दिया गया। 9500 करोड़ की लागत से बरौनी में एचयूआरएल का उर्वरक संयत्र की स्थापना की गयी, साथ ही मुद्रा, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि व उज्वला जैसी योजनाओं का लाभ भी बिहार वासियों को जम कर मिला। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि इसी तरह श्री नीतीश कुमार ने प्रदेश से राजद-कांग्रेस के जंगलराज का खात्मा कर विकास की नयी धारा की शुरूआत की। यही वजह है कि 2004-05 की तुलना में राज्य का बजट दस गुणा अधिक हो चुका है। नीतीश की नीतियों से ही आज बिहार की 10.64 की विकास दर से देश का तीसरा सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बना हुआ है। यह देश की विकास दर से भी तेज है। राजद-कांग्रेस के कुशासन में बिहार की प्रति व्यक्ति आय 14 हजार रु सालाना थी, वह नीतीश कुमार के सुशासन में बढ़कर 54 हजार से अधिक हो चुकी है। यदि राजद-कांग्रेस का जंगलराज नहीं होता तो यह 95 हजार से अधिक रहता। एनडीए के तीसरे कार्यकाल में देश का विकास और तेजी से होने का दावा करते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान एनडीए सरकार में जितने भी दल हैं सभी राष्ट्र और जनता के प्रति समर्पित हैं। सभी का एकमात्र ध्येय जनता का विकास करना है। इसलिए सभी दलों के सहयोग से एनडीए के तीसरे कार्यकाल में देश और बिहार विकास के पथ पर और तेजी से दौड़ लगाने वाला है। इस बार कई नए कीर्तिमान बनेंगे और कई ध्वस्त होंगे।

# राजद कार्यालय में धूमधाम से मनी रघुवंश बाबू की जयंती

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**




पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक सदस्य, समाजवादी नेता, मनरेगा मैन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह की जयंती राजद के राज्य कार्यालय में राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर मनायी गयी। इस अवसर पर अपने संबोधन में जगदानन्द सिंह ने कहा कि रघुवंश बाबू हमेशा गरीबों, मजदूरों के सामाजिक उत्थान के प्रति सोच रखे और कार्यकताओं के मान-सम्मान और अधिकार दिलाने के प्रति हमेशा सजग रहे। इनके इसी सोच का परिणाम है कि मनरेगा के माध्यम से गांव में रहने वाले खेतिहर मजदूरों को मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराया गया। और इन्होंने हमेशा इन वर्गों के प्रति अपनी चिंता रखी और इनके लिए जो कार्य किया है वो हमेशा याद रखा जायेगा। आज भी गरीब, मजदूर, किसान और कार्यकताओं के सम्मान के प्रति ये प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, बीनु यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद कुमार यादवेंदु, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरुण कुमार यादव, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव देव किशुन ठाकुर, प्रमोद कुमार राम, मो फैयाज आलम कमाल, खुर्शीद आलम सिद्दीकी, मुकुंद कुमार सिंह, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, संजय यादव, गुलाम रब्बानी, जेम्स कुमार यादव, अरविन्द कुमार साहनी,राजेश यादव,कुमर राय, प्रोफेसर प्रमोद कुमार सिंह, जोगिंदर प्रसाद यादव, विनोद कुमार यादव, कृष्णा शर्मा, उपेंद्र चंद्रवंशी, शिवेंद्र तांती, कुमारी अनुपम सिन्हा, रामानंद प्रसाद, सतीश भाई, अजय यादव सहित सैंकड़ों की संख्या में नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की।

# विपक्ष को परेशान होने की जरुरत नहीं: हिमराज

पटना। जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने मीडिया में बयान जारी कर विपक्षी आरजेडी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हमारे माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी बिहार के विकास और राज्य की बेहतरी के लिए दिन रात काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों को राज्य के लिए विशेष राज्य और विशेष राज्य के दर्जे की चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी और हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सालों से बिहार के लिए विशेष दर्जे की जायज मांग की है। विपक्षी पार्टियों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आज भी हमारी पार्टी बिहार को विशेष दर्जे की मांग पर कायम है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए हमारी पार्टी और हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कई बार इस मांग को दोहराया है। प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य के दर्जे के नाम पर केवल राजनीति करने वाली आरजेडी को ये बताना चाहिए कि जब यूपीए सरकार में आरजेडी खुद भागीदार थी तभी उसने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिलाया?

# नवनिर्वाचित सांसद सुधाकर सिंह का राजद कार्यालय में स्वागत



**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

राजद के प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को बक्सर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद सुधाकर सिंह का स्वागत किया गया। पार्टी राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, अरुण कुमार यादव, प्रदेश महासचिव मुकुंद सिंह,फैयाज आलम कमाल, प्रमोद कुमार राम, डॉ प्रेम कुमार गुप्ता, गुलाम रब्बानी, संजय यादव,युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार साहनी, कुमर राय, जेम्स कुमार यादव,योगेन्द्र यादव, प्रो प्रमोद कुमार सिंह,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र चंद्रवंशी, शिवेंद्र कुमार तांती, मनोज कुमार यादव,अजय यादव सहित राजद के अन्य नेताओं ने बुके और शॉल देकर स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने कहा कि लालू जी बराबर कहते हैं कि भाजपा को कंधा देने के लिए चार लोगों की ही आवश्यकता है और अपने राजद चार सांसदो के माध्यम से पुरा कर देगी और भाजपा इस बार एहसास करा देगी। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद बताया कि लोगों के बीच मिठाइयां और मनेर का लड्डू वितरित किया गया। भाजपा के नेता जो अपने भाषणों में मनेर के लड्डू खिलाने का सपना दिखा रहा थे, उनका सपना धाराशायी हो गया और जनता ने पाटलिपुत्र में बदलाव करके उनको स्पष्ट संदेश दे दिया।

# बैसाखी के सहारे खड़ी है मोदी की सरकार : शिवानंद



पटना। राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने भाजपा पर तंज कसा है। श्री तिवारी ने गुरूवार को बयान जारी कर कहा है कि इस बार मोदी की सरकार बैसाखी के सहारे खड़ी है। इंडिया गठबंधन बढ़ा है। एनडीए गठबंधन घटा है। खुद प्रधानमंत्री जी का वोट अप्रत्याशित ढंग से नीचे आया है। श्री तिवारी ने आगे कहा कि 2019 के चुनाव में मोदी जी ने अपने क्षेत्र वाराणसी से लगभग चार लाख अस्सी हजार मतों से जीत हासिल की थी। इस चुनाव में महज एक लाख बावन हजार वोट से जीत पाए। इतना ही नहीं बल्कि गिनती के शुरूआती दौर में वे कुछ घंटे तक पीछे भी रहे। जबकि उस क्षेत्र की सभी सीटों पर भाजपा के ही विधायक हैं। मेयर भी उन्हीं का है। लखनऊ में बुलडोजर बाबा हैं ही। इन सबके बावजूद प्रधानमंत्री जी के मतों में इतनी भारी गिरावट क्या दर्शाता है ! सबसे चकित करने वाली बात यह है कि अयोध्या में दो बार के भाजपा सांसद लल्लू सिंह भी चुनाव हार गए। जबकि अयोध्या में प्रधानमंत्री के रोड शो में वे उनके बगल में ही खड़े होकर हाथ हिला रहे थे। शायद रामजी को भी मालूम हो चुका है कि इनकी भक्ति दिखावा भर है। इनकी असली भक्ति तो वोट में है। इसलिए अयोध्या में इनको हराकर वहाँ से एक दलित प्रत्याशी को जीत दिला कर राम जी ने जता दिया कि वे किसके साथ हैं। बिहार में लोकसभा के पिछले चुनाव में भाजपा गठबंधन को चालीस में उनचालीस सीट मिली थी। इस बार उनकी आठ सीट घट गई। बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, कर्नाटक आदि में भी भाजपा घट गई। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन लगभग दोगुना हो गया। इस बार मोदी जी की सरकार बैसाखी के सहारे खड़ी होगी। इसलिए सर्वशक्तिमान जैसी जो आजादी मोदी जी को पहले थी, वह तो अब सपने में भी मुमकिन नहीं है। लोकतंत्र के लिए यह शुभ है।

# युवक का शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी



पटना। सूबे में एक बार फिर अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं का अंजाम दे रहे हैं। हत्या, लूट, रंगदारी, और गोलीबारी जैसे घटनाएं आम हो गई हैं। राज्य के अलग-अलग हिस्सों से लगातार इस तरह की घटनाएं हर दिन सामने आ रही हैं। ताजा मामला राजधानी पटना से सटे बिहटा थाना क्षेत्र से सामने आया है। जहां दो दिन से लापता युवक का शव बिहटा थानाक्षेत्र के पैनल बधार में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी है। मृतक की पहचान बिहटा थानाक्षेत्र के रामपुर इस्माइल बहपुरा गांव निवासी विश्वनाथ प्रसाद के 18 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कुंदन दो दिन पहले घर से निकला था और वापस लौटकर घर नहीं आया। बुधवार की देर रात पैनल गांव के बगीचा के पास एक बोरिंग से कुंदन का शव मिला है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। उधर, कुंदन की मौत की खबर मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के चाचा बिल्ली यादव ने बताया कि बीते दो दिन से कुंदन लापता था। परिजनों ने बिहटा थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने अगर सही समय पर एक्शन लिया होता तो शायद आज यह घटना नहीं होती। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

# 29 से 03 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन

● 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**

29 जुलाई से 03 अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में विशेष लोक अदालत का आयोजन होगा। 13 जुलाई शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के तत्वाधान में पटना जिला के व्यवहार न्यायालय पटना सदर तथा उसके अनुमंडलों यथा पटना सिटी, दानापुर, बाढ़, मसौढ़ी तथा पालीगंज के प्रांगण में 13 जुलाई को 10:30 बजे पूर्वाह्न से होगा। इस लोक अदालत में संधि-योग्य वादों का निष्पादन सुलह के आधार पर किया जाएगा। जिला पदाधिकारी- सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पटना ने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को लोक अदालत का वृहत स्तर पर प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया है। उन्होंने सभी अंचलों, अनुमंडलों एवं जिला के सार्वजनिक स्थलों पर इसका प्रचार-प्रसार करने का निदेश दिया है ताकि आम जनता इसका अधिक-से-अधिक फायदा उठा सकें। इस लोक अदालत में किसी भी प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं है। सभी वादकारीगण 29 जुलाई से 03 अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में एवं 13 जुलाई को अपने क्षेत्र के व्यवहार न्यायालय प्रांगण में उपस्थित होकर अपने मुकदमों का निस्तारण समझौते के आधार पर कराने का सुअवसर प्राप्त करें।

# इग्नू में सत्रांत परीक्षा 7 से 15 जुलाई तक

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



इंदिरा गॉधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के छात्रों का सत्रांत परीक्षा जून 07 जून से शुरू होने जा रही है जो 15 जुलाई तक चलेगी। इस हेतु पूरे भारतवर्ष में विश्वविद्यालय ने कुल 53,56,232 परीक्षार्थी हेतु 891 परीक्षा केन्द्र बनाये है। इनमें अनेक परीक्षा केन्द्र विदेशों में एवं विभिन्न कारागारों में बनाये गये है। पटना क्षेत्रीय केन्द्र के अधीन कुल 30 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है उनमें 03 परीक्षा केन्द्र पटना शहर एवं 08 परीक्षा केन्द्र केन्द्रीय एवं जिला कारागारों में बनाये गये है। पटना क्षेत्रीय केन्द्र के अधीन कुल 381224 से अधिक छात्र इस परीक्षा में शामिल होगें। जिन परीक्षार्थियों के पास इग्नू पहचान पत्र नहीं है, उन्हें अन्य वैघ पहचान पत्र जैसे आधार, मतदाता पहचान पत्र और सरकार द्वारा जारी अन्य पहचान पत्र के साथ परीक्षा में शामिल हो सकते है। 18 जून को आयोजित होनेवाली सत्रांत परीक्षा, जून 2024 की सभी परीक्षाओं को 23 जून को पुनर्निर्धारित किया गया है एवं 11जून को शाम में होने वाली बीएसकेजी178 की परीक्षा भी अब 15 जून शाम के लिए पुनर्निर्धारित की गई है। उसी तरह 09 जुलाई शाम को आयोजित होने वाली बीईजई -101 और बीएचडीई -101 की परीक्षाओं को 15 जुलाई की शाम को पुनर्निर्धारित किया गया है। सभी परीक्षार्थियों से अनुरोध है कि वे संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अपने संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाओं में शामिल हों। सत्रांत परीक्षा में शामिल होने हेतु सभी योग्य परीक्षार्थियों को हॉल टिकट; परीक्षा सूचना पर्ची जारी कर दिया गया है। हॉल टिकट इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से हॉल टिकट डाउनलोड कर सकते है और परीक्षा में शामिल हो सकते है। परीक्षा केन्द्रों को यह निर्देश भी दिया गया है कि अगर किन्हीं परीक्षार्थी के पास हॉल टिकट नहीं है और उनका नाम केन्द्र के परीक्षार्थियों की सूची में मौजूद हैं तो उन्हें वे शामिल करें। परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा हॉल में विश्वविद्यालय द्वारा जारी पहचान-पत्र अवश्य लेकर प्रवेश करें। परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन या इलेक्ट्रानिक गजट ले जाने की अनुमति नहीं है।

# लोकसभा चुनाव का परिणाम आगामी विधानसभा चुनाव का मार्ग किया प्रशस्त : सम्राट

## बोलें-लोकसभा में बिहार को 75 फीसदी मार्क्स मिला, हारी हुई सीटों की होगी समीक्षा

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे इस बार चौंकाने वाले आए हैं। देश की जनता ने किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं दी है। जिसके कारण बीजेपी को सरकार बनाने के लिए टीडीपी और जदयू पर निर्भर रहना होगा। हालांकि एनडीए गठबंधन तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने में सफल रही। एनडीए 7 जून को सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। वहीं 9 जून को पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री का शपथ ले सकते हैं। वहीं इसके पहले बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने बड़ा बयान दिया है। सम्राट चौधरी ने कहा है कि 2025 की विधानसभा चुनाव बीजेपी सीएम नीतीश के नेतृत्व में ही लड़ेगी। साथ बिहार में बीजेपी को जिन सीटों की नुकसान हुई है उनकी समीक्षा की जाएगी। दरअसल, बिहार में एनडीए को 9 सीट नुकसान हुआ है। एनडीए के हिस्से में इस बार मात्र 30 सीट आई है। जिसको लेकर सम्राट चौधरी ने कहा कि, लोकसभा में बिहार को 75 फीसदी मार्क्स मिला। पहले 6 फेज में हम लोगों को 28 सीट दे रहे थे। हमलोगों ने चुनाव आयोग के नेतृत्व में हम चुनाव लड़े। और बिहार की जनता ने बीजेपी को, एनडीए को सीएम नीतीश के नेतृत्व में 75 प्रतिशत मार्क्स दिया है। 25 फीसदी हमारी हार हुई है। इसकी समीक्षा की जा रही है। जिन सीटों पर हारे हैं, उसको लेकर समीक्षात्मक बैठक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, हम और अधिक अच्छा कर सकते थे, हमारी उम्मीद थी कि हम 39, 40 सीट जीते। वहीं जदयू के बयान की सीएम नीतीश के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव 2025 लड़ा जाएगा पर सहमति दिखाते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि, इसमे दिक्कत क्या है। हम लोग सीएम नीतीश के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेंगे। वर्ष 1996 से हम सीएम नीतीश के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। आगे भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ेंगे। मालूम हो कि, बीते दिन जदयू ने साफ किया था कि विधानसभा चुनाव 2025 सीएम नीतीश के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। जेडीयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने बुधवार को कहा कि 2024 के लोकसभा इलेक्शन रिजल्ट ने 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव का मार्ग भी प्रशस्त कर दिया है। नीतीश के करीबी मंत्री विजय चौधरी ने बुधवार को कहा कि बिहार को विशेष पैकेज और मदद मिलनी चाहिए, हमलोगों की यह मांग आज भी कायम है। बिहार में एनडीए के प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया है कि नीतीश के नेतृत्व के प्रति जनता का भरोसा उसी तरह से कायम है जो साल 2005 और 2010 में हुआ करता था।

# जनता ने तानाशाही, झूठ और जूमलों को दी करारी हार : तेजस्वी

## बोलें-रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए काम करता रहूंगा

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



दिल्ली में इंडी गठबंधन की बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष व पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर इंडी गठबंधन के नेताओं के साथ तस्वीर साधा की। उन्होंने लिखा कि 2024 लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद नई दिल्ली में इंडी गठबंधन के शीर्ष नेताओं के साथ आगे की कार्ययोजना, रूपरेखा एवं रणनीति को लेकर आयोजित बैठक में सम्मिलित हुआ। तेजस्वी यादव ने लिखा कि हमलोग अपने जनकल्याणकारी मुद्दों पर अडिग हैं। बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, पलायन, नफरत और गरीबी के कष्ट से देश-प्रदेश को मुक्त कराना है एवं तानाशाही के चंगुल से संविधान, लोकतंत्र और आपसी भाईचारे को बचाना है। पूरे देश ने मिलकर भारत के वास्तविक मिजाज, लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण की रक्षा की है। तमाम जांच एजेंसियों, पक्षपाती आयोग, गोदी मीडिया, सरकारी मशीनरी, असीमित संसाधनों एवं साजिशों के साथ चुनाव लड़ रहे खुद को विश्व विजेता मानें लेकिन सच यही है कि देश और बिहार की जनता ने इंडी गठबंधन के साथ मिलकर तानाशाही, झूठ, जुमलों और प्रपंच को करारी हार दी है। तेजस्वी यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में सत्ता और सरोकार परिवर्तन में सकारात्मक लक्षण दिखेंगे। हम बिहार में 7-8 सीट कम मार्जिन से हारे हैं लेकिन हमने बहुजन पिछड़े और प्रगतिशील धारा की एक बड़ी नींव रख दी है। देखते रहिए अभी और कुछ बेहतर देखने को मिलेगा। अंत में तेजस्वी ने लिखा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपकी हर अपेक्षा पर खरा उतरूंगा। आपके रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पूर्ण मनोयोग से काम करता रहूंगा।

# गोपालगंज सुरक्षित सीट : 2024 में भी नोटा ने रिकॉर्ड बनाया

**पटना, प्रात : किरण संवाददाता**



गोपालगंज सुरक्षित संसदीय सीट पर लोकसभा चुनाव का परिणाम हमेशा से सुर्खियों में रहा है। कभी राजद सुप्रीमो के गृह जिला को लेकर तो कभी नोटा को लेकर। 2019 के चुनाव की तरह इस बार 2024 में भी नोटा ने रिकॉर्ड बनाया है। अंतर सिर्फ इतना रह गया कि पिछली 2019 के चुनाव में देशभर में सर्वाधिक नोटा को वोट गोपालगंज में मिला था, लेकिन इस बार इंदौर ने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हालांकि, नोटा ने स्टेट स्तर पर इस बार भी अपना रिकॉर्ड कायम रखा। प्रदेश भर में 40 सीटों पर नोटा को सर्वाधिक वोट गोपालगंज सीट पर मिला है। ऐसा क्यों हो रहा, किसी भी पार्टी या प्रत्याशी ने इसपर मंथन नहीं किया। चुनाव से पहले वोट बहिष्कार की खबरें इस बार भी आती रहीं लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधि किसी ने भी इसकी सुध नहीं ली। मतदान के दिन भी लोगों ने वोट का बहिष्कार किया और कई बूथों पर वोट डालने तक नहीं गए। गोपालगंज लोकसभा के भोरे विधानसभा स्थित बूथ नंबर 367 प्राथमिक विद्यालय मिश्रौली के मतदाता चंद्रशेखर पांडेय ने बताया कि प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी से हमने नोटा को अपना मत देकर विरोध किया। चार जून को चुनाव परिणाम आने के बाद नोटा ने सभी को चौंका दिया और मंथन करने पर मजबूर कर दिया। हालांकि, इस बार पिछली बार के चुनाव के मुकाबले नोटा को आठ हजार 797 वोट कम मिले हैं। चुनाव परिणाम के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2024 के चुनाव में नोटा को 42 हजार 863 वोट मिले हैं। वहीं, 2019 के लोकसभा चुनाव में नोटा को 51 हजार 660 वोट मिले थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दहेज हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

वैशाली ।थाना क्षेत्र के चकबुल्ला सदोपुर से नव विवाहिता गर्भवती जया कुमारी की दहेज के लिए हत्या के तीन नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है । इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि वैशाली थाना कांड 161/21दिनाँक 2 मई 24 में गिरफ्तार किया गया है ।जया कुमारी के पिता लालदेव महतो ग्राम दुवियाही थाना तुर्की जिला मुजफ्फरपुर ने अपने लड़की जया कुमारी की हत्या की सूचना दी थी ।इस सम्बंध में लालदेव महतो ने थाना में दिये आवेदन में मृतक के पति धीरज कुमार, देवर ,ससुर जलेश्वर महतो एवं सास राजपति देवी को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी ।जया कुमारी की शादी हिंदू रीति रिवाज से धीरज कुमार के साथ दिनाँक 09 दिसम्बर 2023 को किया था ।शादी के बाद दो लाख नगद ,सोने का चेन एवं अपाची गाड़ी की मांग की जा रही थी ।इसके लिए जया कुमारी को मानसिक एवं शारिरिक प्रताड़ना दी जाती थी ।सभी गिरफ्तार आरोपी को वैशाली पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया ।

### स्वर्गीय रघुवंश प्रसाद सिंह की जयंती मनाई गई

सराय ।स्वर्गीय रघुवंश प्रसाद सिंह की 77 में जयंती बड़ी धूमधाम से हाजीपुर के भगवानपुर में मनाया गया । पूर्व जिला पार्षद एवं राष्ट्रीय जनता दल के नेता केदार प्रसाद यादव की अध्यक्षता में स्वर्गीय रघुवंश प्रसाद सिंह की जयंती मनाई गई । श्री यादव ने कहा कि रघुवंश बाबू समाजवादी आंदोलन के नेता थे वह हमेशा गरीबों पिछड़ों असलियत की बात करते थे वह समाज के सबसे नीचे गरीब वर्ग के लोगों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया था । उन्हीं का देन है । कि मनरेगा के तहत लाखों गरीबों को रोजगार मिला मनरेगा मैन के नाम से जानने वाले रघुवंश बाबू मजदूरों को साल में 100 दिन के गारंटी योजना दिया था कार्यक्रम में मोहम्मद अरशद मनोज राय संजय पासवान रंजीत कुमार राय बॉबी कुमार राय मोतिउर रहमान मोहम्मद नबी अहमद सुरेश राय अरविंद राय विनोद पासवान अमर पासवान सहित अनेक लोग ने श्रद्धांजलि सुमन अर्पित किया ।

### पूर्व सरपंच सह राम जानकी मंदिर के महंथ का निधन

विभूतिपुर, समस्तीपुर। पूर्व सरपंच सह श्रीरामजानकी मंदिर सिंघिया घाट के महंथ रामचंद्र शरण आजाद का निधन गुरुवार को हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनके निधन पर समाज के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। बताने की रामचंद्र शरण आजाद 2006 से 2011 तक सरपंच के पद पर अपनी भागीदारी को निभाया। उसके बाद सिंघिया घाट श्री राम जानकी मंदिर महंथ बन कर सेव किया। उन्होंने अपनी जमीन देकर सिंघिया घाट में एक पुस्तकालय भवन की स्थापना करवाया। उनका अंतिम संस्कार बेगूसराय जिला के सिमरिया घाट में किया गया।

### सुलईश गेट का किया निरीक्षण

कल्याणपुर समस्तीपुर। अंचलाधिकारी शिशे रंजन कुमार ने गुरुवार को बूढ़ी गंडक नदी के तटबंध गोविंदपुर, मूसेपुर, शिवनंदनपुर, बालापुर, अकबरपुर, रामपुर, मोहनपुर सुलईस गेट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने जर्जर सुलईस गेट के मरम्मत करने को लेकर जिला प्रशासन को लिखने की बात कही है।

### मारपीट की घटना में आधे दर्जन जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगह हुई आपसी मारपीट की घटना में आधे दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी लोगों में कल्याणपुर के रिंकू देवी, बिरसिंहपुर के लक्ष्मण महतो, राधा देवी आनंदी महतो एवं मोडवारा के कामतु राम गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं सभी जख्मी लोगों को परिजन द्वारा इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं डॉक्टर ने उपचार के बाद रिंकू देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष नीतीश चन्द्र धारिया ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

### बिहार के राजनीति चाणक्य है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार : माधव झा

दरभंगा दरभंगा महानगर जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष माधव झा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मिथिला के सभी सीट पर एनडीए के प्रत्याशी दरभंगा से गोपाल जी ठाकुर, मधुबनी से अशोक यादव, झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, समस्तीपुर से शाम्भवी चौधरी की जीत के लिए उनको बहुत बहुत बधाई और शुभकामना, साथ पूरे बिहार में जीते हुए एनडीए के सभी सांसद को दरभंगा महानगर जनता दल यूनाइटेड के की ओर से बधाई। श्री झा ने कहा कि इस लोकसभा के चुनाव परिणाम ने यह साबित कर दिया कि बिहार में राजनीति के चाणक्य है बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। जीत पर बधाई देने वालों में ईश्वर मंडल, श्याम मंडल, शशिधर पटेल, इकबाल राइन, कमलेश मंडल, जोहा सिद्दिकी, राजीव सिंह, श्याम किशोर राम, तरुण मंडल, दुर्गानंद सहित दर्जनों पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पूर्व मध्य रेल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता दिवस के अवसर पर 06 जून को पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश की उपस्थिति में हाजीपुर स्टेशन के पास समपार संख्या 54 पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । समपार सं. 54 पर आयोजित कार्यक्रम में रेलवे क्रासिंग को लेकर विभिन्न मुद्दों से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत स्काउट एवं गाइड, सोनपुर द्वारा एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक,सोनपुर श्री विवेक भूषण सूद, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रभात कुमार सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे । सोनपुर, समस्तीपुर, दानापुर, धनबाद एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडलों में मानवरहित/मानव सहित समपार फाटक पार करते समय बरती जाने वाले सावधानियों से संबंधित जानकारियां पहुंचाने के उद्देश्य से सड़क उपयोगकर्ता के मध्य बैनर, पम्पलेट एवं हैंडबिल का वितरण तथा जगह-जगह पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया। साथ ही गेटमैन तथा आमलोगों की काउंसलिंग भी की गई । इस दौरान रेल सुरक्षा बल, स्काउट एवं गाइड के सदस्यों आदि ने लोगों को रेलवे क्रासिंग पार करते समय बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया । सड़क उपयोगकताओं से अपील की गई कि आपका जीवन अमूल्य है ऐसे में रेलवे फाटक बंद होने पर धैर्य रखें तथा फाटक खुलने पर ही रेलवे ट्रैक पार करें । रेलवे ट्रैक पार करते समय ईयर फोन/मोबाईल आदि का उपयोग कदापि ना करें । समपार फाटक पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भारतीय रेल द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं । समपार फाटक के पास पहुंच रहे मोटरचालक के लिए आगे रेलवे क्रॉसिंग है, संबंधी साइन बोर्ड लगाए गए हैं । इसके बाद उन्हें स्टॉप बोर्ड भी मिलता है । गाड़ी की गति को धीमी करने के लिए स्पीड ब्रेकर एवं रबर स्ट्रिप्स की व्यवस्था भी की गई है । मानव सहित समपार फाटकों पर तैनात गेटमैन की सजगता की जांच के लिए आकस्मिक निरीक्षण किए जाते हैं । यदि कोई ट्रेन किसी समपार से 110 किलोमीटर प्रति घंटा की गति गुजरती है तो इसे 100 मीटर की दूरी तय करने में केवल चार सेकेंड ही लगते हैं । इसलिए समपार फाटक पार करते समय अत्यधिक सावधानी बरतने की जरूरत है । समपार फाटक नजदीक आने पर गाड़ी का म्यूजिक सिस्टम के साथ-साथ इयरफोन का प्रयोग करना खतरनाक सिद्ध हो सकता है ।

# अतुल अंजान का निधन किसान आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति : एम जब्बार आलम



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव अतुल कुमार अनजान तथा प्रख्यात मार्क्सवादी चिन्तक प्रो॰ ब्रज कुमार पाण्डेय की स्मृति में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा सुविख्यात मार्क्सवादी विचारक प्रो॰ एम जब्बार आलम ने कहा कि कामरेड अतुल देश में किसान आंदोलन के प्रमुख स्तंभ थे। एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय किसान आयोग के सदस्य के रूप में इनके योगदान सदा स्मरणीय रहेगा। इनके निधन से देश ने किसान आंदोलन का एक मजबूत स्तंभ खो दिया। वहीं प्रो॰ ब्रज कुमार पाण्डेय न सिर्फ एक प्रखर मार्क्सवादी चिन्तक थे बल्कि प्रगतिशील लेखक संघ तथा अखिल भारतीय शांति एकजूटता संगठन ने एक कुशल नेतृत्वकर्ता खो दिया। चन्द्रशेखर भवन, मिठनपुरा में आयोजित श्रद्धांजलि सह संकल्प सभा की अध्यक्षता विधानपार्षद प्रो॰ संजय कुमार सिंह ने की।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में इन्होंने कहा कि कामरेड अतुल लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष के रुप में राजनीति आरंभ की और देश के ओजस्वी वक्ता तथा कुशल संगठनकर्ता के रुप में अपनी पहचान बनाई। इनके निधन से देश ने एक बहुमूल्य रत्न खो दिया वहीं इन्होंने प्रो॰ ब्रज कुमार पाण्डेय को बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताया। प्रो॰ पाण्डेय दर्जनों पुस्तकें लिखी तथा अनेक पुस्तकों का संपादन किया।

वे राजनीति विज्ञान के साथ ही साहित्य तथा दर्शनशास्त्र के उद्भट विद्वान थे। समारोह का संचालन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने किया। संकल्प सभा को जिला सचिव रामकिशोर झा, राज्य परिषद् सदस्य शम्भू शरण ठाकुर, सहायक जिला सचिव द्वय चन्देश्वर प्रसाद चौधरी तथा जगदीश प्रसाद गुप्ता, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय सेवा शिक्षक संघ के महासचिव प्रो॰ रमेश प्रसाद गुप्ता, पार्टी नेता रंजन महतो, रघुवर भक्त, कमलेश्वर चौधरी, शिवजी प्रसाद, प्रो॰ लक्ष्मीकांत, अराजपत्रित कर्मचारी नेता प्रदीप पांडेय, रामबिलास राय, शत्रुघ्न प्रसाद, मो॰ युनूस, अवधेश पासवान, शिक्षक नेता उमाशंकर प्रसाद, वरीय अधिवक्ता राम बच्चन यादव, छात्र नेता कंचन कुमार, एसयूसीआई जिला सचिव अर्जुन कुमार, एमसीपीआई जिला सचिव भूपनारायण सिंह, चन्द्रमोहन प्रसाद, सीपीआई माले के जिला प्रवक्ता रुदल कुमार, पूर्व विधायक बालेन्द्र प्रसाद सिंह आदि नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का आगाज का॰ अतुल तथा प्रो॰ पाण्डेय के तैल चित्र पर माल्यार्पण से किया गया तथा समापन में दो मिनट मौन रखकर दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई।

# स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत छात्रों को मिला 268.81 करोड़ का ऋण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में बिहार सरकार की योजना स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत 12हजार 377विद्यार्थियों के बीच268.81करोड का ऋण वितरित किया गया है। इस योजना के तहत अबतक कुल 17हजार 593 आवेदन प्राप्त हुए जिसके विरुद्ध 12हजार 995आवेदनों को स्वीकृत किया गया ।इसमें12 हजार 377विद्यार्थियों को ऋण की राशि भुगतान की गई है। यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि विकसित बिहार के सात निश्चय में से एक अर्थिक हल युवाओं को बल निश्चयान्तर्गत जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, मुजफ्फरपुर द्वारा तीन योजनाओं यथा- बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड योजना।

मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम का सकल संचालन जा रहा है। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत अभी तक मुजफ्फरपुर जिले में कुल 31 हजार 787 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से 31 हजार 787 विधार्थियों का जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, मुजफ्फरपुर में निबंधन किया गया है। निबंधित आवेदनों में से 28 हजार 522 विधार्थीयों का आवेदन स्वीकृत हुआ एवं 2 हजार 791 विधार्थीयों का आवेदन अस्वीकृत हुआ। 28 हजार 75 विधार्थी इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं एवं उन्हें हर महीने स्वयं सहायता भत्ता की राशि संबंधित के खातें में स्थानान्तरित की जा रही है।

अभी तक इस योजना के तहत करीब 41.28 करोड़ रूपया वितरित किया जा चुका है ।कुशल युवा कार्यक्रम के तहत अभी तक जिले में कुल 1 लाख 22 हजार 497 आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों का जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, मुजफ्फरपुर में निबंधन किया गया।

निबंधित आवेदन में से 1 लाख 22 हजार 184 श्रम विभाग को हस्तांतरित किया गया है, जिसमें से 20 हजार 391 विधार्थी मुजफ्फरपुर जिले के विभिन्न प्रखण्डों में कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं एवं 60 हजार 274 विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। मुजफ्फरपुर जिले में कुल 68 होशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र संचालित है।

# राज्य में गरीबी,बेरोजगारी व भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से लोगों परेशान है : मनोज झा

प्रात : किरण संवाददाता

बिरौल(दरभंगा) ।बिरौल प्रखंड अंतर्गत उछटी पंचायत के हाटी गांव में राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में जन सुराज जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार झा के नेतृत्व में महिला पंचायत अध्यक्ष ललिता देवी और पंचायत अध्यक्ष अमर कांत झा की अध्यक्षता में हर घर जन सुराज सदस्यता अभियान चलाया। इस सदस्यता अभियान में पंचायत के दर्जनों लोगों ने जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत जी के सही लोग सही सोच सामूहिक प्रयास के विचारों से प्रभावित होकर सदस्यता लिया। जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार झा ने लोगों को प्रशांत किशोर जी के विचारों को विस्तार पूर्वक समझाते हुए कहा कि स्वतंत्रता बाद 50 के दसक में भारत के अग्रणी राज्यों में शामिल बिहार, आज देश का सबसे पिछड़ा और गरीब राज्य है। आज गरीबी,अशिक्षा ,बेरोजगारी, पलायन और भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से लोगों का बुरा हाल है। अब समय है स्थिति को बदलने का और लोगों के जीवन में बेहतरी के लिए, बिहार की व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन का इस संकल्प के साथ और आने वाले 10 सालों में बिहार को देश का शीर्ष 10 राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिए जन सुराज का यह अभियान समाज के सही लोगों को जोड़कर एक सही सोच के साथ सामूहिक प्रयास के जरिए एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश है, जिसमें सत्ता परिवर्तन सही मायनो में व्यवस्था परिवर्तन का जरिया बने। मोके पर पंचायत उपाध्यक्ष लालन मंडल, संतोष कुमार पासवान, शिवजी मंडल, विवेका नन्द झा, बुझन जी, लाल बाबू पासवान, धनराज पासवान, जानकी देवी, सुधीर देवी, बुधनी देवी, शीला देवी आदि उपस्थित थे।

# एक्सपोजर विजिट के तहत अध्यापकों ने किया अवलोकन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत श्री रामजी झा स्मारक आदर्श उच्च विद्यालय चकहबीब के प्रांगण में राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना के आदेश के आलोक में प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रामपुर जलालपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अध्यापकों को शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी गतिविधियों की जानकारी हेतु एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार ने सभी अध्यापकों का स्वागत किया और अपने विद्यालय के इतिहास से परिचय कराया। एक्स्पोजर विजिट में आए प्राचार्य विक्रम कुमार, प्रशिक्षण पदाधिकारी अर्चना कुमारी, नोडल पदाधिकारी इफ्तिखार इमाम एवं अध्यापकों ने विद्यालय के सेमीनार हाल, कक्षाएं, लैंग्वेज लैब, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, आर्ट एंड क्राफ्ट रूम, आईसीटी लैब तथा शैक्षिक व्यवस्था एवं गतिविधियों का अवलोकन किया और प्रशंसा करते हुए बताया कि सुदूर क्षेत्र में इस प्रकार के विद्यालय यहां की जनता के लिए वरदान साबित है। प्रशिक्षण पदाधिकारी ने विद्यालय के विधि व्यवस्था तथा सहयोग की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय के पास खेलकूद के लिए ग्राउंड, एवं यहां का ग्रीन गार्डन , पेयजल की सुविधा, सिक्योरिटी गार्ड, इत्यादि विद्यालय की गुणवत्ता एवं यहां के वातावरण को दशार्ती है। वही प्रधानाचार्य ने अध्यापकों को विद्यालय में चल रहे शैक्षणिक कार्यक्रम एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया एवं आगंतुक 178 अध्यापकों को विज्ञान प्रयोगशाला, मनोविज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, सूचना एवं संचार तकनीकी प्रयोगशाला, बहु उपयोगी कक्ष, कार्यालय एवं कक्षा कक्ष का अवलोकन करवाया। अध्यापकों के दल का नेतृत्व प्राध्यापक डॉ राजकुमार कर रहे थे। मौके पर मनीष कुमार, शिव कुमार गौतम, सविनय कुमार चौधरी, अविनाश कुमार आदि मौजूद थे। वहीं विद्यालय के शिक्षक पंकज कुमार, राजीव रजक, सुजीत कुमार, चिरंजीव कुमार, निर्मल कुमार ने इस कार्य में ट्रेनी शिक्षकों का सहयोग किया।

# विधायक ने किया बाघ एक्सप्रेस ट्रेन को दुर्घटना से बचाने वाले बच्चे को सम्मानित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने बुधवार को बाघ एक्सप्रेस को दुर्घटना का शिकार होने से बचाने वाले धर्मपुर न्यू कॉलोनी निवासी व 11 वर्षीय छात्र मो. शाहबाज को सम्मानित किया। ज्ञात हो कि दिनांक 1 जून 2024 शनिवार को समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर रेल खंड के भोला टाकीज के नजदीक अप लाईन की टूटी पटरी पर 13019 हावड़ा-काठ गोदाम एक्सप्रेस दुर्घटना होने से बच गई थी। उक्त ट्रेन में करीब 1300 यात्री सफर कर रहे थे। विधायक ने कहा कि मो. शकील के पुत्र मो. शाहबाज ने अपने अक्लमंदी से रेल चालक को अपना लाल रंग का गमछा दिखाकर ट्रेन रुकवाई और ट्रेन को दुर्घटना ग्रस्त होने से बचा लिया था। मो. शाहबाज की अक्लमंदी एवं हिम्मत की अफजाई करते हुए विधायक ने उसे सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समस्तीपुर को अपने बेटे शाहबाज पर नाज है। शाहबाज ने रेल दुर्घटना रोक कर एक आदर्श प्रस्तुत किया है। आज पूरे देश में शाहबाज के सूझ-बूझ व साहस की चर्चा हो रही है। समस्तीपुर विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने बच्चे को पुस्तक, कलम, कॉपी, पेन्सिल, डिक्शनरी, मिठाई के अलावा विभिन्न प्रकार का गिफ्ट देकर शाहबाज को सम्मानित किया तथा शाबाशी दी। उन्होंने रेलवे से शाहबाज को वीरता पुरस्कार देने की भी मांग की है। मौके पर जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर, जिला राजद महासचिव मो. परवेज आलम, जिला राजद महासचिव राकेश यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, राजद नेता प्रोफेसर जितेन्द्र प्रसाद ननकी, ज्योतिष महतो, मनोज पटेल, राकेश कुशवाहा, प्रमोद कुमार पप्पू, मनोज कुमार राय, जयलाल राय, सैयद शाहनवाज हसीब, रंजीत कुमार रम्भू, केशव कुमार सोनू, नंदन यादव, अखिलेश कुमार दास, मो. तौफीक उमर आदि मौजूद थे।

# मंसूबे पर फिरा पानी; पुराने चापाकल में गिरा रहे थे समरसेबल, ग्रामीणों ने लगाई रोक

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय भरपुरा में समरसेबल लगाने आए ठेकेदार के मंसूबे पर ग्रामीणों ने पानी फेर दिया। दरअसल हुआ यूं कि ठेकेदार के द्वारा नए समरसेबल लगाने की जगह विद्यालय परिसर में पहले से अवस्थित चापाकल को नष्ट कर उसी पाइप में समरसेबल डालने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर स्थानीय ग्रामीणों की नजर पड़ी। दर्जनों की संख्या में ग्रामीण व प्रतिनिधि विद्यालय पर पहुंचकर योजना के बारे में जानकारी लिया तो पता चला कि प्रत्येक विद्यालय में बच्चों को स्वच्छ जल पीने के लिए 2 लाख 74 हजार रुपए की लागत से नए सिरे से समरसेबल, टंकी व नल लगाना है। लेकिन ठेकेदार द्वारा राशि गबन के उद्देश्य नए समरसेबल न गड़ाकर पुराने चापाकल को नष्ट कर उसी के पाइप में समरसेबल डालने का प्रयास किया जा रहा था।

जिस पर ग्रामीणों ने रोक लगाते हुए विरोध जताया एवं पुराने चापाकल को ठीक कराते हुए नए सिरे से समरसेबल लगाने की मांग किया। वही ग्रामीणों के रोक लगाने के बाद सभी मजदूर वहां से फरार हो गया एवं ठेकेदार के नाम बताने से भी इनकार कर दिया।

# अधिवक्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी हाजीपुर (सु) लोकसभा क्षेत्र से लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एवं समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से श्रीमती शांभवी, वैशाली लोकसभा क्षेत्र से वीणा देवी एवं उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र से गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय सहित एनडीए प्रत्याशीयों की प्रचण्ड जीत पर हाजीपुर स्थित जिला विधिज्ञ संघ भवन में अधिवक्ताओं ने समस्तीपुर चुनाव प्रभारी अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार मिश्र की अध्यक्षता में एक दुसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की एवं कहा कि बिहार की जनता ने एनडीए के पक्ष में अपना जनादेश देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर मुहर लगाई है। इस अवसर पर भाजपा बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा हरेश कुमार सिंह, वरीय अधिवक्ता श्याम किशोर ठाकुर ,मुकेश कुमार सिन्हा,शिवजी सिंह, सुबोध कुमार,अमित तिवारी,अभिजीत कुमार ,शशिकांत, मनीष कुमार पीयूष, अनीशचंद्र गांधी ,सत्येन्द्र सिंह ,चंद्रमणि कुमार,राम श्रृंगार पंडित ,धर्मेंद्र राय,विनय कुमार सिंह सहित काफी संख्या में उपस्थित अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए एनडीए के विजई प्रत्याशियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# पति की दीघार्यु के लिए विधि-विधान के साथ की वट सावित्री की पूजा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

प्रत्येक साल ज्येष्ठ मास के अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाला वट सावित्री पर्व सुहागिनों ने अपने पति के दीघार्यु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ मनाया। पारंपरिक श्रृंगार के साथ सुहागिन महिलाओं ने बांस की बनी डलिया में पूजन सामग्री लेकर वट सावित्री पूजन अनुष्ठान विधि विधान के साथ की। जेठ की भीषण गर्मी के चिलचिलाती धूप के बीच नंगे पैर पूजा की डाली लिये सुहागिन मंदिर और बरगद के पेड़ों तक पहुंची और पूजन की। शहर व गांवों में वटवृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं द्वारा वट सावित्री पूजन हर्षोल्लास के साथ की गयी है। वट सावित्री पूजन के संबंध में मिथिलांचल व्रत त्योहार की जानकार अंजना शर्मा ने बताया कि आज ही के दिन सावित्री ने बरगद पेड़ के नीचे अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज को शास्त्रगत सवालों से प्रसन्न कर वापस प्राप्त की थी। इसी मान्यता के मुताबिक अपने सुहाग की रक्षा व पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर सुहागिन वट सावित्री का पूजन और व्रत करती है। उन्होंने बताया कि वट सावित्री पर्व परंपरा, परिवार और प्रकृति प्रेम का पाठ पढ़ाता है। पुराणों में इसे सौभाग्य को देनेवाला और संतान की प्राप्ति में सहायता प्रदान करने वाला माना गया है। इस व्रत का उद्देश्य सौभाग्य की वृद्धि और पतिव्रत के संस्कारों को आत्मसात करना है। इस व्रत में वटवृक्ष का बहुत खास महत्व होता है। पुराणों के अनुसार बरगद के पेड़ में त्रिदेव का निवास है। ब्रह्मा वट के जड़ भाग में, विष्णु तना में और महेश का वास ऊपरी भाग में है।

# कम्युनिकेशन स्किल एवं पर्सनलिटी डेवलपमेंट पर वेबीनार आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।सामाजिक संगठन "प्रयत्न" के द्वारा कम्युनिकेशन स्किल एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार के मुख्य वक्ता डॉ तूलिका स्वाति , अतिथि प्राध्यापिका,इंग्लिश, दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज थी। अध्यक्षता जाने-माने साहित्यकार श्री देवेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत संस्था के संस्थापक प्रभात कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन रंजीत कुमार ने किया। मुख्य वक्ता ने कम्युनिकेशन स्किल के विभिन्न पहलुओं पर अपना विचार रखते हुए कहा कि हम लोग मुख्य रूप से फॉर्मल और इनफॉर्मल कम्युनिकेशन की बात करते हैं, साथ ही पूरा कम्युनिकेशन स्किल इसी पर निर्भर करता है और पर्सनालिटी का भी निखार हमारे कम्युनिकेशन स्किल से ही होता है, कम्युनिकेशन स्किल ही हमारे व्यक्तित्व और हमारी पहचान को बनाता है हम भरवाल,नव भरवाल और राइटिंग कम्युनिकेशन के आधार पर अपने व्यक्तित्व की विकास की बात को सोचते हैं या उसे सामने रखने का प्रयास करते हैं। आज के इस भौतिकवादी जीवन अर्थवादी जीवन में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट का बहुत बड़ा भूमिका हमारे जीवन को आगे बढ़ाने में है। हम युवाओं को हमेशा प्रेरित करते हैं एवं प्रोत्साहित करते हैं की कम्युनिकेशन स्किल के माध्यम से अपने व्यक्तित्व में निखार लेन का प्रयास करें। हमारे कार्य स्थल पर हमारे व्यक्तित्व एवं हमारे कम्युनिकेशन स्किल की वजह से ही प्रतिष्ठा मिलता है, इसलिए अभिभावकों से भी आग्रह है कि बच्चों को शुरू से ही कम्युनिकेशन के माध्यम से उसके व्यक्तित्व के विकास करने की दिशा में प्रेरित करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे देवेंद्र कुमार ने कहा कि व्यक्ति की अभिव्यक्ति के तरीके से ही उसका स्वभाव एवं ज्ञान का पता चलता है।

# उत्पाद मामले में दोषी को पांच वर्ष सश्रम कारावास व एक लाख रुपए जुमार्ना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर व्यवहार न्यायालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह उत्पाद अधिनियम के विशेष न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने गुरुवार को उत्पाद मामले से संबंधित मोहिउद्दीननगर थाना कांड संख्या 137/23 के मामले में अभियुक्त को दोषी पाते हुए उसे धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के पर दोषी को छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त की पहचान मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र के मदुदाबाद निवासी राजेश कुमार चौधरी के पुत्र रौशन कुमार के रूप में बतायी गई है। बताया गया कि 25 मई 2023 की रात्रि गश्ती के दौरान मोहिउद्दीननगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के 14 नंबर गुमटी के पास एक ट्रेन से गिरे विदेशी शराब से भरे एक बैग को अभियुक्त उठाने का प्रयास कर रहा था और पुलिस को देखकर वह भागने में कामयाब हो गया था। पुलिस के द्वारा तलाशी लेने पर बैग से 4.125 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया था। इसके बाद बरामद शराब के आधार पर अभियुक्त की पहचान करते हुए उसके विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक (उत्पाद) अधिवक्ता अविनाश राय एवं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता मदन मोहन ठाकुर के द्वारा न्यायालय में पक्ष रखा गया।

# प्रखंड स्तरीय खरीफ महोत्सव में मोटे अनाज के उत्पादन पर दिया गया बल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

महुआ । महुआ प्रखंड कार्यालय परिसर अंतर्गत ई किसान भवन परिसर में खरीफ महोत्सव का आयोजन किया गया। इस खरीफ महोत्सव सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रवि रंजन कुमार सिंह ,प्रखंड कृषि पदाधिकारी कृष्ण मुरारी,मत्स्य विकास पदाधिकारी हाजीपुर धीरेंद्र ठाकुर के द्वारा संजुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के नेतृत्व में की गई। इस दौरान किसानों को खेती के वैज्ञानिक तरीके से होने वाली खेती के लाभ, उर्वरक खाद की मात्रा, मिट्टी की स्थिति उपज के नए कई तरीका को विस्तृत रूप से बताया गया ।वही इस मौके पर उपस्थित किसानों को खासकर मोटे अनाज ज्वार बाजरा मक्का मरुआ कोदो आदि फसलों की खेती पर बल दिया गया ।किसानो को कृषि विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा इन सभी मोटे अनाज की खेती पर सरकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं और अनुदान पर भी चर्चा की गई और बताया गया कि मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रत्यक्ष रूप से मदद कर रही है साथ ही जलवायू अनुकूल खेती करने पर उसके उत्पादनों में भी भरपूर वृद्धि होगी ।वहीं पशु पालन के तरीका और सरकार द्वारा पशुओं पर मिलने वाले लाभ, बागवानी की खेती के भी गुण और वृक्ष की जानकारी के साथ ही महुआ में पौधे होने की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। इस कार्यक्रम के दौरान किसान भाइयों ने अपनी-अपनी समस्याओं को भी रखा और कार्यक्रम में उपस्थित कृषि वैज्ञानिक और पदाधिकारी ने उनकी समस्याओं का समाधान किया। इस मौके पर पशुपालन पदाधिकारी महुआ डॉक्टर गणेश कुमार,आत्मा अध्यक्ष महेश प्रसाद सिंह, प्रखंड उद्यान सह तकनीकी प्रबंधक धीरेंद्र कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक कृष्ण कुमार,कृषि समन्वयक अरूण कुमार,कृषि समन्वयक प्रकाश भुषण,अजय सिंह,जय शंकर सिंह,कृषि समन्वयक रंजीत कुमार , कृषि सलाहकार आलोक कुमार, किसान सलाहकार शशि कुमार ,कुमार सचिदानंद, अमरनाथ कुमार,पंकज, मनोज, अवधेश आदि के साथ साथ अनेकों किसान इस मौके पर उपस्थित थे।

# खुशबू प्रिया ने नीट कि परीक्षा में 720 में से 702 अंक लाकर अपने गांव का नाम किया रोशन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर प्रखंड क्षेत्र के बेतोनहा वार्ड नम्बर 8 निवासी राम उदगार सिंह के पुत्री खुशबू प्रिया ने नीट कि परीक्षा में 720 में से 702 अंक लाकर अपने गांव का नाम रोशन कि है। खुशबू प्रिया ने कोटा में रहकर परीक्षा कि तैयारी कि थी। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों के अलावा गांव एवं आस-पास के क्षेत्रों के लोगों ने उन्हें बधाई देकर उसके उज्जवल भविष्य कि कामना कि है ।खुशबू प्रिया के पिता राम उदगार सिंह ने बताया कि मेरी पुत्री इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है ।केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई नीट की परीक्षा में खुशबू प्रिया ने अपनी मेहनत के बलबूते सफलता हासिल की है। माता मीरा कुमारी शिक्षिका और पिता राम उदगार सिंह शिक्षक की होनहार बेटियों ने पहले प्रयास में ही नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। नीट परीक्षा में खुशबू प्रिया ने 720 में से 702 अंक हासिल किए हैं। इनके माता-पिता शिक्षक एवं शिक्षिका ने अपनी बेटियों की कामयाबी पर खुशी जाहिर की है। वहीं खुशबू प्रिया ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। मेडिकल से संबंधित आल इंडिया स्तर की नीट परीक्षा में खुशबू प्रिया ने 720 में 702 अंक प्राप्त कर आल इंडिया में 1419 रैंक प्राप्त किया है। वही ओ बी सी रैंक 459 प्राप्त कि हैं ।खुशबू प्रिया के प्रारंभिक शिक्षा मैट्रिक परीक्षा 2021 में जमुना धर रूंगटा बालिका उच्च विद्यालय जयनगर से प्राप्त कि हैं। एवं इंटर मीडिएट कि परीक्षा 2023 में जानकी देवी गौरी शंकर सराफ डिग्री महिला महा विद्यालय जयनगर से प्राप्त कि है खुशबू प्रिया ने इससे पूर्व में भी जे ई ई मुख्य परीक्षा 2024 में भी 97.78 प्रतिशत अंक हासिल कर के अपना जलवा दिखा चुकी है ।खुशबू प्रिया के पिता राम उदगार सिंह मध्य विद्यालय जवाहर विद्यापीठ में शिक्षक हैं, और माता मीरा कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेला में शिक्षिका के पद पर अपनी सेवा प्रदान कर रही हैं।

# सीईटी-बीएड के आवेदन में विगत पांच वर्षों का रिकॉर्ड ध्वस्त

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।दो वर्षीय बीएड एवं शिक्षा शास्त्री में नामांकन के लिए 25 जून को होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए रिकॉर्ड आवेदन आए हैं ।इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक 208818 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के लिए नोडल ललित नारायाण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने पिछले पांच वर्षों की तुलना में इस वर्ष सर्वाधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महिला अभ्यर्थियों की संख्या पुरूष अभ्यर्थियों से अधिक है। यह दशार्ता है कि महिलाओं का व्यावसायिक कोर्स के प्रति रूझान बढ़ रहा है। वे भी अब हर क्षेत्र में भागीदारी के लिए आगे बढ़ रही है। सीईटी-बीएड-2024 के लिए पंजीयन एवं आवेदन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सरल एवं सहज बनाया गया था। ताकि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक इसबार मोबाइल से भी आवेदकों ने बड़ी संख्या में ऑनलाइन आवेदन किया है। परिणाम स्वरूप पिछले पांच वर्षों में सर्वाधिक आवेदन विश्वविद्यालय में आए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मधुमक्खी काटने से चार लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड थाना क्षेत्र के रोता पंचायत स्थित रोता बहियार में गुरुवार को दिन के करीब दो बजे बहियार में खेत में काम कर रहे लोगों को मधुमक्खी के झुंड ने काट कर जख्मी कर दिया। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है। बताया गया कि रोता वार्ड नंबर ग्यारह निवासी रेणु देवी , पावो देवी, रूबी देवी, शभू यादव बहियार में काम कर रहे थे। अचानक मधुमक्खी के झुंड ने अचानक हमला कर शरीर के कई हिस्से पर काट कर जख्मी कर दिया । परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ नवीन कुमार भारती द्वारा इलाज किया गया है।

# 274 प्रशिक्षु शिक्षकों को दिया जा रहा छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण

● डायट के प्रांगण में समग्र शिक्षा अंतर्गत बुनियाद-3 का 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के तहत दिया जा रहा है योगाभ्यास का भी प्रशिक्षण



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट के प्रांगण में समग्र शिक्षा अंतर्गत बुनियाद-3 का 6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया। इसमें शेखपुरा जिले से आए कुल 274 प्रशिक्षु शिक्षक शामिल हुए।इस दौरान प्रतिदिन सुबह आधे घंटे का पीटी और आधे घंटे का योगा कराया जा रहा है। इसमें बुनियादी आवासीय प्रशिक्षण में आए सभी शिक्षक लाभान्वित किया जा रहा है। संस्थान के प्रिंसिपल डॉक्टर नावेद हसन खान ने बताया कि योग प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के योग के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य,मानसिक सुख व अध्यात्मिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।योग से कई बीमारियों को दूर कर खुद को स्वस्थ रख सकते हैं।शिक्षक यदि योग के प्रति जागरुक रहेंगे तो विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के माध्यम से योग ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंच सकेगा।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती बीमारियों पर अंकुश लगाने में भी यह काफी कारगर साबित हो सकेगा।इस मौके पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्ज डॉक्टर नावेद हसन खान,पीटी ट्रेनर आदित्य राज,सचिन कुमार भारती,व्याख्याता रश्मि कुमारी,डॉ रविंद्र कुमार,श्वेता कुमारी,बलराम कुमार सहित शिक्षक प्रशिक्षु शामिल थे। बता दें कि इससे पहले भी शेखपुरा जिले के प्रशिक्षु शिक्षकों को प्रथम फेज में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान गुरूवार को विभिन्न गतिविधियों की की गई। प्रशिक्षण को लेकर शिक्षकों को भी उत्साह देखने को मिला। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकारी स्कूलों में उत्तम पढ़ाई शुरू होने के बाद नामांकन बढ़ेगा और शिक्षा भी गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

# जमीन नापी के दौरान दो भाईयों ने एक युवक का मारकर किया घायल

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] जमीन नापी करवाने के दौरान दो लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के शैर गांव का है। घायल युवक की पहचान तेजनारायण मिस्त्री का पुत्र विवेकानंद शर्मा के रूप में हुई है जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया गया जहां चिकित्सक ने घायल युवक का इलाज किया। घायल युवक के पिता ने मै अपने केवाला जमीन पर प्राइवेट आमीन से जमीन नापी करवा रहा था कि तभी अचानक गांव के पिंटू शर्मा और गुडडु शर्मा दोनो भाई घर से पिस्टल एवं लोहे का रॉड लेकर आया और गाली गलौज करते हुए विवाद शुरू कर मेरे बेटे के सिर पर लोहे के रॉड से मारकर घायल कर दिया और उसके बाद मेरे बेटे के गले से सोने का चैन छिन लिया।

मारपीट करने के बाद दोनो भाईयों ने धमकी दिया कि अगर जमीन पर दुबारा मापी करवाने के लिए आओगे तो बाप बेटा दोनो को जान मार देगे। अस्पताल में घायल युवक का इलाज होने के बाद पीड़ित पिता घायल पुत्र को लेकर थाना में शिकायत करने के लिए गया।

# सेवा के लाल अभिषेक ने नीट की परीक्षा में पाई सफलता



● परिजनों एवं ग्रामीणों में हर्ष, अपने क्षेत्र का नाम किया रौशन

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। प्रखंड के सेवा निवासी व सेवा पंचायत के मुखिया रामाशीष साह के पुत्र अभिषेक कुमार ने नीट यूजी 2024 की परीक्षा में ऑल इंडिया मे प्रखंड का नाम रौशन किया है।बताते चलें कि चिकित्सा सेवा के प्रति लगाव ने अभिषेक को इस उपलब्धि को हासिल करने में सफलता दिलायी है। नीट के ऑल इंडिया इंट्रेंस टेस्ट में अभिषेक ने 660 अंक हासिल किया है।

बताते चलें कि अभिषेक कुमार ने वर्ष 2018 में 10 वीं की परीक्षा 86 फीसदी अंकों के साथ। वहीं 12 वीं परीक्षा 2020 में 80 फीसदी अंकों के साथ उतीर्ण की है। वहीं नीट की परीक्षा में यह सफलता हासिल की। वहीं अभिषेक ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय कड़ी मेहनत एवं माता पिता के आशीर्वाद को दिया है।

इधर अभिषेक के इस उपलब्धि पर माता संगीता कुमारी, पापा रामाशीष साह, शंकर साह, विश्वास सिंह, अशोक रावत, मनोज मिश्रा, अजय कुमार सहित कई बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों ने अभिषेक की नीट की परीक्षा में मिली इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

# विद्यालय के चाहदीवारी कार्य में दो लोगों के द्वारा बाधा किए जाने से लोगों ने सीओ को दिया आवेदन



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] विद्यालय के गैरमजरूआ जमीन पर विद्यालय के होने वाले चारदीवारी के कार्य में दो लोगों के द्वारा बाधा पहुंचाने से परेशान दर्जनों ग्रामीणों ने गुरूवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर सीओ को आवेदन देकर न्याय करने की गुहार लगाया है। मामला प्रखंड क्षेत्र के बैजला पंचायत पूर्वी खैरन गांव का है।

सीओ को आवेदन पहुंचे संजय यादव, दिनेश यादव,तालेश्वर यादव, बोढ़न यादव, होरिल यादव, अरूण यादव, नरेश यादव ने बताया कि गांव में स्थित मध्य विद्यालय का खाता संख्या 86, खसरा 958 जो गैरमजरूआ जमीन है और विभागीय आदेशानुसार विद्यालय का चाहदीवारी करवाया जा रहा है लेकिन सुरेश यादव और श्याम यादव अपनी जमीन बताकर चाहदीवारी कार्य को बाधित कर रहा है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि वे दोनो को आजतक उस जमीन पर खेती करते नही देखा गया है लेकिन अब वे दोनो अपनी जमीन बता रहा है ग्रामीणों ने बताया विद्यालय का चाहदीवारी नही होने से बच्चों को आने जाने के लिए रास्ता भी सुगम नही है और पशु भी विद्यालय में प्रवेश कर जाता है और विद्यालय में लगे सामग्री को भी क्षतिग्रस्त कर देता है। इसलिए हमसभी हस्ताक्षर युक्त आवेदन सीओ को देते हुए जमीन की जांच करवाने की मांग किया जिसपर सीओ ने सोमवार को उक्त स्थल पर जांच करवाने का आश्वासन दिया।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रथम वर्ग प्रशिक्षण हेतु विक्रमगंज रोहतास के लिए हुए रवाना




प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बृहस्पतिवार को झाझा नगर इकाई से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार प्रांत एसएफडी सहसंयोजक सूरज बरनवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम वर्ग प्रशिक्षण हेतु डिजाइन पब्लिक स्कूल विक्रमगंज रोहतास रवाना हुए। मौके पर अभाविप नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना कल से ही देशव्यापी कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते आ रही है, संघ एक परिवार है कार्यकर्ता इस परिवार से जुड़कर व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए कार्य करता है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का इतिहास गौरवशाली रहा है विश्व के सबसे बड़ा हिंदू संगठन के कार्यकर्ता होना अपने आप में गर्व की बात है, यह संगठन देश जोड़ने की बात करता है, संघ के कार सेवको ने श्री राम मंदिर निर्माण को लेकर काफी आंदोलन किया तथा उसके लिए सैकड़ों बलिदानियों ने अपना जान भी न्योछावर किया। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूपेश भारती ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हम हिंदुओं का मूल है दुनिया का सबसे बड़ा हिंदू संगठन के रूप में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दसकों से कार्य करते आ रही है, वर्तमान समय में संघ के द्वारा जिला रोहतास में प्रथम वर्ग होने जा रहा है जिसमें झाझा से सूरज बरनवाल भाग लेने जा रहे हैं, यह हम सबों के लिए गौरव का क्षण है, सबसे पहले स्वयंसेवक प्राथमिक वर्ग करते हैं जो एक सप्ताह का होता है, दूसरे चरण में स्वयंसेवक प्रथम वर्ग करते हैं जो 15 दिनों का होता है, प्रशिक्षित होने के बाद कार्यकर्ता एक नई ऊर्जा प्राप्त करता है तथा राष्ट्र की सेवा में कार्य करते हैं।

# जागीर चकला गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक पक्ष के कई लोग हुए घायल

प्रात : किरण, संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) परमानंदपुर थाना क्षेत्र के जागीर चकला गांव में छेड़खानी के आरोप में आपसी मारपीट एवं लूटपाट के घटना को लेकर थाना में शिकायत की गई है। ज्ञात हो कि परमानंदपुर थाना क्षेत्र के जागीर चकला गांव के विजय यादव के पुत्र प्रिंस कुमार रविवार के शाम रविया देवी के दरवाजे पर जाकर उनकी पुत्री के पास बैठकर उनके साथ हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने लगा। जहां लड़की ने लड़कों की हरकत को देखते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगी। वही आवाज सुनते ही उनकी माता रविया देवी, भाई संजीत कुमार और चचेरी भाभी पिंकी देवी जब तक दरवाजे पर आती तब तक लड़का वहां से भाग निकला। इस घटना को लेकर उनकी मां गांव के आसपास के लोगों को जानकारी देने लगी तो आरोपी प्रिंस के परिवार के लोगों ने नाखुश होकर लड़की के परिजनों के साथ जमकर मारपीट कर घायल कर दिया। इसको लेकर लड़की की मां राविया देवी ने परमानंदपुर थाना में मामला दर्ज करवाई है। रविया देवी के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर सात लोगों को नामजद किया गया है। जिसमें प्रिंस कुमार, विजय यादव, चंद्रभूषण यादव, विमला देवी, मंजू देवी, नेहा कुमारी एवं निशा कुमारी शामिल है।

# गिद्धौर में पति के लंबी उम्र की कामना लिए महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा

**वट बृक्ष को रक्षा सूत्र बांध पति के दीघार्यु जीवन की ईश्वर से कि मंगल कामना**

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। प्रखंड क्षेत्र के पतसंडा, गंगरा, कोल्हुआ, रतनपुर, कुंधुर, मौरा, सेवा, पूर्वी गुगलडीह आदि पंचायतों में धार्मिक स्थलों के निकट क्षेत्र की हजारों महिलाओ ने पति के लंबी उम्र की कामना लिये वट सावित्री की पूजा की।इस मौके पर इस पावन पर्व पर महिलाओं द्वारा वट बृक्ष कर अपने सुहाग की रक्षा व उनके दीघार्यु होने की ईश्वर से मंगलकामना की। इस मौके पर पतसंडा पंचायत के पंचमंदिर,बाबा बूढ़ानाथ मंदिर,रेलवे स्टेशन रोड़ अवस्थित अति प्राचीन वटबृक्ष के निकट क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने पूजा अर्चना कर पति के लंबी उम्र की कामना के लिए बट बृक्ष में जल अर्पित करते हुए रक्षा सूत्र बांध नवैध चढ़ाया। वहीं पर्व को लेकर अहले सुबह से ही मंदिर परिसर में क्षेत्र के महिलाओं की पूजा अर्चना को लेकर भारी भीड़ देखी गयी।वहीं क्षेत्र के संबंधित पंचायतों के मंदिरों शिवालयों के आसपास के निकट अवस्थित वटबृक्ष में महिलाओं ने पुष्प,जल, नवैध,फल,फूल,नवैध चढ़ा रक्षा सूत्र अर्पित कर वट सावित्री की पूजा सम्पन्न की एवं अपने पति के दीघार्यु होने की ईश्वर से मंगलकामना कामना की। पर्व को लेकर महिलाओं में हर्ष व उत्साह का वातावरण देखा गया।

# सुबह से सुहागिनों ने भक्ति भाव व श्रद्धा विश्वास के साथ वट सावित्री का किया पूजा

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र में सुबह से सुहागिनों ने भक्ति भाव व श्रद्धा विश्वास के साथ वट सावित्री की पूजा अर्चना हर्षोल्लास से की। इस अवसर पर सुहागिनों ने बरगद के पेड़ के पास पति की लंबी आयु की कामना के लिए पूजा-अर्चना की। सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर बरगद वृक्ष के समझ पूजा अर्चना की।सुहागिनों ने अक्षय वट की परिक्रमा करते हुए वृक्ष में रक्षा सूत्र बांधकर सभी व्रतियों ने पति की लंबी आयु की कामना की। वट सावित्री व्रत के दौरान महिलाओं ने संपूर्ण श्रृंगार कर वट वृक्ष को धागा से लपेटे हुए सात बार वट वृक्ष की परिक्रमा कर अपने पति की लंबी आयु की कामना की। मौके पर व्रत किए महिला शांति कुमारी ने बताया कि मान्यता यह है कि इस व्रत को करने से महिलाएं आजीवन सुहागन रहती हैं। पूजा के दौरान महिलाओं ने सावित्री और सत्यवान की कथा भी सुनी। यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम और स्नेह का प्रतीक माना जाता है। वट सावित्री व्रत हिंदू धर्म की महिलाओं का एक महत्वपूर्ण व्रत है। इस व्रत को सुहागन स्त्रीयां अपने पति की दीघार्यु के लिए करती हैं। वट वृक्ष को धागा से बांधकर,उस पर फल, फूल, मिठाई आदि अर्पित किए। महिलाओं ने व्रत भी रखा था। वट सावित्री की कथा महाभारत में वर्णित है। इस कथा के अनुसार, सावित्री ने अपने पति सत्यवान की मृत्यु के बाद यमराज से उनका जीवन वापस मांग लिया था।

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा,पति की लंबी आयु के लिए की कामना



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंज प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सुहागिन महिलाओं ने अपनी सुहाग की दीघार्यु एवं उनकी मंगल कामना के लिए गुरुवार ज्येष्ठ मास की अमावस्या (6 जून) को सुहगिन महिलाएं व्रत सावित्री का व्रत धारण पति की दीघार्यु व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ वट वृक्ष की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। अलीगंज सहित प्रखंड क्षेत्र के महिलाओ ने बट व्रत पूजा विधि के साथ वट सावित्री की पूजा करने के लिए वैवाहित महिलाएं सुबह उठकर स्नान कर लाल या पीले रंग के वस्त्र पहनें।फिर श्रृंगार करके सज धज कर तैयार होकर।भोग प्रसाद के लिए सात्विक भोजन बना लें साथ ही सभी पूजन सामग्री को एक स्थान पर एकत्रित कर थाली सजा लें।गांव के वट वृक्ष की जड़ में जल अर्पित करने के बाद पुष्प, अक्षत, फूल, भीगा चना, गुड़ व मिठाई चढ़ाएं।फिर पेड़ के चारों ओर 7 बार परिक्रमा करें और उसके चारों ओर सफेद कच्चा सूत बांध दें।वट सावित्री कथा का पाठ करें। अंत में आरती से पूजा का समापन करें।भगवान का आशीर्वाद लें और पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करें। बड़े-बुजुर्ग से भी आशीर्वाद लिए। वट वृक्ष की परिक्रमा से दीघार्यु होती है। रंजीत पांडे,आलोक मिश्रा,दीपक पाण्डेय ,बॉबी मिश्रा ने बताया की इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीघार्यु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। इस त्योहार को लेकर ये मान्यता है कि इस व्रत को रखने से परिवार के लोगों को सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है और वैवाहिक जीवन में खुशियां आती है। बहुत से लोग ये भी मानते हैं कि इस व्रत का महत्व करवा चौथ के व्रत जितना होता है। इस दिन व्रत रखकर सुहागिनें वट वृक्ष की पूजा लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य देने के साथ ही हर तरह के कलह और संतापों का नाश होती है। वट सावित्री का व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को रखा जाता है।इस वर्ष अमावस्या तिथि वाला वट सावित्री व्रत 6 जून को है, जबकि पूर्णिमा वाला वट सावित्री का व्रत 21 जून को रखा गया। वट सावित्री व्रत मुख्य रूप से सावित्री और वट वृक्ष से जुड़ा हुआ है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, सावित्री ने यमराज को अपने पति सत्यवान के प्राण को लौटाने पर विवश किया था। इसलिए विवाहित स्त्रियां, पति की दीघार्यु और सकुशलता की कामना के लिए वट सावित्री व्रत करती हैं। वट सावित्री व्रत शुभ मुहूर्त ज्येष्ठ महीने की अमावस्या तिथि पांच जून, को शाम छह बजकर 24 मिनट पर शुरू हो रही है। साथ ही इस तिथि का समापन छह जून को दोपहर चार बजकर 37 मिनट पर होगा। ऐसे में हिंदू पंचांग के अनुसार, वट सावित्री व्रत छह जून गुरुवार के दिन किया जाएगा।वहीं इस दिन पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह11 बजकर 52 मिनट से दोपहर 12 बजकर 48 मिनट पर किया। को वट सावित्री की पूजा की. महिलाओं ने सुबह से ही अलीगंज प्रखंड के विभिन्न मंदिर परिसर व वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की तथा अपने पति की लंबी आयु एवं परिवार की मंगल कामना के लिए वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा. साथ ही पूजा-अर्चना करने के उपरांत महिलाओं ने वट सावित्री व्रत संपन्न किया। करवा चौथ इतना बताया गया है इसका महत्वआचार्य कौशल किशोर द्विवेदी ने बताया हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या के दिन वट सावित्री की पूजा की जाती है. इस दिन महिलाओं द्वारा उपवास रखा जाता है जो बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं।

# वट सावित्री पूजा कर रही महिलाओं पर मधुमक्खी का हुआ हमला



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] पति की दीघार्यु और सुखमय जीवन को लेकर सुहागिन महिलाओं के द्वारा की जाने वाली व्रत वट सावित्री पूजा के दौरान रेलवे कॉलौनी स्थित पुराने केंद्रीय विद्यालय भवन परिसर में वट सावित्री की पूजा करने गई महिलाओं पर अचानक मधुमक्खी का झुंड हमला कर दिया जिससे पूजा कर रही सुहागिन महिलाओं के बीच भगदड़ मच गया और लोग मधुमक्खी के हमले से बचने के लिए पूजा सामग्री छोड़कर मौके स्थल से भाग कर विद्यालय भवन परिसर से बाहर निकली। बताया जाता है वट वृक्ष के नीचे ज्योहि सुहागिन महिलाओं के द्वारा पूजा प्रारंभ करते हुए धूप जलाई वैसे ही उठते धुंआ से पेड़ पर मधुमक्खी का झुंड अचानक वृक्ष के नीचे पूजा कर रही महिलाओं पर हमला कर दिया। इस दौरान आधा दर्जनभर महिलाओं को मधुमक्खी ने काट लिया। वही दूसरी ओर पिपराडीह, पुरानी बाजार, सोहजाना आदि जगहों पर सुहागिन महिलाओं ने विधिपूर्वक वट सावित्री पूजा किया।

### छत से गिरकर बच्चा हुआ घायल, स्थिति नाजुक

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के हरना गांव में एक घर की छत से अचानक एक तीन वर्षीय बच्चा जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे की स्थिति नाजुक देखकर परिजनों ने उसे आनन फानन में इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया जहां चिकित्सक ने घायल बच्चे का इलाज किया और स्थिति नाजुक देखने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जमुई सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल बच्चे की पहचान हरना गांव निवासी नईम अंसारी का तीन वर्षीय पुत्र समशाद अंसारी के रूप में हुई है। घायल बच्चे के परिजन ने बताया कि समशाद लगभग 15 फीट ऊंचे छत से अचानक नीचे गिर गया।

# वट सावित्री व्रत पर पूजा करने को रही भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) प्रखंड के विभिन्न गांवों में बृहस्पतिवार को वट सावित्री की पूजा धूमधाम से मनाई गई। महिलाएं घर से सज धज कर अपने पति के लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। वट वृक्ष में मजबूत धागे को लपेटकर अपने रिश्ते में मजबूत करने की भगवान से प्रार्थना की। परमानपुर वार्ड नंबर 15 कारू बाबा प्रांगण के परिसर में स्थित वट वृक्ष, थाना के निकट के पास व प्रखंड के अन्य क्षेत्र में स्थित बरगद के पेड़ की पूजा करने महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वट सावित्री व्रत में ह्यवटह्ण और ह्यसावित्रीह्ण दोनों का खास महत्व माना जाता है। पीपल की तरह वट या बरगद के पेड़ का भी विशेष महत्व है। पुराणों की मानें तो वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु व महेश तीनों का वास है। इस साल वट सावित्री व्रत बृहस्पतिवार को मनाया गया। इस व्रत में बरगद पेड़ के चारों ओर घूमकर रक्षा सूत्र बांध सुहागिन महिलाएं अपने पति के दीघार्यु होने का आशीर्वाद मांगी । इस अवसर पर सुहागिनों एक-दूसरे को सिदूर लगाई। वट वृक्ष की पूजा के बाद महिलाएं पुजारी से सत्यवान और सावित्री की कथा सुनी। पति की दीघार्यु होने की कामना को लेकर महिलाओं के बीच वट सावित्री पूजा करने को ले तांता लगा रहा। सुहागिन महिलाओं ने बरगद वृक्ष के नीचे वट सावित्री पूजा की। पति के दीघार्यु होने को लेकर पूजा की। वट वृक्ष के जड़ों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु व डालियों एवं पतियों में भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है, ऐसी मान्यता है। वट सावित्री पूजा को लेकर सुहागिन महिलाओं में श्रद्धा, भक्ति व उत्साह देखा गया।

# ट्रेक्टर और दो बाईक की ठोकर में एक की मौत, एक की स्थिति गंभीर

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा सिंहेश्वर के रूपौली पंचायत स्थित लरहा नहर के समीप एक ट्रैक्टर से दो बाइक की टक्कर में एक की मौत हो गई जबकि दूसरे बाइक सवार की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पस्तपार थाना क्षेत्र किसनपुर पंचायत के भजनपट्टी निवासी ब्रह्मदेव यादव का पुत्र अजय कुमार सिंहेश्वर से जोगबनी की और जा रहा था। उसके आगे नगर पंचायत सिंहेश्वर वार्ड नंबर चार का बसंत ठाकुर भी अपने बाइक से जोगबनी की और जा रहा था। इस बीच जोगबनी की और से तेज गति से आ रहे ट्रेक्टर की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया की टक्कर इतनी तेज थी की अजय कुमार की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना डायल 112 और स्थानीय थाने को दी गई । डायल 112 व स्थानीय लोगों की मदद से दोनो बाइक सवार को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है।

# पतिव्रता धर्म को आत्मसात करने के लिए मनाया वट सावित्री व्रत

प्रात : किरण संवाददाता



पुरैनी (मधेपुरा) पुरैनी प्रखंड क्षेत्र में पति के लंम्बे ऊम्र के लिए महीलाओं ने बड़े ही नेम निष्ठा के साथ वट सावित्री व्रत रखकर पूजार्चना की यह पर्व ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या ह्यवट सावित्री अमावस्याह्ण कहलाती है। इस साल यह उपवास 6 जून को रखा गया है। इस दिन सौभाग्यवती महिलाएं अखंड सौभाग्य प्राप्त करने के लिए वट सावित्री व्रत रखकर वट वृक्ष तथा यमदेव की पूजा करती हैं। भारतीय संस्कृति में यह व्रत आदर्श नारीत्व का प्रतीक एवं पर्याय बन चुका है। वट सावित्री व्रत में वट और सावित्री, दोनों का विशेष महत्व है। ज्योतिष के अनुसार बताया जाता है कि उत्तर भारत में बरगदाही के नाम से पुकारे जाने वाले सनातन संस्कृति के उत्कृष्ट सनातन जीवन मूल्यों के परिचायक इस व्रत से जुड़ी सावित्री-सत्यवान की पौराणिक कथा से प्रायः हर सनातनधर्मी भली भांति परिचित है। वैदिक युग का वह अद्भुत घटनाक्रम आज भी पढ़ने-सुनने वाले दोनों को अभिभूत कर देता है। ऐसा विलक्षण उदाहरण किसी अन्य धर्म-संस्कृति में मिलना दुर्लभ है।शास्त्रों के अनुसार यह भी माना जाता है कि पीपल वृक्ष के समान वट वृक्ष यानी बरगद का वृक्ष भी विशेष महत्व रखता है । पुराणों के अनुसार, वट वृक्ष के मूल में ब्रह्मा, मध्य में विष्णु व अग्रभाग में शिव का वास माना गया है। अतः ऐसा माना जाता है कि इसके नीचे बैठकर पूजन व व्रत कथा आदि सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, शुक्रवार, 07 जून, 2024

सम्पादकीय

## परिणाम सचमुच चौंकाने वाला

लोकसभा चुनाव के परिणाम सचमुच चौंकाने वाले रहे। यह चौंकना भारतीय जनता पार्टी और विशेषकर नरेन्द्र मोदी द्वारा पैदा की गई उस अतिश्योक्ति के संदर्भ में ज्यादा रहा जिसमें वे भाजपा को अकेले दम 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 सीटों के पार ले जाने का जोरदार दावा कर रहे थे। सारा चुनाव इसी सीमा रेखा के इर्द-गिर्द घूम गया कि 400 पार होंगे या नहीं होंगे। मतदान के तुरंत बाद हुए एग्जिट पोल अनुमानों ने 400 पार की संख्या को जैसे वास्तविकता में ही बदल दिया, लेकिन जब वास्तविक परिणाम आए तो 400 पार की ये उड़ान किसी घायल परिंदे की तरह जमीन पर आ गई और 292 पर ही सिमट गई और राजग 300 का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका। भाजपा को सबसे तगड़ा झटका उत्तर प्रदेश ने दिया जहां वह अकेली सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरने में असफल रही। और समाजवादी पार्टी सबसे बड़े विजयी दल के रूप में उभरकर आई। मेनका गांधी, स्मृति ईरानी, अजय मिश्रा आदि की हार के साथ-साथ सर्वाधिक आश्चर्यजनक और आघातकारी हार फैजाबाद (अयोध्या) में रही जहां समाजवादी पार्टी ने भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को पराजित कर दिया। पश्चिम बंगाल ने भी भाजपा को तगड़ा झटका दिया। जो भाजपा वहां 30 से ज्यादा सीटें लाने का दावा कर रही थी वो 30 सीटें तृणमूल कांग्रेस के खाते में चली गई। अगर भाजपा को ओडिशा में ज्यादा सीटें न मिली होती और उसके सहयोगी दल तेलुगु देशम पार्टी या बिहार में जनता दल (यू) ने अपेक्षा से ज्यादा सीटें नहीं पाई होतीं तो भाजपा के लिए सरकार बनाना भी कठिन हो जाता। ये चुनाव परिणाम बताते हैं कि नरेन्द्र मोदी की और योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता में भारी गिरावट हुई है। उनका राम मंदिर का पत्ता, जिसे वे तुरुप का पत्ता मान रहे थे, नहीं चला। उसी तरह मांस, मछली और मंगलसूत्र और मुसलमान जैसे शिगूफे नहीं चले। दूसरी ओर विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी, आरक्षण, संविधान तथा लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर मतदाता को प्रभावित करने में सफल रहा। भाजपा की अपेक्षाओं को पिन चुभाने का काम उत्तर प्रदेश में जातीय समीकरणों ने भी किया। मुसलमान और यादव मतदाता एकजुट होकर सपा और कांग्रेस गठबंधन के साथ थे तथा मोदी-योगी की शैली से नाराज कुछ अन्य जातियों के मतदाता भी सपा-कांग्रेस के साथ गए। उत्तर प्रदेश ने कई अर्थों में भाजपा के विजय रथ को रोक दिया। इन परिणामों पर कांग्रेस ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मोदी की नैतिक हार बताया और सरकार बनाने की स्थिति में न होते हुए भी अपनी जीत बताया है। इंडिया गठबंधन के कुछ घटक दलों ने भी मोदी से सीधे-सीधे इस्तीफे की मांग कर दी है। इस चुनाव की हार-जीत का विश्लेषण तो लंबे समय तक चलता रहेगा लेकिन इसने जहां एक ओर एग्जिट पोल की विश्वनीयता को ध्वस्त कर दिया तो दूसरी ओर चुनाव आयोग की विश्वनीयता को स्थापित कर दिया। इस चुनाव में मतदाता व्यवहारिक का समाजशास्त्रीय अध्ययन से मिथक भी टूट गया है कि जिन क्षेत्रों का सामाजिक-आर्थिक विकास होता है वहां जाति का प्रभाव कम हो जाता है। बनारस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है और पिछले 10 वर्षों से वहां जितना विकास हुआ उतना शायद ही अन्य हिस्सों में हुआ होगा। लेकिन बनारस संसदीय क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के अन्य संसदीय क्षेत्रों की ही तरह चुनावों में जाति बड़ा कारक रहा।

## नतीजा सबसे बड़ा झटका

उमेश चतुर्वेदी

अठारहवीं लोक सभा चुनावों में भाजपा भले ही सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी हो, लेकिन मोटे तौर पर देखें तो यह नतीजा उसके लिए सबसे बड़ा झटका ही माना जाएगा। 2014 में जब पार्टी 283 सीटों के साथ अपने दम पर बहुमत हासिल करके सत्ता में आई थी, तब कहा गया था कि देश का मतदाता प्रबुद्ध हो गया है। उसे अस्थिर सरकारें मंजूर नहीं हैं। 2019 के आम चुनाव ने इसी धारणा को आगे बढ़ाया और ब्रांड मोदी का नाम स्थापित हो गया, लेकिन 2024 में स्थितियां बदली हुई हैं। ये पंक्तियां लिखी जाते वक्त तक भाजपा अपने दम पर ढाई सौ का आंकड़ा भी पार करती नहीं दिख रही है। ऐसे में सवाल उठेंगे कि भारतीय जनता पार्टी कहां चूकी?भाजपा को सबसे ज्यादा उम्मीद जिस उत्तर प्रदेश से रही है, वहां पार्टी को सीटों का सबसे ज्यादा नुकसान है। बिहार में भी वह सबसे बड़ा दल होती थी, लेकिन इस बार उसे जनता दल (यू) मात देता नजर आ रहा है। वह आगे निकल गया है। पश्चिम बंगाल में उसे बड़ी जीत की उम्मीद थी, तकरीबन सारे एक्जिट पोल ऐसी ही उम्मीद जता रहे थे, लेकिन वैसा नहीं हुआ। उलटे उसकी सीटें भी घट गई। राजस्थान में भी पार्टी बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। राज्य की आधी सीटों पर ही जीत हासिल होती नजर आ रही है। पार्टी को हरियाणा में भी झटका लगा है। लेकिन प्रज्ज्वल रेवन्ना कांड के बाद जिस कर्नाटक से उसे सबसे ज्यादा झटके की उम्मीद थी, वहां से उसे उतना नुकसान नहीं हुआ है। भाजपा भले ही तमिलनाडु से बहुत उम्मीद कर रही थी, लेकिन वहां भी उसे 2014 की तरह महज एक सीट पर ही जीत मिलती नजर आ रही है। भाजपा को महाराष्ट्र में भी बड़ा नुकसान हुआ है। पिछली बार पार्टी के यहां से 22 सांसद जीते थे। लेकिन इस बार उसकी सीटें आधी रह गई हैं। एनसीपी से अलग होकर भाजपा का साथ देने वाले अजित पवार को महज एक ही सीटें मिलती नजर आ रही हैं। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि भाजपा को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, बिहार और हरियाणा से बड़ा झटका लगा है। हालांकि पार्टी को सबसे ज्यादा समर्थन मध्य प्रदेश से मिला है। गुजरात में भी उसका गढ़ बचा हुआ है। असम, अरु णाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल में भी उसका जादू चल रहा है। सवाल यह है कि आखिर, भाजपा उत्तर प्रदेश में क्यों कमजोर हो गई? फौरी तौर पर देखें तो सबसे बड़ा कारण यहां के युवाओं के गुस्से को बड़ा कारण माना जा रहा है। राज्य में बार-बार परीक्षाओं के पेपर आउट होते रहे। इससे युवाओं में गुस्सा रहा। इसकी वजह से उनकी नौकरियां लगातार दूर जाती रहीं। अग्निवीर योजना को लेकर विपक्षी दलों विशेषकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा नेता अखिलेश यादव ने जिस तरह मुद्दा बनाया, उसने युवाओं में भाजपा के खिलाफ गुस्सा भर दिया। राम मंदिर के निर्माण के बाद समूचा देश जिस तरह राममय हुआ था, उससे भाजपा को उम्मीद थी कि पार्टी को रामभक्तों का बहुत साथ मिलेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में ही राम की लहर नहीं चल पाई। उत्तर प्रदेश में भाजपा की मौजूदा हालात के चलते 1999 का आम चुनाव याद आ रहा है। तब उत्तराखंड भी उत्तर प्रदेश का हिस्सा था, इस लिहाज से उत्तर प्रदेश में लोक सभा की 85 सीटें थीं। 1998 के आम चुनावों में भाजपा को राज्य से 52 सीटें मिली थीं। लेकिन बाद में कल्याण सिंह ने बागी रुख अपना लिया तो अगले ही साल हुए आम चुनावों में भाजपा की 23 सीटें घट गई। कुछ ऐसी ही स्थिति इस बार भाजपा की उत्तर प्रदेश में होती दिख रही है। पार्टी अपना आकलन तो करेगी, लेकिन मोटे तौर पर माना जा रहा है कि भाजपा को राज्य में सबसे ज्यादा नुकसान युवाओं के गुस्से, राज्य सरकार के स्थानीय स्तर पर भ्रष्टाचार ना रोक पाने और गलत उम्मीदवार देने की वजह से हुआ। उदाहरण के लिए बलिया से नीरज शेखर की उम्मीदवारी पर पार्टी के ही लोगों को सबसे ज्यादा ऐतराज रहा। खुद प्रधानमंत्री मोदी भी डाक मतमत्रों में छह हजार से ज्यादा वोटों से पीछे चलते रहे, इसका मतलब साफ है कि भाजपा को लेकर राज्य में एक तरह से गुस्सा था, जिसे भांपने में पार्टी नाकाम रही। बिहार के बारे में माना जा रहा था कि नीतीश को नुकसान होगा लेकिन इसके ठीक उलट नीतीश अपनी ताकत बचाए रखने में कामयाब हुए हैं। राज्य में अब जनता दल सबसे बड़ा संसदीय दल है। तो क्या यह मान लिया जाए कि 2020 के विधानसभा चुनावों में कमजोर किए जाने की कथित कोशिश को पलट दिया है? पार्टी को महाराष्ट्र में शायद अजीत पवार को साथ लाना उसके वोटरों को पसंद नहीं आया। भाजपा ही उन्हें राज्य की सिंचाई घोटाले का आरोपी मानती रही और उन्हें ही उपमुख्यमंत्री बनाकर ले आई। जब कोई विपक्षी व्यक्ति पार्टी या गठबंधन में लाया जाता है, तो सबसे ज्यादा जमीनी कार्यकर्ता को परेशानी होती है। वह पसोपेश में पड़ जाता है कि कल तक वह अपनी पार्टी लाइन के लिहाज से जिसका विरोध करता रहा, उसका अब कैसे समर्थन करेगा। महाराष्ट्र का कार्यकर्ता इसीलिए निराश रहा। जिसका असर चुनावी नतीजों पर दिख रहा है। हरियाणा के प्रभुत्वशाली जाट मतदाताओं को सबसे ज्यादा गुस्सा अग्निवीर और शासन में उसकी घटती भागीदारी को लेकर रहा। इसकी वजह से यहां का अधिसंख्य मतदाता पार्टी से रुष्ट हुआ और नतीजा सामने है। राजस्थान में भाजपा का कार्यकर्ता ही मुख्यमंत्री भजनलाल को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। पार्टी की दिग्गज नेता वसुंधरा को किनारे लगाया जाना भी भाजपा की अंदरूनी राजनीति पर असर डाला। इसका असर है कि पार्टी राज्य में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई। पश्चिम बंगाल में ममता अपने किले को बचाने में कामयाब रहीं। हालांकि ओडिशा में पार्टी का जबरदस्त प्रदर्शन रहा जहां राज्य सरकार के साथ ही संसद की ज्यादातर सीटों पर वह काबिज हो चुकी है। इस चुनाव ने यह भी संदेश दिया है कि गठबंधन की राजनीति खत्म नहीं हुई है। दो कार्यकाल में अपने दम पर बहुमत हासिल करने के चलते मोदी-शाह की जोड़ी लगातार अपने एजेंडे को लागू करती रही लेकिन अब गठबंधन की सरकार होगी, इसलिए अब इस जोड़ी को पहले के दो कार्यकाल की तरह काम करना आसान नहीं होगा।

# उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार का कौन जिम्मेदार?

देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी बहुमत का आंकड़ा अकेले बल पर नहीं छू पाई। मोदी की करिश्माई राजनीति का जादू अब खत्म होता दिख रहा है। वाराणसी में साल 2014 और 2019 में जीत के अंतराल का जो गणित था वह इस बार कायम नहीं रहा। राहुल गाँधी उनसे अधिक मतों से जीत हासिल किया। वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव भले जीत गए, लेकिन यह जीत इतनी बेहतर और शानदार नहीं कहीं जा सकती। नैतिक रूप से इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय मोदी के सामने हारकर भी जीते हैं। हिंदुत्व की उग्र राजनीति का उत्तर प्रदेश से सफाया हो गया है। दो लड़कों की जोड़ी ने यहाँ कमाल कर दिखाया है। भाजपा को उत्तर प्रदेश से सबसे बड़ी उम्मीद थी, लेकिन राहुल गाँधी और अखिलेश यादव ने उस उम्मीद को तोड़ दिया है। इस जोड़ी ने जो काम साल 2019 में नहीं कर पायी उसे 2024 में अंजाम तक पहुंचा दिया। मोदी और योगी का जादू नहीं चल पाया है। यहाँ की जनता ने हिंदुत्व की राजनीति को सिरे से नकार दिया है यह अपने आप में यह बड़ा संदेश है। संविधान, आरक्षण और बेरोजगारी की जंग ने धर्म की राजनीति को बड़ा संदेश दिया है। उत्तर प्रदेश के युवाओं ने राहुल गाँधी के रोजगार के मुद्दे को दिल से लिया और दो लड़कों की जोड़ी पर भरोसा जताया। सबसे बड़ा संदेश अयोध्या ने दिया है फैजाबाद सीट ने उसे आइना दिखाया है। ओबीसी और दलित और मुस्लिम वोट ने कमाल कर दिखाया है। ओबीसी वोट भाजपा के हाथ से फिसल गया। यह भाजपा के लिए चुनौती है।





**प्रभुनाथ शुक्ल**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

देश का आम चुनाव परिवर्तन की राजनीति का संदेश है। इस चुनाव को जनता ने अपने मुद्दों के साथ लड़ा है। वह धर्म की राजनीति करने वाली भाजपा जैसी पार्टी को नया संदेश दिया है। सरकार कोई भी बनाए या सत्ता किसी के हाथ में हो, लेकिन अब आम लोगों के हित की बात होनी चाहिए। जनता ने धर्म और जाति के खिलाफ जनादेश दिया है। देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी बहुमत का आंकड़ा अकेले बल पर नहीं छू पाई। मोदी की करिश्माई राजनीति का जादू अब खत्म होता दिख रहा है। वाराणसी में साल 2014 और 2019 में जीत के अंतराल का जो गणित था वह इस बार कायम नहीं रहा। राहुल गाँधी उनसे अधिक मतों से जीत हासिल किया। वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव भले जीत गए, लेकिन यह जीत इतनी बेहतर और शानदार नहीं कहीं जा सकती। नैतिक रूप से इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार अजय राय मोदी के सामने हारकर भी जीते हैं।

हिंदुत्व की उग्र राजनीति का उत्तर प्रदेश से सफाया हो गया है। दो लड़कों की जोड़ी ने यहाँ कमाल कर दिखाया है। भाजपा को उत्तर प्रदेश से सबसे बड़ी उम्मीद थी, लेकिन राहुल गाँधी और अखिलेश यादव ने उस उम्मीद को तोड़ दिया है। इस जोड़ी ने जो काम साल 2019 में नहीं कर पायी उसे 2024 में अंजाम तक पहुंचा दिया। मोदी और योगी का जादू नहीं चल पाया है। यहाँ की जनता ने हिंदुत्व की राजनीति को सिरे से नकार दिया है यह अपने आप में यह बड़ा संदेश है। संविधान, आरक्षण और बेरोजगारी की जंग ने धर्म की राजनीति को बड़ा संदेश दिया है। उत्तर प्रदेश के युवाओं ने राहुल गाँधी के रोजगार के मुद्दे को दिल से लिया और दो लड़कों की जोड़ी पर भरोसा जताया। सबसे बड़ा संदेश अयोध्या ने दिया है फैजाबाद सीट ने उसे आइना दिखाया है। ओबीसी और दलित और मुस्लिम वोट ने कमाल कर दिखाया है। ओबीसी वोट भाजपा के हाथ से फिसल गया। यह भाजपा के लिए चुनौती है।

जिस उत्तर प्रदेश पर भाजपा को बड़ा नाज था उसने मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ वोट किया। अब सवाल उठता है की प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह यूपी की हर चुनावी जन सभाओं में योगी के सुशासन का गुणगान करते नहीं थकते थे। लेकिन खुद योगी अपने राज्य में भजपा को नहीं बचा पाए। फिलहाल इसके लिए कौन जिम्मेदार है मोदी या योगी। सबसे अहम सवाल है कि जनता मोदी और योगी के नाम पर कब तक वोट करेगी। उत्तर प्रदेश में जिन सहयोगियों पर उन्हें अटूट भरोसा था वह भी कुछ नहीं कर पाए। यहाँ अखिलेश यादव का पीडीए फामूर्ला काम कर गया। यूपी में दलित वोटर मायावती की निष्क्रिय राजनीति को भाँप गया लिहाजा वह इण्डिया गठबंधन की तरफ चला गया। मुसलमान और यादवों के साथ दूसरी पिछड़ी जातियों ने इण्डिया को वोट किया। भाजपा जिस ओबोसी पर पूरा भरोसा जताती थीं उसी ने जमीन चटा दिया।

उत्तर प्रदेश में भाजपा की सीधी हार के लिए केंद्रीय नेतृत्व मुख्यमंत्री से अधिक जिम्मेदार और जबाबदेह है। क्योंकि जिस तरह मीडिया में संगठन को लेकर जिस तरफ स्थिति बनी वह भी अहम कारण रहा है। टिकट बंटवारे को लेकर भी सवाल उठे। ठाकुरो की नाराजगी वाला मुद्दा भी अहम रहा। आंतरिक तौर पर जिस तरह विपक्ष के नेताओं को चुनाव के दौरान जाँच एजेंसियों का इस्तेमाल किया गया वह भी अहम है। यूपी में योगी और अमितशाह के रिश्ते को लेकर भी पार्टी की आंतरिक लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। कई नेताओं के टिकट कटने से भी इसका प्रभाव पड़ा। दूसरी बात यह बात बराबर मीडिया में चर्चा रहीं की मोदी और अमितशाह के आगे किसी की नहीं लगती है।

भाजपा कुछ भी कहे लेकिन आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी से बिल्कुल परेशान है। युवाओं ने इस बार इण्डिया को जमकर वोट किया। क्योंकि यूपी आज तक कोई सी परीक्षा नहीं हुई जिसका पेपर लीक न हुआ हो। यूपी में काफी संख्या में सरकारी पद खाली पड़े हैं। जिसकी वजह से आम आदमी परेशान है। पीएम मोदी ने अपने चुनावी भाषण में सिर्फ कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का उपहास उड़ाते रहे। रोजगार और अग्निवीर योजना के प्रति गुस्सा चुनावों में साफ दिखता है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई लोकसभा सीटें मुस्लिम बाहुल्य हैं। मुस्लिम आरक्षण को लेकर जिस तरह पीएम कांग्रेस पर हमलावर हुए उससे मुस्लिम वोट सीधे इण्डिया गठबंधन की तरफ मुड़ गया। इसके अलावा माफिया अतीक और अफजल अंसारी की मौत और बुलड़ोजर नीति ने भी बेड़ागर्त किया। तीन तलाक बिल से राहत महसूस करने वाली मुस्लिम महिलाएं भी अबकी बार भाजपा को वोट नहीं किया। मुस्लिम और यादव के साथ अन्य ओबीसी में गजब का ध्रुवीकरण देखा गया यह भजपा के लिए बड़ा सबक है। सिर्फ विपक्ष को जेल भेजकर देश नहीं चल सकता है इसके लिए नीति बदलनी होगी। आईटी सेल की भाषा भी बदलनी होगी। सबका साथ सबका विकास भाषण के साथ जमीन पर उतरना होगा। फिलहाल यूपी में योगी भूमिका अहम है केंद्रीय नेतृत्व उन्हें किनारे कर सफल नहीं हो सकता है। योगी सरकार और कानून व्यवस्था को लेकर खरे उतरे हैं। इस हार के तमाम अन्य कारण भी हैं।

पूर्वांचल में भाजपा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। भाजपा -राजभर की जोड़ी कुछ नहीं कर पाई। अगर बहुजन समाज पार्टी खुद को सेफ पॉलटिक्स की राजनीति से अलग रहते हुए इंडिया गठबंधन का हिस्सा होती तो उत्तर प्रदेश में भाजपा की जमीन खत्म हो गई होती और बसपा का नया जीवन मिल जाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए बड़ा संदेश है। इस जनादेश से साबित हो गया है कि अब राजनीति दूसरी तरफ मुड़ रहीं है। जौनपुर में धनंजय सिंह के साथ जिस तरह का सियासी दाबाव बनाया गया उसका भी बुरा असर दिखा और भाजपा जौनपुर सीट हार गई।

अगर भारतीय जनता पार्टी एनडीए गठबंधन के साथ सरकार बनाएगी लेकिन सरकार का भविष्य क्या होगा कहना मुश्किल है। भाजपा अब तक जो खुला खेल-खेल रही थी वह नहीं खेल पाएगी। उसकी उम्मीद पर पानी फिर गया है। वह खुद बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई। कहा जाता है

# गठबंधन बनाम क्षेत्रीय दलों की राजनीति में उभार

बीते सालों में महाराश्ट्र और हरियाणा में भाजपा–षिवसेना, अकाली दल और इनेलो से दषकों से चले आ रहे गठबंधनों का टूटना इन्हीं आषयों के परिणाम थे। लेकिन अब आए चुनाव परिणामों ने अकेली भाजपा को 240 सीटों पर सिमटा दिया। भाजपा स्पष्ट बहुमत से 32 सीटें पीछें रह गई। हालांकि उसके नेतृत्व वाले राजग गठबंधन के पास 291 सीटें हैं। अतएव राजग बहुमत में है। लेकिन भाजपा खुद 272 सीटें लाई होती तो उसकी पूर्व की तरह ठसक बनी रहेती। बावजूद नरेंद्र मोदी नेहरू के बाद ऐसे अकेले प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें मतदाता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने रहने का जनादेश दिया है। यह करिष्मा 62 साल बाद हुआ है। लेकिन अब पेंडुलम की तरह लटकी भाजपा को 16 सीटें जीतने वाले चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और 16 सीटें जीतने वाली नीतीष कुमार की जदयू से पूरे पांच साल वैसाखियों का सहारा लेना पड़ेगा। ये दोनों दल किंगमेकर की भूमिका में आ गए है। इन और अन्य सहयोगी दलों के साथ भाजपा तीसरी बार केंद्र में सत्तारूढ़ होने जा रही है। षक्ति अर्थ की हो या राजनीतिक सत्ता की, जब वह उम्मीद से ज्यादा हाथ लग जाती है तो महत्वाकांक्षाएं बेलगाम होने लगती हैं। लिहाजा 2014 और 2019 की अप्रत्याषित जीत के बाद भाजपा की जहां महत्वाकांक्षा बढ़ी, वहीं आत्मविष्वास प्रबल हुआ। नतीजतन नरेंद्र–अमित की युगल जोड़ी ने भाजपा को गठबंधन से मुक्ति के पंखों पर सवार कर दिया था।



**प्रमोद भार्गव**
**लेखक शिक्षाविद है**

जिस तरह से षक्ति और सत्ता राजनीति के आधारभूत सिद्धांत माने जाते हैं, उसी तरह राजनीति से यह मान्यता भी जुड़ी है कि राजनीति में वही आगे बढ़ते हैं, जो अवसर का लाभ उठाकर उसे भुनाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित षाह की जोड़ी के लिए गठबंध की राजनीति के बीते दस साल में लगभग यही पर्याय रहे हैं।

बीते सालों में महाराश्ट्र और हरियाणा में भाजपा-षिवसेना, अकाली दल और इनेलो से दषकों से चले आ रहे गठबंधनों का टूटना इन्हीं आषयों के परिणाम थे। लेकिन अब आए चुनाव परिणामों ने अकेली भाजपा को 240 सीटों पर सिमटा दिया। भाजपा स्पष्ट बहुमत से 32 सीटें पीछें रह गई। हालांकि उसके नेतृत्व वाले राजग गठबंधन के पास 291 सीटें हैं। अतएव राजग बहुमत में है। लेकिन भाजपा खुद 272 सीटें लाई होती तो उसकी पूर्व की तरह ठसक बनी रहेती। बावजूद नरेंद्र मोदी नेहरू के बाद ऐसे अकेले प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें मतदाता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने रहने का जनादेश दिया है।

यह करिष्मा 62 साल बाद हुआ है। लेकिन अब पेंडुलम की तरह लटकी भाजपा को 16 सीटें जीतने वाले चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और 16 सीटें जीतने वाली नीतीष कुमार की जदयू से पूरे पांच साल वैसाखियों का सहारा लेना पड़ेगा। ये दोनों दल किंगमेकर की भूमिका में आ गए है। इन और अन्य सहयोगी दलों के साथ भाजपा तीसरी बार केंद्र में सत्तारूढ़ होने जा रही है।

षक्ति अर्थ की हो या राजनीतिक सत्ता की, जब वह उम्मीद से ज्यादा हाथ लग जाती है तो महत्वाकांक्षाएं बेलगाम होने लगती हैं। लिहाजा 2014 और 2019 की अप्रत्याषित जीत के बाद भाजपा की जहां महत्वाकांक्षा बढ़ी, वहीं आत्मविष्वास प्रबल हुआ। नतीजतन नरेंद्र-अमित की युगल जोड़ी ने भाजपा को गठबंधन से मुक्ति के पंखों पर सवार कर दिया था। भाजपा चाहने लगी थी कि यदि राजनीतिक पहुंच वाले राज्य में उसकी अकेले दल के रूप में पकड़ मजबूत होगी तो वह कालांतर में गठबंधन की लाचारी से मुक्त होती चली जाएगी।

इसी धारणा के चलते उसने अपने सबसे पुराने सहयोगी षिवसेना और अकाली दल से नाता तोड़ लिया था। दरअसल भाजपा की जो राजनीति, संस्कृति और कार्यषैली है, कमोवेष वही षिवसेना की है। दोनों उग्र हिंदुत्व और राश्ट्रीय सांस्कृतिक एकात्मवाद के अनुयायी हैं।

लेकिन भाजपा गठबंधन में सहयोगी रहे जिस राज्य में भाजपा को सबसे बड़ा झटका लगा है, उसमें महाराश्ट्र प्रमुख है। 2014 और 2019 में महाराश्ट्र की 48 सीटों में से भाजपा-षिवसेना को 41 सीटें मिली थीं। 2019 के विधानसभा चुनाव में स्पश्ट बहुमत के बावजूद मुख्यमंत्री पद को लेकर दोनों दलों में बिगड़ गई। इसी के साथ राज्य की राजनीति में बदलाव आ गया। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस-एनसीपी के साथ मिकर सरकार बनाई तो भाजपा ने षिवसेना मंर विभाजन कर सरकार गिरा दी और एकनाथ षिंदे को मुख्यमंत्री बनवा दिया। यही नहीं एकनाथ षिंदे की ही षिवसेना को असली होने का दर्जा मिल गया। साथ ही षरद पवार की एनसीपी के भी दो टुकड़े कर दिए। भतीजे अजीत पवार ने चाचा की पार्टी छीन ली। हालांकि यह कदम उल्टा पड़ा।

उद्धव और षरद पवार ने मराठी अस्मिता को मुद्दा बनाया और मतदाता की सहानुभूती बटोरने में सफल रहे। अब यहां सबसे ज्यादा 13 सीटें जीतकर कांग्रेस बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। षिवसेना-उद्धव को 9, एनसीपी-षरद को 7 सीटें मिली हैं। भाजपा को दस सीटों पर संतोश करना पड़ा है।

चूंकि इस चुनाव में अजीत पवार को मात्र एक सीट मिली है। इससे उनकी नेतृत्व क्षमता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। महाराष्ट्र में इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव के इन नतीजों का असर विधानसभा चुनाव पर भी दिखाई दे सकता है? अतएव महाराश्ट्र में अब कांग्रेस, एनसीपी-षरद और षिवसेना उद्धव के एक साथ आने से महाविकास अघाड़ी की ताकत बढ़ गई है, जो भाजपा को महंगी पड़ सकती है। आंध्र प्रदेष में भाजपा के सहयोगी तेलगु देषम पार्टी के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने 16 सीटों पर जीत हासिल की है। आंध्र प्रदेष में हुए विधानसभा चुनाव में भी नायडू को सरकार बनाने के लिए स्पश्ट बहुमत मिल गया है। नायडू ने कह भी दिया है कि आंध्रप्रदेष की जनता ने राजग के साथ हमारे गठबंधन पर भरोसा करके हमें बड़ी जीत दिलाई है।

हम राजग के साथ है। साफ है, नायडू केंद्र सरकार में अपने सांसदों को मंत्री बनाकर भाजपा को ताकत देते रहेंगे। इधर बिहार में राजग गठबंधन ने बड़ी संख्या में सीटें हासिल करके लालू और तेजस्वी यादव को आईना दिखा दिया है। यहां चालीस सीटों में से 12 जदयू, 12 भाजपा, और पांच लोजपा ने जीती हैं। अतएव कहा जा सकता है कि चुनाव से पहले नीतीष कुमार के जदयू को साथ लाकर बड़े नुकसान से बच गई। बिहार के इन परिणामों से गठबंधन की महिमा को स्थापित किया है। जदयू नेता केसी त्यागी का कहना है कि चुनाव पूर्व राजग से गठबंधन को लेकर हमारी जो प्रतिबद्धताएं हैं, वे बनी रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीतीश और नायडू को अच्छी जीत के लिए बधाई दे दी है।

दस साल बाद इस चुनाव में एक बार फिर क्षेत्रीय मुद्दों और क्षेत्रीय दलों का प्रभाव दिखाई दिया है। क्षेत्रीय दलों की राजनीतिक ताकत स्थानीय मुद्दे और जातीयता होती है। देश के सबसे ज्यादा संसदीय 80 सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में मायावती, मुलायम सिंह और अखिलेश यादव को जब भी सत्ता का सुख मिला है, उसमें यही राजनीति के गुण शामिल रहे हैं। यही सब दक्षिण भारत के राज्यों में क्षेत्रीय क्षत्रपों का दबदबा देखने में आया। तमिलनाडु में स्टालिन की द्रमुक ने इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर राज्य की सभी 39 सीटों पर जीत दर्ज करा ली है। आप के साथ मिलकर कांग्रेस ने पंजाब में सभी 10 सीटें इंडिया गठबंधन के खाते में डलवा दी। पश्चिम बंगाल की क्षेत्रीय नेता ममता बनर्जी ने अपने जादू को बनाए रखा है। तृणमूल ने महिला और मुस्लिम मतदाताओं को साधकर 30 सीटों पर सफलता प्राप्त की। जबकि उसकी 2019 में 22 सीटें थीं। भाजपा को यहां 2019 में जीतीं 18 सीटों की तुलना में 2024 में 11 सीटों पर ही संतोश करना पड़ा है। ममता ने बंगाल में इंडिया के साथ कोई गठबंधन भी नहीं किया था। वे अकेली चलीं और उन्होंने भाजपा के सीएए एवं संदेषखाली के मुद्दों को नाकाम कर दिया। तय है, ममता आगे भी क्षेत्रीय क्षत्रप बनी रहेंगी। वे अब सीएए और एनआरसी का भी संसद में अपने सांसदों से मुखर विरोध कराएंगी। भाजपा के चर्चित चेहरे सुरेष गोपी ने केरल में जीत दर्ज कराकर एक बड़ी कामयाबी दर्ज की है।

भाजपा स्पष्ट बहुमत में जरूर नहीं है, लेकिन उसने अपनी पार्टी का विस्तार करते हुए ओडिषा में जबरदस्त दस्तक दी है। नवीन पटनायक के 24 साल से चले आ रहे राज को खत्म करके भाजपा ने जता दिया है कि वे पार्टी के देशव्यापी विस्तार के लिए संघर्ष करती रहेंगी।

ओडिशा में भाजपा को दोहरी खुशी मिली है। यहां उसने लोकसभा की 21 सीटों में से 19 सीटें जीतकर अप्रत्याशित ढंग से अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा दी है। दूसरी तरफ भाजपा को यहां हुए विधानसभा चुनाव में भी स्पष्ट बहुमत मिल गया है। विधानसभा की कुल 147 सीटों में से भाजपा ने 78 सीटों पर विजय हासिल की है।

# मोदी के अहंकार का प्रतिफल है इंडिया की जीत!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

भाजपा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत तो हासिल हो गया है। किन जिस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे को आगे करके इस चुनाव में एनडीए गठबंधन को 272 के पूर्ण बहुमत से कुछ अधिक सीटें आई हैं। वही विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन को पिछले दो आम चुनावों के मुकाबले अच्छी खासी बढ़त हासिल हुई है। इस चुनाव पर दुनिया भर के देशों की नजर थी क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में और बड़े बहुमत से लौटने की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन कम सीटे आने और भाजपा के बहुमत से दूर रह जाने के कारण अब बीजेपी को अपने घटक दलों पर निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसे में सवाल यह उठता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निर्णायक तरीके से राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय नीतियों का निर्धारण क्या अब भी कर पाएंगे। इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की जोड़ी ने भाजपा की उम्मीदों से कही ज्यादा सीटें लाकर भाजपा को हैरान कर दिया है। उत्तर प्रदेश की सबसे हॉट सीट वाराणसी में कांग्रेस नेता अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत मुश्किल कर दी थी। बीजेपी वाराणसी में पहले ऐतिहासिक जीत दर्ज करने का दावा कर रही थी। हालांकि वह चुनाव जीत भी गई लेकिन जीत का मार्जिन 2019 के मुकाबले काफी कम हो गया है। जिस सीट पर भाजपा ने ऐतिहासिक वोटों से जीत दर्ज करने का एक लक्ष्य रखा था, उसे कहीं न कहीं इंडिया गठबंधन ने ध्वस्त कर दिया है। वाराणसी से कांग्रेस उम्मीदवार अजय राय चुनाव हार गए हैं, लेकिन उन्होंने दो बार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कड़ी टक्कर दी है। मोदी ने सिर्फ डेढ़ लाख वोट से जीत दर्ज की है। 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट से एक तरफ जीत दर्ज करने वाले बीजेपी उम्मीदवार नरेंद्र मोदी को 6 लाख 12 हजार 970 वोट मिले हैं। वहीं कांग्रेस कैंडिडेट अजय राय को 4 लाख 60 हजार 457 वोट मिले हैं। इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार अजय राय वोटिंग शुरू होने के बाद काफी देर तक बीजेपी प्रत्याशी नरेंद्र मोदी से आगे चल रहे थे। काउंटिंग शुरू होने के करीब 2 घंटे तक अजय राय बढ़त बनाए हुए थे, लेकिन उसके बाद नरेंद्र मोदी ने बढ़त बनाई और बढ़त को बरकरार रखा। अजय राय मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष है। जब से अजय राय प्रदेश अध्यक्ष बने हैं, तब से यूपी कांग्रेस में जान आ गई है। यही वजह है कि कांग्रेस ने न केवल वाराणसी में पीएम मोदी को कड़ी टक्कर दी है। वाराणसी सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अजय राय ने कहा कि सत्ता बल की धौंस और भारी धन बल के निवेश के मुकाबले काशी की महान जनता ने विपुल जन समर्थन का जितना आशीर्वाद मुझे दिया है। वह सत्ता के शीर्ष दुर्ग के खिलाफ मेरी नैतिक जीत है। बाबा विश्वनाथ की कृपा और शिवस्वरूप काशीवासियों से मिले इस प्रेम का मैं जीवन की अंतिम सांस तक ऋणी रहूंगा और मेरा जीवन काशी की सेवा को सतत समर्पित रहेगा।

# संजय जायसवाल के दबाव में माले नेता व मुखिया नवीन कुमार पर हुए फर्जी मुकदमा, जिला प्रशासन वापस ले : वीरेंद्र गुप्ता

## भ्रष्ट सांप्रदायिक ताकतों के दबाव में राजनीति नहीं करता महागठबंधनः प्रभु यादव

प्रात : किरण, संवाददाता



बेतिया( मोहन सिंह )। लोकसभा चुनाव में पश्चिम चंपारण क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी संजय जायसवाल के खिलाफ इंडिया एलायंस के प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी के लिए चुनाव प्रचार करने के वजह से भाकपा माले नेता सह बैरिया पंचायत के मुखिया व मुखिया संघ के प्रवक्ता नवीन कुमार पर चुनाव बीतते ही 27 मई को बैरिया थाना कांड संख्या 179/24 सांसद संजय जायसवाल के दबाव में दर्ज कराया गया है जिसका महागठबंधन और मुखिया महासंघ पश्चिम चंपारण कड़ी निंदा करते हुए इसे वापस लेने की मांग करता है। पुलिस केस वापस करने की मांग को लेकर 07 मार्च को बेतिया में न्याय मार्च निकालकर जिला पदाधिकारी को आवेदन देकर मुकदमा वापसी की मांग किया जाएगा। उक्त बातें भगत सिंह अंबेडकर शोध मंच बुद्धा कॉलोनी बेतिया में महागठबंधन और मुखिया महासंघ पश्चिम चंपारण द्वारा प्रेस कांफ्रेंस कर माले विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने कहा। उन्होंने कहा कि नवीन कुमार पर किया गया मुकदमा फर्जी है। प्रशासन इसका निष्पक्ष जांच कर वापस ले।प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाकपा जिला सचिव ओमप्रकाश क्रांति कांग्रेस जिलाध्यक्ष भारत भूषण दूबे राजद जिला प्रवक्ता प्रभु यादव, जिला मुखिया महासंघ के जिलाध्यक्ष अफसर इमाम, किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राव, इंसाफ मंच के जिला सचिव फरहान राजा, भाकपा नेता बबलू दूबे, इंकलाबी नौजवान सभा के सुरेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे। वही कांग्रेस जिलाध्यक्ष भारत भूषण दूबे ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद सांसद संजय जायसवाल अपने राजनीतिक विरोधियों को निपटाने में लगे हैं। नवीन कुमार अति पिछड़ा समुदाय से आते है और खासकर बिंद मल्लाहों में खासे लोकप्रिय है और चुनाव प्रक्रिया के दौरान आक्रामक चुनाव प्रचार संचालित किया जिसके वजह से भाजपा और भाजपा सांसद जिला पुलिस प्रशासन पर दबाव बना कर मुकदमा दर्ज कराया है। जिला मुखिया महासंघ के जिला अध्यक्ष अफसर इमाम ने कहा पंचायतों के स्वायत्तता पर लगाम नहीं लगाया जा सकता ।जो मुकदमा दर्ज कराया गया है वह झुठा मुकदमा है। मुकदमा वापसी की मांग पर मुखिया महासंघ नवीन कुमार के साथ खड़ा है। भाकपा जिला सचिव ओम प्रकाश क्रांति ने कहा कि तमकुही पटजिरवा पुल निर्माण और पुर्व मंत्री व नौतन विधायक नारायण प्रसाद द्वारा अतिपिछड़ा समुदाय के बिंद जाति के लोगों को उजाड़ने का विरोध माले नेता नवीन कुमार ने किया था। पखनाहा में संजय जायसवाल ने पुल निर्माण संबंधित एक सवाल उठाने पर पत्रकारों के सामने ही माले नेताओं को गाली दिया था। चुनाव में इंडिया एलाएंस के लिए काम करने के लिए मुकदमा दर्ज कराया गया है ।राजद के जिला प्रवक्ता प्रभु यादव ने कहा कि महागठबंधन के कार्यकर्ता भ्रष्ट सांप्रदायिक ताकतों के दबाव में राजनीति करने वाला दल नहीं है। महागठबंधन इसका मुंहतोड़ जवाब देगा। किसान महासभा के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राव ने कहा माले नेताओं और कार्यकताओं को केस मुकदमा दर्ज करा या हत्या कराने जैसे धमकियों से नहीं ड़राया जा सकता है। जिला प्रशासन ठंढ़े दिमाग से मामले को सोचे और मुकदमा वापस ले नहीं तो 07 जून को न्याय मार्च निकाल विरोध किया जाएगा। इंसाफ मंच के जिला अध्यक्ष फरहान राजा ने कहा माले नेता नवीन कुमार पर पुर्व मंत्री और नौतन विधायक नारायण प्रसाद ने राज्य के मुख्य सचिव और उप मुख्यमंत्री के यहा आवेदन देकर बैरिया थाना परिसर में छठ घाट व चबुतरा निर्माण के दौरान मिट्टी काटने संबंधित आवेदन दिया था। जिसका जांच पुर्व में हो चुका था। लेकिन चुनाव में राजनीतिक विरोध के वजह से चुनाव बितते यह मुकदमा दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल टावर से बैट्री हुई चोरी

परसा। क्षेत्र के सगुनी नहर स्थित मोबाइल टॉवर से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर 23 पीस बैटरी चोरी कर भागने में सफल रहा. जिसको लेकर टावर मलिक वैशाली जिला के भगवानपुर थाना क्षेत्र के सराय गांव निवासी वीरेंद्र पांडे का पुत्र अंकित पांडे ने घटना से संबंधित परसा थाना में लिखित आवेदन देते हुए अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है. वही मिजार्पुर में अज्ञात चोरों ने दरवाजे पर लगे मोटर की चोरी कर ली. जिसको लेकर मिजार्पुर निवासी रामनरेश राय ने परसा थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है।

### दो तस्कर को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

परसा ।स्थानीय पुलिस ने परसौना व मिजार्पुर में छापेमारी करते हुए 55 लीटर देशी शराब के साथ दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया.दोनों गिरफ्तार शराब तस्कर पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया गया. उक्त गिरफ्तार शराब तस्कर परसौना गांव निवासी कामेश्वर राय का पुत्र गौतम कुमार तथा मिजार्पुर गांव निवासी सुदर्शन माझी का पुत्र बच्चन मांझी बताया जाता है।

### सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के जीत की हैट्रिक के साथ एकमा में बटी मिठाई

एकमा। महराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के लोक सभा के चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत की हैट्रिक के बाद एकमा में कार्यकताओं में खुशी की लहर छाई रही। भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेन्द्र नाथ सिंह ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया है ।वही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अविनाश चंद्र उपाध्याय ने समर्थकों को मुँह मीठा करवाते हुए कहा कि महाराजगंज में चौकाने वाला परिणाम का लहर पूरे देश मे दिखाई देगा उन्होंने कहा की जनार्दन सिंह सिग्रीवाल एक सुलझे हुए नेता है अबकी बार केंद्र सरकार में मंत्री बनना तय है ।इस अवसर पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता जितेंद्र कुमार मिश्र, अजय कुमार पंडित डॉ एस कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे जिन्होंने सांसद को जीत की बधाई दी।

### आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

तरैया थाना क्षेत्र के फेनहारा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में पीड़िता बबिता देवी ने पांच लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है ।जिसमे मोहन प्रसाद, राहुल कुमार उर्फ गुड्डू,सरोज प्रसाद,सोनालाल कुमार व मंकेश्वर प्रसाद को आरोपित किया है ।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मैं अपने द्वार पर लकड़ी काट रही थी तो उक्त लोग गाली गलौज करते हुए बोले की लकड़ी क्यों काट रही हो ।जब मैं गाली देने से मना किया तो राहुल कुमार लाठी, डंडे और रड से मारकर मेरा सर फोड़ दिया ।मुझे बचाने मेरे देवर मुन्ना राय,सास सीता देवी को मारपीट कर घायल कर दिया।

### सिग्रीवाल के हैट्रिक जीत पर भाजपाईयों ने काटा केक

जलालपुरे महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल की हैट्रिक जीत पर जलालपुर मे भाजपाईयों का उत्साह चरम पर है ।जगह जगह कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को मिठाईयां खिला अपनी खुशी का इजहार किया `कोपा में कार्यकताओं ने केक काट एवं आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। सांसद ने महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्रों में अपना बढ़त बनाए रखा। आमलोगों को उनसे काफी उम्मीदें हैं। मौके बीजेपी महामंत्री कुन्दन कुमार,चन्दन कुमार,विकाश भारती,राजू ठाकुर,चन्दन मिश्रा,उमेश कुमार गोंड़,चंदू गुप्ता,गिरिधर गोपाल,उत्कर्ष कुमार सिंह,अधिवक्ता रणजीत पांडेय,सरोज यादव, आयुष शर्मा,छोटू गुप्ता सहित दर्जनो उत्साही कार्यकर्ता उपस्थित रहें

# कार्यशाला व प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा। प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कृषि भवन के परागण में आयोजित हुई कार्यक्रम का उद्घाटन उप निदेशक नीरज कुमार वर्मा उप परियोजना निदेशक आत्मा सरण के शमशेर आलम मांझी प्रखंड के कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ जितेंद्र चंदोला एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामाधार चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया गया । इस अवसर पर परियोजना निदेशक शमशेर आलम द्वारा उपस्थित किसानों को खरीफ अभियान खरीफ उत्पादन कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई । उन्होंने खरीफ फसल में मक्का की खेती करने पर बल दिया गया । साथ ही मोटा अनाज की खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया । उन्होंने किसानों को रागी कोदो बजरा सावा ज्वार आदि मोटे अनाज की खेती करने पर विशेष रूप से बल दिया । वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ जितेंद्र चंदोला ने वैज्ञानिक तरीके से खेती कर आए को दोगुनी करनें की जानकारी दिया । इस अवसर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजकुमार चौरसिया प्रखंड उद्यान पदाधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्र कृषि सलाहकार अजय प्रसाद अरुण सिंह हरेंद्र पंडित आदि उपस्थित थे ।

# इसुआपुर में चलाया कैंसर जागरूकता अभियान

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर। सीएचसी इसुआपुर में गुरुवार को पारिवारिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तूलिकाकुमारी की अध्यक्षता में होमी भाभा कैंसर संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मुंह का कैंसर, स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर की प्रारंभिक जांच एवं जागरूकता अभियान के तहत कैंसर जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वहीं मुंह के कैंसर, स्तन का कैंसर तथा बच्चेदानी का कैंसर से संबंधित सभी एएनएम,सीएचओ एवं सभी पैरामेडिकल कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मुंह के कैंसर का लक्षण मुंह में सफेद दाग का आना, छाला पड़ जाना तथा मुंह का कम खुलना जैसे लक्षणों की जानकारी दी गई। वहीं स्तन कैंसर में स्तन का आकार छोटा बड़ा होना। वहीं जो महिला बच्चों को दूध नहीं पिलाती है, उसके स्तन से दूध या पानी के जैसा कुछ तरल पदार्थ का गिरना तथा स्तन में गांठ, गिलटी होना यह प्रारंभिक लक्षण है। बच्चेदानी के कैंसर में माहवारी समय पर नहीं आने तथा 45 वर्ष के बाद सफेद पानी के जैसा तरल पदार्थ या खून आना यह सब प्रारंभिक लक्षण है। इसके बारे में कैंसर स्कैनिंग सदर अस्पताल छपरा से आए डॉक्टर प्रिया ने इसके बारे में अस्पताल कर्मियों को विस्तृत जानकारी दी। मेडिकल टीम में निकिता, सुमित कुमार, विकेश कुमार तथा इसुआपुर सीएचसी से स्वास्थ्य प्रबंधक नवाब अख्तर जिलानी, स्वास्थ्य प्रशिक्षक अनिल मांझी,आशा फैसिलटर तथा आशा कार्यकताओं ने भाग लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय डिग्री कॉलेज में एक दिवसीय तरंग संगोष्ठी का हुआ आयोजन



प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा ।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय डिग्री कॉलेज बगहा-01 और एमजेके कॉलेज बेतिया के संयुक्त तत्वाधान में दोनों कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ) रबीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में एक दिवसीय तरंग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आर.के. चौधरी ने कहा की हमारे पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण सुझाव वैदिक ग्रंथो में मौजूद है । हमें भूमि,जल,जंगल,वायु को अपने और पर्यावरण के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बचाना होगा। सृष्टि का आधार ये सभी घटक हैं। मानवीय क्रिया कलाप जब अति की पराकाष्ठा को पार करती है तब हमारा पर्यावरण प्रतिकूल व्यवहार करने पर मजबूर होता है। हमें विकास की अनुलतम स्थिति को अपनाते हुए पर्यावरण के साथ मित्रवत व्यवहार करनी चाहिए ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता करीम सिटी कॉलेज जमशेदपुर झारखण्ड के डॉ आले अली ने पर्यावरण के महत्व को बताते हुए इसके संरक्षण के उपायों पर प्रकाश डाला ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश बलिया के डॉ गणेश कुमार पाठक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का सबसे बेहतर उपाय वृक्षारोपण है। प्रत्येक व्यक्ति को अनिवार्यतः वृक्षारोपण करनी चाहिए। कार्यक्रम के की-नोट स्पीकर भूगोल विभाग के सहायक प्रोफेसर नेहाल अहमद ने बताया कि पर्यावरण को गंभीर रूप से बीमार करने में मानवीय व्यवहार जिम्मेदार हैं ।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत राजनीतिक विज्ञान विभाग के डॉ बिपिन दुबे ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन पवन कुमार ने किया। इस मौके पर राहुल,मारूफ,सौम्या,निभा, नौशाद,सीमा प्रवीण, साजिआ, आशिया, सहाना, निशा कुमारी के अलावा दर्जनों विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

# भारत पेंशनर्स समाज की चुनाव परिणाम पर तीखी प्रतिक्रिया



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। देश के 20लाख से अधिक पेंशनर्स का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत पेंशनर्स समाज,नई दिल्ली के ज्वाइंट सेक्रेटरी जनरल अमिय रमण ने एक वार्ता मे पत्रकारो से हालिया चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया पूछने पर बताया कि तमाम कर्मचारी एवं पेंशनर्स संगठन सरकार से बहुत ही छोटी मांग जैसे आठवे वेतन आयोग का गठन,18माह के बकाया डीए एरियर भुगतान,पुरानी पेंशन योजना बहाल करने तथा कर्मचारी हित मे माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसलो को समान मामलो मे लागू करने का आग्रह करती रही है। संगठनो ने सरकार को चेताया भी कि देश मे सरकारी कर्मचारी तथा रिटायर्ड 4 करोड है ।यदि इनके परिवार के कुनबे को जोड़ा जाय तो यह लगभग 12करोड होता है ।यानी कि देश की कुल आबादी का लगभग 10% वोटिग पावर इनके पास है। सरकार ने इसको अनसुना किया जबकि बंगाल,पंजाब हिमाचल, तामिलनाडु आदि कई गैर भाजपा शासित प्रदेश सरकारो ने इनकी मांगो को पूरा किया। इन सब के बावजूद सरकार का छोटी मांगो पर ध्यान न देना चुनाव परिणामो मे खतरे की घंटी साबित हुई है। वेतन आयोग का गठन प्रायः तीन वर्ष पूर्व होता है। इस हिसाब से 1-1-26 से लागू वाला 8वा वेतन आयोग 1-1-23को ही गठित हो जाना चाहिए। डेढ वर्ष से अधिक गुजरने को ही लेकिन सरकार इस पर संसद मे पूछे गए सवाल पर जबाब देती है कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नही है।

# 8 जून को चैरिटी शो में अपनी प्रस्तुति देगें खेसारी लाल यादव

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। गायक और अभिनेता खेसारी लाल यादव के द्वारा आगामी 8 जून को वीरगंज, नेपाल में आयोजित एक चैरिटी शो में अपनी प्रस्तुती दी जायेगी। नशा मुक्ति को लेकर अभियान चला रही संस्था आस्था नेपाल व ब्लैक स्टैग क्रिएटिव संस्था के संयुक्त आयोजन में इस कार्यक्रम को किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए प्रेस वार्ता का आयोजन कर आस्था नेपाल वीरगंज के संचालक गौरव वर्मा ने बताया कि इस प्रोगाम के माध्यम से जो भी धन राशि प्राप्त होगी, उसको नशामुक्ति केन्द्र के सहयोग में दिया जायेगा। इससे वैसे बच्चें जो किसी तरह के ड्रग्स की लत में आ गये है और उनके परिवार के पास उसको नशा मुक्त कराने को लेकर उपचार का पैसा नहीं है, वैसे बच्चों को निःशुल्क संस्था के तरफ से नशा छूड़ाने का काम किया जायेगा। वीरगंज में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेसारी लाल यादव भोजपुरी के नामचीन कलाकार है और भारत के साथ-साथ नेपाल में भी उनके प्रशंसक काफी अधिक है। इस चैरिटी शो में दोनों देश से दर्शक पहुंच रहे है। कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मौके पर आयोजन समिति के करण कुमार, अफताब आलम सहित अन्य मौजूद थे।

# डॉक्टर बन उज्ज्वल अपने गांव उजाय व नौनिहाल माधोपुर का नाम करेगा उज्जवल



प्रात : किरण, संवाददाता

रसूलपुर। राष्ट्रीय स्तर पर नीट में 700 अंक लाने वाले उज्जवल अब डॉक्टर बन अपने गांव सिवान जिले के उजाय के साथ नौनिहाल माधोपुर का भी नाम उज्जवल करेगा ।नीट की सफलता पर ननिहाल माधोपुर में उज्जवल सिंह के शिक्षक नाना शीतल राय और फौजी व समाजसेवी मामा आनंद राय को लोग घर पहुंच बधाई दे रहे हैं ।उज्जवल के पिता विजेंद्र सिंह गुजरात में साधारण मजदूरी करते हैं वहीं मा संध्याबेन गृहणी हैं ।उज्जवल के अनुसार सफलता का श्रेय गुरूजनों के साथ अपने ममहर को देना चाहेगा ।क्योंकि शिक्षक नाना की प्रेरणा व फौजी मामा आनंद के सहायता के बगैर सफलता नहीं मिलती।

# विद्यालयों का ग्रीष्मकालीन समय सारिणी पुनर्निर्धारित

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी आनंद पुष्कर ने राज्य के शिक्षक-शिक्षा-शिक्षार्थी के हित में विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन समय सारिणी पुनर्निधारण के लिए शिक्षा विभाग, बिहार के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ को धन्यवाद ज्ञापित किया है। कल ही श्री पुष्कर ने बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के संयुक्त सचिव विनय मोहन के साथ अपर मुख्य सचिव से भेंटकर उन्हें शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया था । उनकी भेंटवार्ता के तत्काल बाद शिक्षा विभाग द्वारा कल ही की गई बैठक में ग्रीष्मकालीन समय सारिणी को पुनर्निर्धारित कर दिया गया है। राज्य के विभिन्न विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन विद्यालय संचालन का सामान्य समय (प्रार्थना सभा व वर्ग संचालन)हेतु प्रातः 06.30 पूर्वाह्न से 11.30 पूर्वाह्न निर्धारित किया गया है। साथ ही 12.10 बजे अपराह्न तक कमजोर बच्चों के लिए विशेष कक्षा ( विशेष कक्षा नहीं संचालित होने की स्थिति में खेल-कूद व गतिविधियों) के लिए समय निर्धारित किया गया है। यह समय सारिणी दि.-10/06/24 से दि.30/06/24 तक प्रभावी रहेगा। शिक्षा विभाग तथा शिक्षकों के बीच उत्पन्न संवादहीनता को दूर करने की दिशा में प्रथम प्रयास आनंद पुष्कर द्वारा किया गया, जिसका सार्थक परिणाम भी आने लगा है। श्री पुष्कर द्वारा उठाए गए शिक्षकों के अन्य मुद्दों को लेकर भी नए अपर मुख्य सचिव महोदय से यथाशीघ्र साकारात्मक पहल का आश्वासन मिला है। उम्मीद है लम्बे समय से शिक्षकों के अनसुलझे मुद्दों का निराकरण अब बहुत जल्दी ही शिक्षा विभाग द्वारा हो जाएगा। श्री पुष्कर के अलावा बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ, सारण प्रमंडल के मीडिया प्रभारी सह संयुक्त सचिव प्रकाश कुमार सिंह ने भी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्पन्न वर्तमान साकारात्मक परिस्थितियों के लिए राज्य के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री महोदय भी धन्यवाद के पात्र हैं। उनसे शिक्षकों को भविष्य में काफी उम्मीदें हैं।

# डिसीएम गाड़ी ने 50 वर्षीय बाइक सवार व्यक्ति को कुचला, ग्रामीणों ने एसएच 73 सड़क किया जाम

प्रात : किरण, संवाददाता

तरैया थाना क्षेत्र के छपिया ब्रह्म पिचास बाबा के सामने एसएच 73 मुख्य सड़क पर डीसीएम गाड़ी ने बाइक सवार 50 वर्षीय व्यक्ति को कुछ दिया ।जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।मृतक डीह छपिया काली सिंह के टोला गांव निवासी हीरा राम थे ।मृतक के पुत्र राजेश राम ने बताया की पिता जी बाइक से मशरक जा रहे थे ।घर से निकलकर जैसे ही एसएच 73 मुख्य सड़क पर पहचे कि मशरक से आ रही डीडीएम गाड़ी ने उन्हें कुचल दिया ।जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने एसएच 73 मुख्य सड़क को जाम कर दिया। घटना के बाद ग्रामीण उक्त स्थल पर ब्रेकर और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग करने लगे ।घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोग व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम हटवा कर आवागमन बहल कराया।

# रुडी की जीत पर सांसद प्रतिनिधि का किया स्वागत



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय ।गुरुवार को परसा विधानसभा के अदामापुर में सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी के जीतने की खुशी में मंडल अध्यक्ष सह सरपंच मंटू बाबा पवन सिंह विंध्याचल सिंह के नेतत्व सभी कार्यकताओं ने प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह को छपरा जाने के क्रम मे गाजे बाजे और बड़ा माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया । जिसके बाद राकेश सिंह ने भी लोगो को अबीर गुलाल लगाकर एवं एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुँह मीठा कराया गया,जिसमे मुखिया किशोर सिंह पूर्व मुखिया हरी सहनी भाजपा नेता अरविन्द सिंह सुमंत बाबा मोनू सिंह कृष्णकांत सिंह विवेक शर्मा जीतेन्द्र गिरी रघुवंश महतो निरपेन्दर जी अमन बाबा अजय साह गोपाल उप सरपंच जयमाला देवी नवीन सिंह सुधीर सिंह राहुल सिंह बलिराम सिंह नर्सिंग महतो शैलेन्द्र सिंह राणा सिंह इत्यादि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता थे। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने कहा कि यह जीत सारण कि जनता कि जीत है और लोगो ने यह साबित कर दिया कि हमलोग जुमले बाजी वाले के साथ नहीं विकास के साथ है इस चुनाव मे राजद द्वारा लोगो डरा धमका और पिट कर जबरदस्ती वोट डालवया गया जिसके बावजूद हमलोग चुनाव जीत गए यह बहुत खुशी कि बात है और उन्होंने सभी लोगो के प्रति आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया ।

# एसपी ने जनता, परिवादियों की समस्या सुनी, समस्याओं के निराकरण को ले संबंधित थानाध्यक्षों को दिया दिशा-निर्देश

## पुलिस द्वारा वाहन जांच में 68,500 रुपए का लगाया गया जुमार्ना



- 05 अभियुक्त गिरफ्तार,20 लीटर देशी शराब, 01 मोटरसाईकिल बरामद

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला में बुधवार को विगत 24 घंटा में 05 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है ।कुल-06 वारंट का निष्पादन किया गया है जिसमें जमानतीय 04 अजमानतीय 02 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने दिया ।उन्होंने बताया कि भैरोंगंज थाना, रामनगर थाना,लौकरिया थाना,ठकराहाँ थाना द्वारा शराब के काण्ड,अन्य काण्ड तथा एससी/एसटी कांड में 05 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 20 लीटर देशी शराब, 01 मोटरसाईकिल बरामद किया गया हैं।

एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया जॉच के क्रम में धनहाँ थाना द्वारा-26,000, रामनगर थाना द्वारा-21,500, यातायात थाना द्वारा-20,000, चौतरवा थाना द्वारा-1,000 इस प्रकार कुल-68,500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।

वही गुरुवार को पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज के द्वारा हर कार्य दिवस की तरह अपने कार्यालय कक्ष में आम जनता,परिवादियों की समस्या सुनी तथा त्वरित निराकरण हेतु संबंधित थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# पूर्व के मुकदमा नही उठाने पर बच्चें को मारपीट कर किया घायल,दो पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण, संवाददाता

तरैया थाना क्षेत्र के पचभिंडा गांव में द्वार पर खेल रहे बच्चे को पत्थर चलाकर सर फोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है ।इस संबंध में पीड़ित अभिषेक कुमार सिंह ने दो लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई है ।जिसमे जयप्रकाश सिंह व राहुल सिंह को आरोपित किया है ।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मेरा बच्चा टाइगर सिंह मेरे द्वार पर खेल रहा था तो जयप्रकाश सिंह ने पत्थर चलाकर मेरे बच्चे का सर फोड़ दिया और डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया ।जब मैं पूछने गया तो मेरे साथ गाली गलौज करते हुए कहा कि अभी बच्चे को मारा है तुम जो केस किया है उसे नही उठाओगे तो तुमको भी गोली मरवा देगे ।वही राहुल सिंह फोन पर गाली गलौज करते हुए मुझे व मेरे घर के सभी सदस्यों को जान से मारने का धमकी दिया ।पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली करीब 84 लाख की सड़क ध्वस्त

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया( मोहन सिंह ) ।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़कों में गड़बड़ी का मामला गाहे-बगाहे सामने आता रहता है। ताजा मामला पश्चिमी चंपारण जिला के लौरिया प्रखंड के रामनगर लौरिया रोड से सिसई जाने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क का है। यह सड़क निर्माण के महज कुछ ही सालों में ही दरकने लगी है। इससे स्थानीय लोग सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि निर्माण एजेंसी ने इस सड़क पर मानक केअनुसार निर्माण सामग्री का प्रयोग नहीं किया है। इससे सड़क वाहनों के चलने योग्य नहीं रह गई है। कुछ ही वर्ष में ही सड़क खस्ताहाल हो रही है। यहां करीब 3.550 किमी. का यह टुकड़ा जगह जगह टूट गया है। यही नहीं इसके पत्थर निकल कर वाहनों से आने जाने पर उछल उछल कर राहगीरों के लगते हैं। यह सड़क बनने से पूर्व यहां गहरे गहरे गड्ढों से लोग परेशान थे। जब सड़क बनना शुरू हुई तो लगा कि अब भला हो जाएगा। पर किसी को नहीं पता था कि यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने के बाद भी दोयम दर्जे से बनेगी। आलम यह है कि अब टूटी सड़क को देखने के लिए अफसरों के पास समय ही नहीं है जिम्मेदार व्यक्तियों ने भी सड़क टूटने पर कोई कार्रवाई नहीं की ।
मालूम हो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत हुए रोड का निर्माण संवेदक राजेश कुमार द्वारा कराया गया है जिसकी प्राकृत राशि 84,90,503

# वट सावित्री को लेकर मधुश्रवां मेला में महिलाओं की लगी भीड़

प्रात : किरण, संवाददाता



अरवले जिले के ऐतिहासिक मधुश्रवां मंदिर परिसर में निर्जला व्रत वट सावित्री को लेकर पीपल के वृक्ष के नीचे लगी भारी संख्या में महिलाओं कि भीड़े सुहागिन महिलाये अखंड शौभाग्यवती होने एवं पति के लंबी आयु के लिए आज के दिन वट वृक्ष की पूजा करती है इसके लिए महिलाएं सुबह से उपवाश रहकर कर वट वृक्ष में फेरी लगा कर धागा बांधती है। साथ ही वृक्ष के आयु की तरह अपने पति की लम्बी उम्र की कामना करती है `मौके पर मधुश्रवां शनिदेव मंदिर पुजारी अंकुश गिरी ने बताया कि महिलाओं 108 बार पीपल वृक्ष की परिक्रमा कर वट में धागा (मौली) लपेट कर पति की लम्बी आयु की मुरादें मागतीं है ।इसी दिन मां सावित्री ने यमराज के फंदे से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। भारतीय धर्म में वट सावित्री पूजा स्त्रियों का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे करने से हमेशा अखंड सौभाग्यवतीरहने का आशीष प्राप्त होता है`स्त्री सावित्री ने अपने पति की प्राण हरने आये यमराज से जिद्द कर वट वृक्ष के निचे ही अपने पति के प्राण बापस लौटा ली थी उसी पौराणिक कथाओ पर आज भी महिलाए व्रत कर वट वृक्ष की पूजा करती है और अपने पति के सुहाग को अमर रखने की कामना करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### सांसद ने की प्रधानमंत्री से भेंट



गया। गया के सांसद पूर्व बिहार के मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी आज गया के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दिल्ली के एनडीए के बैठक में शामिल होने गये उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसद बनने की ढेरों शुभकामनाएं दी जीतन राम मांझी को।

### गांजा तस्करी के मामले में हुई बड़ी सजा

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे वन सह स्पेशल एनडीपीएस कोर्ट पंकज मिश्रा ने कुटुम्बा थाना कांड संख्या -65/20, जी. आर. -03/20 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए काराधीन अभियुक्त अब्दुल तौफीक भोजपुर को एनडीपीएस एक्ट के विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट की धारा -20 (बी) 2 (सी) में दस साल की सजा और एक लाख रुपए जुमार्ना, धारा 25 में दस साल की सजा और एक लाख रुपए जुमार्ना एवं धारा 29 में भी दस साल की सजा और एक लाख रुपए जुमार्ना लगाया है। सभी सजाएं साथ साथ चलेगी। अभियुक्त को 30 मई 24 को दोषी ठहराया गया था तथा एक अन्य अभियुक्त लड्डु सिंह मदार बक्सर को दोषमुक्त किया गया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने पहली अपराध के कारण कम सजा की मांग कि थी। वहीं स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने इस अपराध को समाज को दुषित करने वाला बताते हुए अधिकतम सजा की मांग की। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायधीश ने अपना निर्णय सुनाया। अधिवक्ता ने बताया कि 28 अप्रैल 20 को कुटुम्बा थाना को गुप्त सूचना गांजा तस्करी होने को मिला था संडा मुख्य सड़क पर गश्ति टीम चेकिंग अभियान शुरू किया। 29 अप्रैल 20 को एक ट्रक से 349 किलो गांजा बरामद किया गया। चालक पवन कुमार और सह चालक अब्दुल तौफीक गिरफ्तार किया गया और मोबाइल पर रेकी कर रहे लड्डु सिंह को भी गिरफ्तार किया गया था। विचारण के क्रम में चालक पवन कुमार की मृत्यु हो गई थी।

### ऋषि पाल की गुनाह की सजा हुई बीस साल कारावास

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के स्पेशल पोक्सो कोर्ट लक्ष्मी कांत मिश्रा ने नाबालिग लड़की के अपहरण कर शादी करने पर कठोरतम सजा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने कहा कि हसपुरा थाना कांड संख्या -247/22 में पोक्सो एक्ट की धारा 06 और बाल विवाह निषेध अधिनियम में दोषी ठहराए गए अभियुक्त काराधीन ऋषि पाल जाटव, पता अभाईन, कोईलवर शाहजहांपुर उत्तरप्रदेश को बीस साल की सजा और दस हजार जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना राशि पीड़िता को दी जाएगी। जुमार्ना राशि न देने पर अभियुक्त को तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी 23 अगस्त 22 को पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज कराई गई थी जिसमें कहा गया था कि मैं मजदूर हुं और मेरी पत्नी काम के लिए बाहर गए थे तो एक अंजान व्यक्ति ने बहला फुसलाकर कर मेरी नाबालिग लड़की को अपहरण कर लिया। शाम को घर आकर खोजा तो नहीं मिली तो रिश्तेदारो को खबर किया तो पता चला कि ऋषि पाल जाटव ने ही गलत नियत से मेरी नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया है।

### राज्यपाल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विचारक का डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने किया स्वागत

गया।बिहार के महामहिम राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अरलेकर एवं राष्ट्रीय सेवक संघ के विचारक इंद्रेश जी के बोधगया आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के जिला किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा फूलों का गुलदस्ता अंग वस्त्र एवं विष्णु चरण सिंह देकर स्वागत किया गया है।

### राज्यपाल के आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर से सलामी दी गई

गया ।बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के आगमन के अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है। राज्यपाल के आगमन के उपरांत, उन्हे गार्ड ऑफ ऑनर से सलामी दी गई है। इसके साथ ही वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के द्वारा स्वयं उपस्थित रहकर बोधगया मठ एवं महाबोधी सांस्कृतिक केंद्र, बोधगया में राज्यपाल के कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराया गया है। इस विशेष अवसर पर सभी श्रद्धालुओं और आगंतुकों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु गया पुलिस ने व्यापक प्रबंध करते हुए यात्रा मार्ग, बोधगया मठ परिसर एवं महाबोधी सांस्कृतिक केंद्र, बोधगया पर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

# एसएसबी सेक्टर मुख्यालय ने किया पौधारोपण

प्रात : किरण संवाददाता




गया।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अंजय कुमार रजक , द्वितीय कमांडेंट , क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन), एस. एस. बी. गया (बिहार) के मार्गदर्शन में क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन), एस.एस.बी. गया (बिहार) द्वारा संत निरंकारी आश्रम के समीप सड़क के किनारे स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में वृहद स्तर पर पौधारोपण किया तथा स्थानीय ग्रामीणों को पर्यावरण के सबंध में जागरूक किया गया और बताया गया की पेड़ों की अंधाधुन्ध कटाई से वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। जिससे जलवायु परिवर्तन हो रहा है एवं प्रकृति पर प्रतिकूल दुस्प्रभाव पड़ रहा है साथ ही वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी हो रहा है। पर्यावरण प्रदूषण के चलते लोग तमाम असाध्य बिमारियों के शिकार हो रहे है। पर्यावरण संरक्षण से ही मानव जीवन निरोग वखुशहाल रहेगा, सभी को पर्यावरण के प्रति सजग रहने की जरूरत है। इससे जीव-जंतु, जलवायु समेत सभी चीजोंपर प्रतिकूल असर हो रहा है। जिससे सबके अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है, लोगों को इसके प्रति जागरूक करनाहै ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें ना कि पेड़ों की कटाई। जिस तरह से देश में विकास कार्य हो रहा है,राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यमार्ग एवं ग्रामीण सड़क के बनने से कई पेड़-पौधों की कटाई बड़ी मात्रा में की जा रही है ऐसे में यह जीवनदायिनी पेड़-पौधे ही अगर नहीं रहेंगे तो हम या हमारी आने वाली पीढ़ी कैसे बचेगी ऐसे में हमें एकजूट होकर इसे गंभीरता से लेना होगा तथा वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण करना होगा।इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन), एस. एस. बी. गया के सह- अधिकारी, दुर्गा प्रसाद यादव, उप कमांडेंट, व्यंकट रमण मिश्रा उप कमांडेंट, सहित बलकर्मी, एवं ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# गया वासीयों को आभार, समस्याओं की चुनौती स्वीकार : मांझी

प्रात : किरण संवाददाता



गया। शहर में व्याप्त समस्याओं की चुनौती को स्वीकार करते हुए नवनिर्वाचित गया के सांसद जीतन राम मांझी ने गयावासी को आभार जताया साथ ही उन्होंने कहा कि राजनीतिक जीवन में पक्ष हो या विपक्ष सभी को समान रूप से सामाजिक कार्यो में सहयोग करते आया हूं और आगे भी करूंगा ।

भविष्य में गया को कैसे विकसित कर सकूं इसके लिए सकारात्मक प्रयास व पहल जारी रहेगा । चाहे जाम की समस्या हो, पेयजल की समस्या हो या सिंचाई की समस्या या फिर केंद्र सरकार के द्वारा योजनाओं को लागू करवाने की बात हो,इसके लिए सदैव तत्पर रहूंगा। गयाजी को विकसित और बोधगया को अंतराष्ट्रीय स्तर पर सुविधा उपलब्ध कराना हो ये सभी मेरी प्राथमिक सूची में शामिल हैं।

पार्टी के प्रवक्ता ई.नंदलाल मांझी ने कहा कि गया वासी को इस दिन का इंतजार काफी समय से था , साथ-साथ वह काफी अनुभवी और लंबी राजनीतिक पारी के खिलाड़ी रहे हैं इसका भी लाभ गयावासी को मिलेगा केंद्र की सरकार में अपने अहम भूमिका निभा सकते हैं गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा सकारात्मक पहल करते हुए और हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष सुमन को दिल्ली बुलाया गया है जल्द ही गयाबासी को सुखद समाचार मिलेगा ।हम पार्टी के सभी कार्यकताओं ने एक दूसरे को बधाई दी।

# 27 बिहार बटालियन के कैडेटों ने चलाया स्वच्छता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



मानपुर ।27 बिहार बटालियन एनसीसी के बैनरतले कमांडिंग आफिसर कर्नल अमर पारकर के निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया। इसमें कैडेट्स ने स्वच्छता में अपना अमूल्य योगदान दिया। इस कड़ी में सीताकुंड एवं विष्णु पद फल्गु नदी के आसपास स्थित गंदगी, कूड़ा कचरा और प्लास्टिक थैली आदि को एकत्रित किया। वहीं कैडेटों द्वारा जल संरक्षण,स्वच्छता ,पानी के महत्व के बारे में लोगों को जानकारी दी साथ ही साफ सफाई के बारे में बताया। ग्रामीण क्षेत्र की जनता को अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक से बनी हुई वस्तुएं पर्यावरण के लिए खतरा बन चुकी है उसका उपयोग ना करें। इस मौके पर सूबेदार मेजर जाकिर हुसैन, सूबेदार नेत्रा बहादुर थापा, सूबेदार मनोज राणा,नयाब सूबेदार संजय कुमार, बीएचएम राजेन्द्र सिंह, हवलदार बिरबल, दीपक कुमार सहित अन्य मौजूद थे ।

# कई महीने से चापाकल खराब राहगीरों को हो रही है परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता

गया। शेरघाटी ।एक तरफ बढ़ते गर्मी से लोग परेशान है तो दूसरे तरफ पानी नहीं मिलने से लोग परेशान हैं, पानी की व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के अलावा ऐसे स्थान जहां पर लोगों का ठहराव हो एवं चापाकल मरम्मती को लेकर कई टीम जिला के अनेक इलाके जगहों पर भेजा गया है,

लेकिन एक ऐसा स्थान है जहाँ चापाकल तो है लेकिन पानी नही है,मामला श्रीरामपुर पंचायत के बी टी बीघा स्थित दोमुहान की है,जहाँ पर मनरेगा द्वारा लगाए गए पेड़ को पटवन के लिए लगाया गया चापाकल की स्थिति बद से बदतर हो गई है, केवल वहां देखा जाए तो चापाकल के नाम पर मुंडी ही दिख रहा है, मनरेगा के द्वारा लगाए गए पेड़ को पटवन करने एवम मेंटेन लिए पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन चापाकल के खराब रहने से पटवन कैसे हो रही है, और पेड़ कैसे पटाये जा रहे होंगे यह चिंतनीय विषय है, इस पर नही तो मनरेगा के अधिकारियों को ध्यान आकर्षित हुआ और ना ही वरीय अधिकारी का इस पर ध्यान गया। बता दे कि उस रास्ते से प्रत्येक दिन दूर-दूर के सैकड़ो ग्रामीण इलाके के लोगों का आना जाना होता है और लोग वहाँ पेड़ के आशय लेकर बैठते है,चापाकल के सुबिधा रहने से लोगो को काफी सहूलियत मिलती और पानी भी पीते लेकिन बीते कई महीने से खराब चापाकल को देखने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि तो बिल्कुल आंख ही बंद कर रखे हैं,

हालांकि ग्रामीण बताते हैं कि चापाकल रहने से आने-जाने वाले राहगीरों के अलावे स्थानीय लोगों को भी काफी सुविधा होती थी वही चापाकल खराब हो जाने के बाद इसकी सूचना कई बार जनप्रतिनिधियों को भी दी गई लेकिन कुछ असर नहीं हुआ। आखिरकार यह चापाकल सूख गया या उसे बर्बाद कर दिया गया यह जांच का विषय है। इधर राहगीरो का कहना है कि चापाकल नहीं रहने से राहगीरों को भी काफी परेशानियां झेलना पड़ता है,बट सावित्री पूजा व्रत करने के लिए आई महिलाओं का भीड़ जुटा रहा लेकिन पानी नहीं होने से लोग इधर-उधर भटकते नजर आए महिलाएं बताती है कि चापाकल रहने से हम लोगों को काफी सहूलियत होती थी, लेकिन चापाकल खराब होने से हमलोगो को 1 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है, और पूजा करना भी पड़ रहा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर आईटीबीपी के सुरक्षा बलों के साथ किया वृक्षरोपण : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता




अरवल। 51वाँ विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा उच्च विद्यालय किंजर के परिसर में आईटीबीपी के कंपनी संख्या 609 बी के कमान्डेंट विक्रम सिंह के साथ वृक्षरोपण किया गया। इस दौरान आईटीबीपी के सुरक्षा बलों ने भी विद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया। इस क्रम में जिला पदाधिकारी ने सभी से पर्यावरण के जिम्मेवारियों के प्रति सजग रहने की अपील की। इसके साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि पर्यावरण को संतुलित रखने में पेड़ों की अहम्‍ भूमिका होती है। अतः इसका संरक्षण अत्यावश्यक है। उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में लोगों को हीटबेव (लू) जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जो कि वृक्षो की कमी का एक कारण है साथ ही समय पर वर्षा न होना भी पर्यावरण की प्रतिकूलता का एक प्रमाण है, जिसमें वृक्षों की भूमिका अहम है। वर्तमान समय में लगभग सभी जगहों पर जलस्तर काफी नीचे चला गया है, जिसमें नदियों में पानी का न होना एक बड़ा कारक है। चूकि संतुलित पर्यावरण से प्रत्येक मौसम समयानुसार क्रियान्वित होते है और वर्षा भी समय पर होती है, जिससे कि नदियों का जलस्तर बना रहता है एवं मनुष्यों के लिए पीने के पानी का स्तर भी ठीक रहता है. अतः पर्यावरण में अपनी भागीदारियों को समझें और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगायें व उनको सुरक्षित रखें। इस दौरान उनके द्वारा निजी वृक्षारोपण योजना से भी लोगों को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, जमीन की रसीद, भूमि अधिकार प्रमाणपत्र एवं फोटोग्राफ के जरीये वे इस योजना का लाभ उठा सकते है, जिसमें एक यूनिट वृक्षारोपण योजना के तहत 200 पौधे प्रदान किये जायेंगे, जिसके लिए लाभार्थी के पास कम से कम 14 से 16 कट्ठा जमीन अवश्य होना चाहिए। वृक्षारोपण के साथ ही लाभार्थी को एक साल में 109 दिन का रोजगार भी मिलेगा। जिला पदाधिकारी द्वारा डीपीओ मनरेगा को निदेशित किया गया कि बच्चों के जन्म के अवसर पर एक पौधा उनके नाम से भी लगवाये, जिससे कि वृक्ष आच्छादित क्षेत्र बढ़ सके। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा आईटीबीपी के कंपनी को स्वच्छ एवं भयमुक्त महौल में चुनाव संपन्न कराने के लिए मोमेंटो भी प्रदान किया गया साथ ही वृक्ष आच्छादित क्षेत्र बढ़ाने हेतु ग्रामीणों को पौधो का भी वितरण किया गया। ग्रामीणों द्वारा इस दौरान आईटीबीपी के कंपनी कमांडेन्ट एवं सुरक्षा बलों के साथ संवाद स्थापित किया गया एवं उनके द्वारा प्रयोग किये जाने वाले शस्त्रों से जुड़ी जानकारियाँ भी प्राप्त की।

# तेज रफ्तार कार सवार ने खड़े ट्रक में पीछे से मारी टक्कर तीन की दर्दनाक मौत

प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। तेज रफ्तार अनियंत्रित करने कर सवार ने खड़े ट्रक में पीछे से मारी टक्कर उक्त घटना में उसमें सवार तीन लोगों की हुई दर्दनाक मौत घटना आमस थाना क्षेत्र के शिवली मोड़ के निकट नेशनल हाईवे दोपहर तेज रफ्तार और नियंत्रित कर चालक ने खड़े ट्रक में पीछे से मारी टक्कर उक्त घटना में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई घटना के जानकारी मिलते ही पहुंची आमस्थ थाने की पुलिस ने कर में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकलवाया और गया मगध मेडिकल अस्पताल के लिए भेज दिया इधर पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के घोसता गाँव के रहने वाले अनूप कुमार,सुरेंद्र प्रसाद सिंह के रूप में किया गया है जबकि तीसरा व्यक्ति कुटुंबा थाना क्षेत्र के चिंतावन बीघा गांव के रहने वाले निधि पांडे के रूप में किया गया है,उन्होंने बताया कि उक्त घटना के बाद सभी के परिजनों को सूचना किसी माध्यम से दी गई हैऔर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गया मगध मेडिकल अस्पताल के लिए भेजा गया है, हालांकि उक्त घटना क्या स्पष्ट नहीं हो पाया कि सभी कर सवार कहां से कहां जा रहे थे।

### पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने की बट सावित्री की पूजा, मांगी मन्नतें

गया ।बृहस्पतिवार को बट सावित्री अमावस्या के अवसर पर विवाहिताओं ने श्रद्धा और विश्वास के साथ व्रत रखकर अपने अखंड विवाहित जीवन एवं पति के लंबी उम्र की कामना के लिए बट वृक्ष की पूजा अर्चना किया। शहर के आजाद पार्क, जेपीएन हॉस्पिटल, गया कॉलेज परिसर, गंगा महल, पिता महेश्वर, अक्षयवट, बाईपास,माड़नपुर, मंगला गौरी, विष्णुपद, डेल्हा, रामशिला, छोटकी नवादा आदि मोहल्ले में स्थित बट वृक्ष के समीप एकत्रित होकर महिलाओं ने बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ बट वृक्ष की विशेष पूजा अर्चना की। महिलाओं ने डाला में मौली, रौली, कच्चा धागा, धूप आदि लेकर बट वृक्ष के नीचे सत्यवान सावित्री की कथा सुनी तथा बट वृक्ष की परिक्रमा कर उसमें कच्चे धागे को लपेटकर अखंड सौभाग्यवती बने रहने की कामना की।

# शेरघाटी में पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने विधि-विधान के साथ की वट सावित्री की पूजा, मांगी मन्नतें



शेरघाटी। प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण एवम शहरी इलाकों में महिलाओं ने सात सिंगार कर धूमधाम के साथ किया वट सावत्री पूजा।

इस वट सावित्री व्रत के अवसर पर गुरुवार को सुहागिनों ने श्रद्धा और विश्वास के माहौल में व्रत रखकर अपने वैवाहिक जीवन के लिए पूजा अर्चना पारंपरिक श्रृंगार के साथ सुहागिन महिलाओं ने बांस की बनी डलिया में पूजन सामग्री लेकर वट सावित्री पूजन अनुष्ठान विधि विधान के साथ करते नजर आई,

एक तरफ जहां ज्येष्ठ की भीषण गर्मी के चिलचिलाती धूप के बीच नंगे पैर पूजा की थाली लिये सुहागिन मंदिर और बरगद के पेड़ों तक पूजन करते नजर आई।

प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में वटवृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाओं ने पूजन सामग्री में मौली, रौली, कच्चा धागा, भिंगोया चना,फल,फुल,धूप आदि लेकर वट वृक्षों के नीचे एकत्रित होकर व्रती महिलाओं ने सत्यवान सावित्री की कथा सुनी तथा वट वृक्ष की परिक्रमा कर उसमें कच्चे धागे को लपेट कर अखंड सौभ्याग्यवती बने रहने की कामना की इसका मानता है कि बट सावित्री की पूजा अर्चना करने से पति के लंबी आयु का वरदान मिलता है वहीं जिस प्रकार से सावित्री ने सत्यवान के प्राण बचाने के लिए यमराज से लड़ गई थी वहीं महिलाओं को यह एक प्रेरणा देती है यह वर्ष कथा का एक और महत्व है कि जो इस कथा को श्रवण करता है एवं पूजन को करता है उसे हर मनवांछित फल की प्राप्ति होती है ऐसे आचार्य का कहना है कि बट सावित्री व्रत की कथा सुनने को पूजा अर्चना करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है और पति के लंबी उम्र की भी भगवान से वरदान मिलता है वहीं बट वृक्ष में भगवान विष्णु का वास होता है इसलिए लोग बट वृक्ष की पूजा अर्चना करते हैं।

# अपने पति की दीर्घायु होने की कामना के साथ सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु होने की कामना के साथ पूरी निष्ठा के साथ वट सावित्री पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना की। सुबह से ही नवविवाहिता महिलाएं नए-नए परिधानों में सजधज कर मौसमी फल, पकवान, प्रसाद व पूजा सामाग्री के साथ वट वृक्ष के पास पहुंची।

पूरे पारंपरिक अंदाज में हाथ में थाली लिए सुहागिनें दुल्हन सी सजी चुनर माथे में ओढ़ कर वट वृक्ष के चारों ओर परिक्रमा की। प्रसाद चढ़ा कर वट वृक्ष की पूजा की, पेड़ में कच्चा धागा बांधी और पंखा झेल कर पति के दीर्घायु होने और अखंड सौभाग्य की कामना की। शहर के विभिन्न स्थलों और मंदिरों में वट वृक्ष के नीचे वट सावित्री पूजा के लिए श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ लगी रही। पूजा के क्रम में सुहागिनों ने वटवृक्ष में सिंदूर, रौली चढ़ाकर परिक्रमा करते हुए धागा बांधा। मान्यता के अनुसार सुहागिनों ने वट-वृक्ष को गले लगाते हुए सुहाग की लंबी आयु के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। अन्य महिलाओं के साथ नवविवाहिताओं ने पूरे विधि-विधान के साथ वटवृक्ष की पूजा की। इस दौरान पूजा-अर्चना को लेकर शहर के अलग-अलग चौक-चौराहों के वटवृक्ष के समीप सुहागिनों की भीड़ पूजा के लिए जुटी थी।

# चौसा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने श्रद्धा के साथ वट सावित्री की पूजा अर्चना की

प्रात : किरण संवाददाता



चौसा (मधेपुरा)। गुरुवार को चौसा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने श्रद्धा के साथ वट सावित्री की पूजा अर्चना की। पति की लंबी उम्र के लिए एक दिन की उपवास के बाद सुहागिनों ने बरगद पेड़ के चारों ओर फेरे लगाकर अपने पति के दीर्घायु की कामना की। महिलाओं ने पूरी श्रद्धा और सच्ची आस्था के साथ वट सावित्री की पूजा की।व्रत को लेकर प्रातः से ही महिलाओं का हुजूम चौसा के विभिन्न बरगद पेड़ के नीचे दिखने लगा था। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाओं ने पंचोपचार विधि से वट वृक्ष का पूजन किया एवं वृक्ष में कच्चा सूत बांधकर परिक्रमा की। लाल-पीली साड़ियों में सजी भटगामा की महिलाएं बंदना कुमारी,पुष्पा कुमारी, पूनम कुमारी, रिमझिम कुमारी, संगीता कुमारी जुली कुमारी ने बताया कि हिंदू धर्म में महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री व्रत रखती है। यह पर्व हर साल ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को आता है। इस पूजा को करने के लिए विशेष विधि-विधान है, जिसका पालन सख्ती से किया जाता है। वट सावित्री के पूजन सामग्री में बांस का पंखा, लाल कलावा, सुहाग का समान, मूर्तियां, धूप, दीप, घी, कच्चा सूत, चना, बरगद का फल, जल से भरा कलश सामग्री की जरूरत होती है। उन्होंने कहा पूजन के उपरांत सदा-सुहागिन रहने की मनौती मांगी। चौसा की व्रती महिलाएं गीता कुमारी,सुलेखा देवी सुधा गुप्ता,कंचन कुमारी,स्वीटी यादव,प्रतिज्ञा सुमन ने कहा कि वट सावित्री पूजन विवाहित स्त्रियों के जीवन में बहुत महत्व है। इसी दिन माता सावित्री कड़ी तपस्या के बाद यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण बचाकर ले आई थीं।

# धूमधाम से मनाई गई वट सावित्री पूजा

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। औरंगाबाद जिला मुख्यालय सहित सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में वट सावित्री व्रत एवं शनि जयंती के अवसर पर विभिन्न मंदिरों के प्रांगण में अवस्थित वट वृक्ष के पास सुबह सवेरे से ही महिलाओं की लंबी कतारें देखी गई। औरंगाबाद के क्षत्रिय नगर, सतेंद्र नगर, गायत्री नगर सहित शहर के सभी वट वृक्ष के नीचे सैकड़ो महिलाओं ने बट सावित्री व्रत के निमित्त पूजा अर्चन की।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने अवलोकन करते हुए कहा कि इस दिन महिलाएं सोलह सिंगार कर दो टोकरी में पूजा का सामान लेकर बट वृक्ष के नीचे बैठकर वट सावित्री की कथा सुनती हैं। जम्होर थाना के समीप सिद्धनाथ मंदिर परिसर, विष्णु धाम का त्रिसंकट निवारण वृक्ष, इंटर विद्यालय जम्होर के मैदान के समीप बट वृक्ष, पावरगंज बस स्टैंड के समीप के वट वृक्ष के पास सैकड़ो महिलाओं ने बट सावित्री व्रत के निमित्त पूजा अर्चन की जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने अवलोकन करते हुए कहा कि इस दिन महिलाएं सोलह सिंगार कर दो टोकरी में पूजा का सामान लेकर वट वृक्ष के नीचे बैठकर वट सावित्री की कथा सुनती हैं। बट वृक्ष को जल से सिंचती हैं। इसके बाद बट वृक्ष को रोली चंदन का टीका लगाती हैं।हाथ में कच्चा सूत लेकर वृक्ष में लपेटते हुए परिक्रमा करके पूजा संपन्न करती हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से उनके पति का आयु लंबा होता है वह सदा सुहागन बनी रहती हैं एवं उनके घर में सुख समृद्धि आती है। पुत्र पौत्र खुशहाल रहते हैं ऐसी भी मान्यता है कि इस दिन किए गए पूजा पाठ कभी निष्फल नहीं होते। आचार्य रवि शंकर पाठक ने इस संबंध में बताया कि यदि किसी दंपति के कुंडली में वैधव्य दोष हो तो वह बट सावित्री पूजा के दिन यदि सच्चे मन से पूजा पाठ करते हैं तो उनका वैधव्य दोष समाप्त हो जाता है। इस दिन महिलाओं को आम का मुरब्बा गुड़ या चीनी का शरबत अवश्य ग्रहण करना चाहिए। साथ ही साथ पुड़ी चना और पुआ का प्रसाद भगवान को भोग लगाना चाहिए एवं स्वयं भी ग्रहण करना चाहिए। आचार्य नागेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि इस दिन तामसिक प्रवृति के वस्तु बिल्कुल भी नहीं खाना चाहिए। विष्णु धाम के महंत बालकानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि जेठ अमावस्या के दिन ही सूर्यपुत्र शनि भगवान का जन्म हुआ था। ज्योतिष शास्त्र में भगवान शनि को कर्म का देवता माना जाता है वे व्यक्ति के अच्छे बुरे कर्मों के आधार पर फल देते हैं इस दिन उनकी पूजा करनी चाहिए छाया दान करना चाहिए ऐसा करने से शनि दोष, साढ़ेसाती से मुक्ति भी मिलती है। ऐसे भी मान्यता है कि तीर्थ स्थलों पर इस दिन पितृ तर्पण भी यदि नियम पूर्वक किया जाए तो पितृ दोष से भी मुक्ति मिल सकती है।

# जनादेश सदैव स्वीकार करने योग्य होता है : अनंत धीश अमन

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।जनादेश सदैव स्वीकार करने योग्य होता है क्योंकि चुनाव के वक्त पक्ष विपक्ष अपनी नीतियों के साथ जनमानस में जाते हे और चुनाव के दौरान पक्ष विपक्ष में एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप भी करते जनमानस के बीच में क्योंकि आप अपनी बात रख सके जनमानस के बीच में इसका मुख्य कारण यह भी है की लोकतंत्र में जनता को अपने मताधिकार से न्याय करने का अवसर प्रदान है और यही लोकतंत्र की अद्भुत खूबसूरती है। भारत जो विश्व का सबसे बडा लोकतांत्रिक देश है और विविधता से भरा देश है यहाँ की समस्याएं भी एक नहीं अपितु अलग-अलग है उसके बाबजूद एक हीं प्रक्रिया से अपने सभी समस्याओं का हल ढूंढता है यही हमारे एकता और अखंडता का प्रतीक है। सत्ता में पहुंचने का प्रयास सभी राजनीतिक पार्टियां करती है और करना भी चाहिए किंतु जनादेश को सदैव स्वीकार करते हुए तथा भारत की संवैधानिक व्यवस्था में आस्था रखते हुए राष्ट्र प्रथम के भाव को अंगीकार करना चाहिए। क्योंकि सत्ता आज आपकी है कल किसी और के पास होगी यह लोकतंत्र की नियति है और लोकतांत्रिक व्यवस्था का सबसे अहम हिस्सा भी है। यदि हमारे विचार राष्ट्र सर्वोपरि और राष्ट्र उत्थान के प्रति समर्पित है तो यह राष्ट्र को मजबूती प्रदान करेगा। सत्ता में पहुंचना हीं सिर्फ राजनीतिक पार्टियों का उद्देश्य नहीं होना चाहिए अपितु विचारों को जमीनी स्तर तक प्रभाव में लाने का उद्देश्य होना चाहिए।

किसी भी तरह से कुछ खास लोगों के विकास में न सहयोग कर आम जनमानस की सुरक्षा, आर्थिक उन्नति, सांस्कृतिक उन्नति, पर्यावरण सरंक्षण, राष्ट्रीयसुरक्षा नीति, विदेश नीति और राज्यों के तनावों को कम करते हुए हर राज्यों तक विकास का कार्य करना चाहिए। यहीं जनमानस का भाव होता है और इसी कारणवश वह चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा लेते है दो-दो चार घंटे कडी धूप बरसात और कडाके के ठंड में भी वह नेताओं का भाषण सुनते है और उसके बाद वह अपने मताधिकार से पक्ष विपक्ष को जनादेश देने का काम करते है। इसलिए जनादेश सदैव स्वीकार करने योग्य होता है।

# वन स्टाप सेंटर योजना सखी वार्ता महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रही है



माँझी सारण जिला हब एंपावरमेंट ऑफ वूमेन ऊ्लएह एवं वन स्टाप सेंटर योजना (सखी) महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रही है। किसी महिला के साथ मारपीट, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न या अन्य कोई घटना होती है तो वन स्टाप सेंटर के माध्यम से पीड़ित को न्याय दिलाया जाता है ।माँझी प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आगनवाड़ी के एल एस के साथ सेविकाओ के साथ वन स्टाप वूमेन एवं महिला हेल्पलाइन के अधिकारियों ने की बैठक कार्यक्रम का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया बैठक को सम्बोधित करते हुए अधिकारियों ने महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न इत्यादि मामलों के बारे में चर्चा की और मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए ।उन्होंने कहा की वन स्टाप सेंटर के तहत सभी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को अधिकतम पांच दिन तक अस्थायी आश्रय, पुलिस-डेस्क, विधि सहायता, चिकित्सा एवं काउंसिलिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा किसी भी प्रकार की सहायता के लिए वन स्टाप सेंटर हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।



# पर्सनल लाइफ पर बोले टीवी एक्टर शालीन भनोट

**एक्ट्रेस दलजीत कौर के एक्स-हस्बैंड शालीन भनोट ने कहा है कि वो सिंगल हैं। हाल ही में इंटरव्यू में एक्टर ने अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बात की। दरअसल, पिछले कुछ समय से शालीन अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।**

बिग बॉस 16 में शालीन का नाम टीना दत्ता के साथ जुड़ा था। वहीं, पिछले साल टीवी शो बेकाबू की शूटिंग के वक्त, शालीन के अपनी को-एक्ट्रेस ईशा सिंह को डेट करने की बात भी सामने आई थी। हालांकि, दोनों ने इसे महज अफवाह बताया था।

### अब पर्सनल लाइफ में ज्यादा संतुष्ट महसूस करता हूं

शालीन कहते हैं, सच्चाई यह है कि, पहले के मुकाबले मैं अब अपनी पर्सनल लाइफ में ज्यादा संतुष्ट महसूस करता हूं। मेरा एक पेट डॉग है जो मुझे कभी प्यार की कमी महसूस होने नहीं देता। अपने घर आने पर जिस तरह का वेलकम मुझे उससे मिलता है, वाकई में वह लाजवाब है। मैं अपने पेरेंट्स के साथ रहता हूं। बिग बॉस के दौरान, मेरी मां शो में आई थीं जिसके बाद, लोग उन्हें भी पहचानने लगे हैं। वह जहां भी जाती है, लोग उन्हें शालीन की मां कहकर पुकारते है। शो के बाद, मेरे पेरेंट्स मुझ पर ज्यादा गर्व महसूस करते है। उनके चेहरे की खुशी देखकर लगता है मानो जैसे मैंने पूरी दुनिया जीत ली है। मैं इस फेज को एन्जॉय कर रहा हूं।

### अभी सिंगल और खुश हूं

रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में पूछा तो शालीन ने कहा, मैं अभी सिंगल और खुश हूं। हां, यदि रोमानिया में खतरों के खिलाड़ी की शूटिंग के दौरान कोई मिल जाए तो आगे देखेंगे।

### टूट चुकी है शालीन की पहली शादी

शालीन ने दलजीत कौर से साल 2009 में शादी की थी। कुछ समय बाद दोनों के रिश्तों में दरार आने लगी। दोनों के बीच काफी नोकझोंक होने लगी। साल 2013 में दलजीत ने शालीन पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था। एक्ट्रेस ने दहेज की मांग करने की भी शिकायत की थी। इसके बाद वह दोनों 2015 में तलाक लेकर अलग हो गए थे। उनका बेटा जेयडन दलजीत के पास रहता है।



# सत्यभामा में पुलिस अधिकारी बनेंगी काजल

काजल अग्रवाल साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री हैं, लेकिन उन्होंने तमिल और तेलुगु के अलावा कुछ हिन्दी फिल्मों में भी काम किया है। उन्होंने अपने करियर में कई सफल फिल्म दी हैं। हालांकि, बीते कुछ समय से वह पर्दे पर नजर नहीं आई थीं, लेकिन मैटरनिटी ब्रेक के बाद वह एक बार फिर से पर्दे पर अपने अभिनय का जलवा बिखेरती नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सत्यभामा को लेकर चर्चा में हैं। यह एक क्राइम थ्रिलर होगी, जिसका निर्देशन सुमन चिक्कला कर रहे हैं। फिल्म सात जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कहा जा रहा है कि फिल्म में अभिनेत्री काफी दमदार किरदार में नजर आएंगी। वह इस फिल्म में एक पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने वाली हैं। फिल्म का निर्माण शशि किरण थिक्का ने किया है, वह इस फिल्म के सह लेखक भी हैं।

फिल्म के निर्माता इसके प्रमोशन में जोर शोर से जुट गए हैं। उन्होंने आम जनता के लिए एक विशेष प्रीमियर की घोषणा की है। यह विशेष प्रीमियर पांच जून को शाम छह बजे हैदराबाद के प्रसाद मल्टीप्लेक्स में होगा। दर्शक भी इस विशेष प्रीमियर में हिस्सा ले सकते हैं। इस विशेष प्रीमियर टिकट को प्राप्त करने के लिए, दर्शकों को प्ले स्टोर से शी सेफ ऐप डाउनलोड करना होगा। इस टिकट को काउंटर पर दिखा कर दर्शक प्रवेश पा सकते हैं। फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। काजल के फैंस को सत्यभामा से बहुत उम्मीदें हैं। फिल्म में नवीन चंद्रा, प्रकाश राज, हर्षवर्धन, रवि वर्मा, अंकित कोय्या, संपदा एन और प्रज्वल यादमा सहित कई प्रतिभाशाली कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म की पटकथा शशि किरण टिक्का ने लिखी है। वहीं, फिल्म का निर्माण ऑरम आर्ट्स के बैनर तले बॉबी टिक्का, श्रीनिवास राव तक्कलपेल्ली कर रहे हैं। बताते चलें कि काजल सत्यभामा के अलावा कमल हासन की बहुप्रतीक्षित फिल्म इंडियन 2 में भी नजर आने वाली हैं।



# सांवले रंग की वजह से मुझे कई प्रोजेक्ट से निकाला गया था

झांसी की रानी, मैं हूं साथ तेरे जैसे शोज में काम कर चुकी उल्का ने बताया है कि आज भी उनके कास्टिंग एजेंट के पास गोरे कॉम्प्लेक्शन वाली एक्ट्रेस की डिमांड आती है। उल्का पहली टीवी एक्टर नहीं हैं जिन्हे सांवले रंग की वजह से रिजेक्शन झेलना पड़ा है। सुम्बुल तौकीर, निया शर्मा, हिना खान समेत कई टीवी एक्टर्स रहे हैं जिन्हें उनकी डार्क स्किन टोन की वजह से कई बार रिजेक्ट कर दिया गया था। छोटी उम्र में ही मेरा ग्लेमर इंडस्ट्री के इस डार्क साइड से सामना हो गया था। मुझे बचपन से ही एक्टिंग का बहुत शौक था। बचपन में मैं अपने पिता के साथ जब भी ऑडिशन के लिए जाती थी, लोग मेरे सांवले रंग को देखकर रिजेक्ट कर देते थे। खुलेआम भेदभाव होता था। ये देखकर मुझे और मेरे पिता को काफी निराशा होती थी। सांवले रंग की वजह से मुझे कई प्रोजेक्ट से निकाला भी गया था। वहीं, इसी रंग की वजह से मुझे सात फेरे में सलोनी की बेटी का किरदार मिला था। मैंने कभी अपने रंग को अपने टैलेंट के बीच नहीं आने दिया। मैंने कुछ टीवी शोज किए और फिर साउथ फिल्म इंडस्ट्री का रुख किया। वहां मुझे अपनी एक नई पहचान मिली। मेरे कॉन्फिडेंस लेवल काफी बढ़ गया था। मैं टैलेंट से अपनी पहचान बनाना चाहती थी। मैंने अब तक कई तेलुगु, मराठी, हिंदी और बंगाली फिल्में की है। टेलीविजन पर भी काफी काम किया है। मुझे गर्व है कि मैं ऐसा कर पाई। दुर्भाग्यवश, आज भी मेरे कास्टिंग एजेंट को गोरे कॉम्प्लेक्शन एक्ट्रेस की डिमांड आती है।



# बहन काजोल से तुलना पर बोलीं तनीषा मुखर्जी

**तनीषा मुखर्जी ने अपनी बहन काजोल के साथ कंपैरिजन पर बात की है। तनीषा ने इंटरव्यू में ये बात भी कबूली कि काजोल की वजह से उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में काफी कुछ मिला है जिसकी वो शुक्रगुजार हैं।**

### खुद को उनसे कंपेयर नहीं कर सकती

एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा, इन चीजों से अब मुझे फर्क नहीं पड़ता। मैं खुद की तुलना अपनी बहन से कभी नहीं कर सकती हूं। जब मैं किसी दूसरे एक्टर से खुद को कंपेयर नहीं करती तो भला अपनी बहन के साथ क्यों अपनी तुलना करूं? तनीषा ने आगे कहा, मैं मानती हूं कि हर एक्टर और स्टार की एक जर्नी होती है। ये बात सच है कि मेरा करियर मेरी बहन जितना अच्छा नहीं रहा लेकिन उन्होंने जब शुरुआत की थी तो वो 16 साल की थीं। मुझे अपनी बहन की वजह से इंडस्ट्री में काफी फायदे मिले। मुझे अपने करियर में उनकी वजह से जो कुछ भी मिला, उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं। अंत में यही कहूंगी कि मुझे काफी कंफर्टेबल करियर मिला। मुझे काम नहीं करना पड़ा तो उस लिहाज से मैं कभी अपने आपकी तुलना उनसे नहीं कर सकती हूं।

### काजोल से बचपन में होती थी लड़ाई

तनीषा ने काजोल के साथ अपनी बचपन की यादें शेयर करते हुए कहा, काजोल बचपन में बेहद शरारती थीं। इस वजह से वो मुझसे ज्यादा परेशानी में पड़ती थीं। बचपन में हम दोनों काफी लड़ते थे। पापा हमें टॉम एंड जैरी बुलाते थे। तनीषा ने ये भी बताया कि काजोल स्ट्रिक्ट मां हैं।



# नुपूर सेनन को मिला बिग बॉस ओटीटी 3 का ऑफर

बिग बॉस ओटीटी को लेकर एक के बाद एक अपडेट्स आ रहे हैं। जैसे-जैसे शो को लेकर अपडेट्स आ रहे हैं, फैंस उत्साहित होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर लगातार शो का बज बना हुआ है। घर में कौन-कौन से कंटेस्टेंट नजर आएंगे इसको लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं। अब इन नामों में बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन का नाम भी शामिल हो गया है। टेलीचक्कर की रिपोर्ट के मुताबिक, बिग बॉस ओटीटी के मेकर्स ने बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन नुपुर सेनन को अप्रोच किया है। माना जा रहा है कि मेकर्स और नुपुर के बीच बातचीत का सिलसिला जारी है। हालांकि, अभी नुपुर शो में नजर आएंगी या नहीं इसकी को ई पुष्टि नहीं हुई है। बता दें, नुपुर को बिग बॉस के पिछले सीजन्स में भी अप्रोच किया गया था, लेकिन तब शो के मेकर्स के साथ बात नहीं बन पाई थी। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या कृति सेनन की बहन इस बार घर में नजर आएंगी? बिग बॉस ओटीटी सीजन 1 2021 में आया था। इस सीजन को होस्ट किया था डायरेक्टर करण जौहर ने। वहीं, सीजन को होस्ट किया था सलमान खान ने। अब तीसरे सीजन को होस्ट करेंगे अनिल कपूर। शो में अनिल कपूर की होस्टिंग को देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। शो ने एक प्रोमो भी लॉन्च किया है जिसमें अनिल कपूर नजर आ रहे हैं।

# विक्रांत मैसी की कॉमेडी थ्रिलर ब्लैकआउट 7 जून को होगी रिलीज

फिल्म '12वीं फेल' से एक्टर विक्रांत मैसी का सितारा चमक गया। अब उनके पास बेशुमार ऑफर है। फिलहाल उनकी कॉमेडी थ्रिलर फिल्म 'ब्लैकआउट' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का पहला गाना मंगलवार (4 जून) को जारी कर दिया गया है। गाने में विक्रांत का लुक भी सामने आया है, जिससे पता चलता है कि वे कैसे दिखने वाले हैं। विक्रांत ने सोशल मीडिया अकाउंट पर रिलीज हुए सॉन्ग को लेकर पोस्ट शेयर की है।

विक्रांत ने कैप्शन में लिखा, फिल्म का नया हिट गाना 'क्या हुआ' रिलीज हो गया है- क्या आपने इसे सुना, 2 मिनट 39 सैकंड के इस गाने में विक्रांत काफी परेशान और गुस्से में दिख रहे हैं। वे गोलियां चला रहे हैं। गाने में कॉमेडियन सुनील ग्रोवर, एक्ट्रेस मौनी रॉय और अनंत जोशी भी नजर आए। गाने को सिंगर विशाल मिश्रा ने आवाज दी है। फिल्म में विक्रांत एक क्राइम रिपोर्टर बने हैं। फिल्म का डायरेक्शन देवांग शशिन भावसार ने किया है। करण सोनावणे और सौरभ घाडगे भी फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म 'ब्लैकआउट' 7 जून को सिनेमाघरों के बजाय ओटीटी प्लेटफार्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। ब्लैकआउट के बाद विक्रांत द साबरमती रिपोर्ट में नजर आएंगे, जिसकी कहानी 2002 की गोधरा ट्रेन जलने की घटना पर आधारित है। फिल्म 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।





# फिल्म 'हमारे बारह' पर उपजे विवाद पर बोले अन्नू कपूर

**एक्टर अन्नू कपूर की फिल्म 'हमारे बारह' का टीजर जब से लॉन्च हुआ है, तब से यह फिल्म विवादों में घिरी हुई है। फिल्म पर धर्म विशेष के खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप लगाया जा रहा है। फिल्म के एक्टर्स को जान से मारने की धमकी मिल रही है। फिल्म के लिए मिल रही धमकियों पर हाल ही में अन्नू कपूर ने बातचीत के दौरान बताया कि वे सोशल मीडिया पर सक्रिय नहीं हैं। सुना कि एक्टर्स को मारने की धमकियां मिल रही हैं।**

### पॉपुलेशन और नारी सशक्तिकरण की बात करती है फिल्म

फिल्म के बारे में बातचीत करते हुए अन्नू कपूर ने कहा- यह फिल्म पॉपुलेशन और नारी सशक्तिकरण की बात करती है। फिल्म मां के दर्द को बयां करती है। हर जाति धर्म और समुदाय में पुरुषों के द्वारा स्त्रियों को प्रताड़ित किया जाता है। यह फिल्म किसी एक धर्म समुदाय की बात नहीं करती है। इस फिल्म के लिए हमने सूफी खान को क्रिएटिव राइटर के तौर पर रखा। क्योंकि फिल्म की कहानी में जिस परिवार और परिवेश की बात कर रहे हैं, उसके लिए ऐसे व्यक्ति की हमें जरूरत थी।

### विवाद तो किसी भी बात पर शुरू हो सकता है

फिल्म के विवाद पर बात करते हुए अन्नू कपूर ने कहा- विवाद तो किसी भी बात पर शुरू हो सकता है। इस फिल्म का विवाद यह है कि हमने एक पर्टीकुलर कम्युनिटी को टारगेट किया है जो बिल्कुल गलत बात है। विवाद का जवाब यह है कि पहले फिल्म देख लीजिए उसके बाद अपनी राय रखिए। जब से सोशल मीडिया का जन्म हुआ है, जिसके मर्जी में जो बात आता है, लिख देता है। लिखने में तो कुछ जाता नहीं है।

### मुझे नहीं पता सोशल मीडिया पर क्या लिखा गया

बताया जा रहा है कि फिल्म में काम करने वाले कलाकारों को सोशल मीडिया पर धमकियां मिल रही हैं। अन्नू कपूर ने कहा- मैं तो सोशल मीडिया देखता ही नहीं। मेरे मोबाइल पर सोशल मीडिया का कोई एप भी नहीं है। लेकिन सुनने में आ रहा है कि एक्टर्स को जान से मारने की धमकी मिल रह रही है। लड़कियों को अशब्द बोले जा रहे हैं। उन्हें रेप करने की धमकी दी जा रही है। उनकी धमकियों से हम लोग नहीं डरने वाले हैं।

### कौन कहां है पकड़ा जाएगा

बताया जा रहा है कि फिल्म में काम करने वाले एक्टर्स के नाम पते और मोबाइल नंबर लिखकर उनको धमकी दी जा रही है। अन्नू कपूर ने कहा- जो लोग इस तरह की धमकियां दे रहे हैं, उनको ढूंढना साइबर क्राइम के लिए बिल्कुल भी मुश्किल नहीं। कौन कहां है पकड़ा जाएगा।

# 'रणबीर कपूर स्टारकिड नहीं होते, तब भी स्टार होते

बॉलीवुड में नेपोटिज्म बहुत बड़ा टॉपिक है। अब इसी में एक्टर जयदीप अहलावत से नेपोटिज्म को लेकर सवाल पूछा गया। इंडस्ट्री के ए-लिस्टर्स में शामिल स्टार किड्स का सपोर्ट करते हुए एक्टर ने कहा कि वो नेपोटिज्म में विश्वास नहीं करते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या नेपोटिज्म ने उन्हें कभी किसी तरह से इफेक्ट किया है, तो जयदीप अहलावत ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि रणबीर कपूर या वरुण धवन कभी भी उनका कोई किरदार छीन लेंगे। जयदीप ने कहा- वो रणबीर कपूर हैं। अगर किसी को लगता है कि वो स्टारकिड हैं इसलिए अच्छे एक्टर हैं, इस भ्रम में मत रहो कि तुम स्टार किड हो तो, तुम एक अच्छे एक्टर हो जाओगे। रणबीर के बारे में जयदीप ने आगे कहा- अगर वो आउटसाइडर होते, तब भी वो स्टार होते। उन्होंने कहा कि वो रणबीर कपूर बनने के लिए इंडस्ट्री में नहीं आए हैं। अगर कोई लड़की अगली आलिया भट्ट बनने के लिए इंडस्ट्री में आती है तो वो भी गलत है। जयदीप ने कहा- मैं दूसरा रणबीर कपूर नहीं हूं, मैं पहला जयदीप अहलावत हूं।



## संक्षिप्त खबरें

### 24 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को किया गया गिरफ्तार

बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर-सुल्तानगंज मुख्य मार्ग ठ ल्ल 80 गुप्त सुचना के आधार पर 24 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया गया है। बताया जाता है कि बरियारपुर-सुलतानगंज मुख्यमार्ग राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या 80 पर कल्याणपुर गांव के समीप अंग्रेजी शराब को लेकर आने की सुचना बरियारपुर थाना को मिला। बरियारपुर थाना में अपने गस्ती पुलिस बल को इसकी सूचना दिया। जहां गस्ती दल ने घेरा डालना प्रारम्भ कि पूरब दिशा से हाथ मे प्लास्टिक के बैग लेकर पैदल आ रहे लोगो पर नजर रखा गया। जिसे घेरने कि तैयारी प्रारम्भ किया। इसी बीच अप पुलिस को देखकर एक व्यक्ति ने बैग रखकर भागने का प्रयास किया जिसे गस्ती दल के पुलिस ने भाग रहे एक व्यक्ति को पकड़ा लिए। तलाशी के क्रम मे प्लास्टिक के बैग से 16। बोतल 7.50 एम एल के ईम्पोरियल ब्लू के साथ दो रद्दयाल है स्टेक 10। बोतल 7.50 एम एल के साथ गॉधीपुर निवासी स्वर्गीय बिन्देश्वरी यादव के पुत्र विशाल कुमार के रुप मे चिन्हीत किया गया जिसे बरियारपुर थाना प्रांगण मे लाया गया। जहां व्यवहार न्यायालय के द्वारा पारित आदेश के आलोक मे कानूनी प्रक्रिया के तहत काण्ड अंकित कर ब्यवाहार न्यायालय मे भेज दिया गया है।

### सुहागिन महिलाओं ने रखी बट सावित्री व्रत का त्योहार

बरियारपुर( मुंगेर)। प्रखंड के कई स्थानों पर सुहागीनों ने बटसाबित्री त्योहार व्रत अपने पति के दिघार्यु होने की कामना से रखी। इस सम्बन्ध में कहा जाता है कि प्राचीन परंपरा के अनुसार सती सावित्री ने अपने पति का प्राण यमराज से वापस लाने पर यह बट सावित्री पूजा महिलाओं के द्वारा प्रारंभ किया गया है जो आज तक सभी सुहागीनों के द्वारा अपने अलग ही अंदाज से अपने पति के लिए यह त्योहार धुमधाम से मनाती हैं। इस त्यौहार मे सुहागिन महिलाएं अपने नये परिधान मे नये फल फुल के साथ बट वृक्ष के निकट पहुंच कर बैदिक मंत्र उच्चारण करते हुए पूजूं प्रारम्भ करतीं हैं।

### अखंड सौभाग्य की प्राप्ति हेतु महिलाएं ने की बट सावित्री पूजा

सदर मुंगेर। गुरुवार को सदर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में सुहागन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की प्राप्ति हेतु बट सावित्री पूजा कर पति की दीघार्यु हेतु कामना की। वही सुहागन महिलाओं द्वारा बट वृक्ष तथा पीपल के वृक्ष के पास जाकर हल्दी सिंदूर अक्षत फूल धूप दीप इत्यादि सामग्री लेकर बट वृक्ष के परिक्रमा करती है तथा अपने पति की लंबी आयु हेतु कामना करती है। वहीं सुहागन महिलाओं द्वारा सत्यवान सावित्री की कथा का भी श्रवण करती है। किस प्रकार से सावित्री ने अपने पति सत्यवान की रक्षा करती है। इससे सुहागन महिलाओं को सीखनी चाहिए कि किस प्रकार से सावित्री ने अपने पति सत्यवान की प्राण की रक्षा करती है। तथा तथा उनकी आयु गुना लंबी हो जाती है। इसी पर आधारित बट सावित्री पूजा की शुरूआत की गई है।

### मढ़ौरा पुलिस ने 210 लीटर देशी शराब किया जब्त

मढ़ौरा ग्रामीण। गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पियरपुरवा चवर में छापेमारी कर मढौरा पुलिस ने करीब 210 लीटर देशी शराब बरामद किया है जबकि सैकड़ों लीटर अर्द्धनिर्मित देशी शराब को जमीन पर गिराकर नष्ट कर दिया और कई शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। इस मामले में पुलिस ने करीब 8 लोगो पर प्रथमिकी दर्ज की है। बिहार में पिछले कई सालों से शराबबंदी लागू है बावजूद इसके यहा के शराब तस्करों पर इस कानून का कोई खास असर देखने को नही मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मढ़ौरा थाना क्षेत्र में देशी शराब और अवैध लॉटरी व जुआ का कारोबार काफी समय से व्यापक पैमाने पर चलता है जो स्थानीय व जिला पुलिस के लिए एक चुनौती है।

### केंद्र में एनडीए की नई सरकार, बिहार में होगी विकास की बहार : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की लगातार तीसरी बार सरकार बन रही है। इससे बिहार सहित देश में उत्साह का माहौल है। केंद्र में एनडीए की नयी सरकार में निश्चित तौर पर विकास की गति और तेज होगी।

श्री मिश्र ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि केंद्र में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनना विशेष तौर पर बिहार के लिए वरदान है। डबल इंजन की सरकार में बिहार तेज गति से समृद्धि की राह पर दौड़ेगा। बिहार में शहर से लेकर सुदूर गांवों तक हर घर में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। यह लगातार जारी रहेगा। श्री मिश्र ने कहा कि एनडीए की सरकार में बिहार में जो विकास हुआ है, वह देश-दुनिया जानता है। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार जो वादा करती है।

# दिघवारा नगर पंचायत के सफाईकर्मी छः दिन से हड़ताल पर, जगह जगह लगा कूड़े का अंबार

प्रात : किरण संवाददाता



दिघवारा नगर।पिछले दो महीने के मानदेय भुगतान नहीं होने के विरोध में नगर पंचायत के एनजीओ से जुड़े 105 सफाईकर्मी पिछले छह दिनों से हड़ताल पर हैं जिससे नगर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है वहीं जगह-जगह कूड़े कचरों का अंबार लग गया है।मुख्य बाजार समेत नगर के सभी वार्डों में कचरों का उठाव नहीं होने से स्थिति नारकीय स्थिति बन गई है ।पिछले छह दिनों से कचरे का उठाव बंद होने से नगर के लोगों में आक्रोश भी व्याप्त है।मुख्य बाजार के दुकानदार अपनी दुकानों के सामने लगे कचरों को खुद साफ कर रहे हैं तो नगरवासियों द्वारा अपने घर के कचरों को खुद फेंका जा रहा है।उधर सफाई कर्मियों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा उन लोगों का मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है जिसके कारण उन लोगों का दो महीने से मानदेय भुगतान लंबित है।इससे अजीज होकर सफाई कर्मियों ने हड़ताल करने का निर्णय किया है।हड़ताल के क्रम में ही गुरुवार को सभी सफाईकर्मियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंचकर बवाल काटा और अपने लंबित मानदेय के अविलंब भुगतान की मांग की। इस दौरान सफाईकर्मियों ने नगर कार्यालय परिसर में जगह-जगह कचरा फेंक कर अपनी गुस्से का इजहार भी किया ।मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि संतोष प्रसाद समेत कई वार्ड पार्षदों व पुलिस पदाधिकारियों ने आक्रोशित सफाईकर्मियों को समझाबुझाकर शांत करवाया जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी।सफाई कर्मियों के मानदेय लंबित होने का कारण टेंडर का अचानक बदला जाना भी है।पहले लखराज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एनजीओ द्वारा नगर में सफाई का कार्य करवाया जाता था जिसे 1 जून से बदलकर नारी उत्थान संस्था को दे दिया गया।इसके बाद से पुरानी कंपनी का पेमेंट नहीं होने से सफाईकर्मियों का मानदेय व पीएफ लंबित हो गया।इसके बाद सभी सफाई कर्मी हड़ताल पर चले गए।

## लोजपा सांसद अरुण भारती के जीत पर विधायक के नेतृत्व में निकाला गया विजय जुलूस

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर)। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकताओं ने जीत की खुशी में भोला रेस्ट हाउस पर जमकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाईयां खिलाकर जीत का जश्न मनाते हुए खुशी का इजहार किया। गौरतलब है कि बैंड बाजे के साथ एनडीए के कार्यकताओं ने तारापुर बाजार का परिभ्रमण भी किया। परिभ्रमण के दौरान जगह-जगह रुक-रुक कर लोगों ने एक दूसरे का अभिवादन भी स्वीकार किया। लोजपा के कार्यकताओं ने जगह-जगह जमकर पटाखे भी छोड़े। परिभ्रमण के पहले सभी लोगों ने पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी को माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। बता दें कि लोजपा रामविलास सह एनडीए के प्रत्याशी रहे अरुण भारती ने जमुई से पहली बार लोकसभा चुनाव लड़कर किला फतह करने में इन्हें सफलता मिली।

इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजद की प्रत्याशी अर्चना रविदास को हरा दिया। गौरतलब है कि मतगणना केंद्र पर शुरूआती दौर में कुछ करें मुकाबले के दोपहर बाद अच्छे बढ़त के साथ राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास को 1,12482 मतों से हराकर अरुण भारती ने शानदार जीत हासिल किया। बता दें कि अरुण भारती को कूल 5,09046 मत प्राप्त हुए, तो वहीं दूसरी ओर अर्चना रविदास 3,96564 वोट पाकर सिमट गई।

आगे बता दें कि जमुई संसदीय क्षेत्र से 2014 एवं 2019 में लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने भी प्रतिनिधित्व किया है।

इस मौके पर तारापुर के विधायक राजीव कुमार सिंह लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह ने सामूहिक रूप से बताया कि जमुई लोकसभा के आवाम ने अरुण भारती पर भरोसा जताया हैं इसके लिए महान सभी जनता को प्रणाम करता हूं। मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि जमुई लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छूटे हुए विकास कार्यो को अरुण भारती जल्द ही पूरा करेंगे। आगे कहा कि श्री भारतीय जनता के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

## कुमारखंड प्रखंड क्षेत्र में पति की लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाओं ने की वटवृक्ष की पूजा अर्चना

प्रात : किरण संवाददाता,

कुमारखंड (मधेपुरा)। मिथिलांचल सहित पूरे कोसी और सीमांचल के क्षेत्र में मनाए जाने वाला पर्व वट सावित्री धूमधाम के साथ गुरुवार को पुरे प्रखंड क्षेत्रों में मनाया गया। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की अमावस्या को वट सावित्री व्रत किया जाता है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत रखती हैं। कहा जाता है कि इस दिन सावित्री अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लेकर आईं थीं। जिसके बाद उन्हें सती सावित्री कहा जाने लगा। इस साल वट सावित्री व्रत 6 जून को मनाया गया।

वट सावित्री पूजा के अवसर पर रामनगर महेश, कुमारखंड, इसराइन बेला, इसराइन कला, रानीपट्टी सुखासन, बेलारी, रहटा, लक्ष्मीपुर भगवती सहित पूरे प्रखंड क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग की रक्षा और पति की दीघार्यु होने की कामना के लिए श्रद्धा और उमंग के साथ वटवृक्ष की विधि-विधान पूर्वक पौराणिक रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना की।

इस दौरान महिलाएं वट वृक्ष की पूजा के दौरान रक्षा सूत्र बांधकर अपने सुहाग और पति पत्नी की अटूट रिश्ते के लिए ईश्वर से कामना की। नवविवाहिता महिलाएं पूरे श्रृंगार के साथ नए वस्त्र धारण कर ससुराल से आए पूजन सामग्री को साथ लेकर वटवृक्ष के पास पहुंचकर श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना किया। इसके अलावा कथकनी (पुजारी) से सत्यवान और सावित्री की कथा सुनी गई। नवविवाहिता सुहागिनों में पहली बार वट सावित्री पूजा का अलग ही उत्साह देखा गया। पौराणिक मान्यता के अनुसार सावित्री के व्रत के दिन बरगद पेड़ के नीचे बैठकर पूजन, व्रत कथा सुनने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस व्रत में महिलाएं सावित्री-सत्यवान की कथा सुनती हैं। वट वृक्ष के नीचे बैठकर ही सावित्री ने अपने पतिव्रत से पति सत्यवान को दोबारा जीवित कर लिया था। दूसरी कथा के अनुसार मार्कण्डेय ऋषि को भगवान शिव के वरदान से वट वृक्ष के पत्ते में पैर का अंगूठा चूसते हुए बाल मुकुंद के दर्शन हुए थे। तभी से वट वृक्ष की पूजा की जाती है। वट वृक्ष की पूजा से घर में सुख-शांति, धनलक्ष्मी का भी वास होता है। वट सावित्री पूजा को लेकर महिलाओं में दिनभर काफी उत्साह का माहौल देखा गया। इस दौरान नवविवाहित सुहागिन महिलाओं के द्वारा विवाहित महिलाओं को निमंत्रण देकर भोजन भी कराया गया और उनसे आशीर्वाद लिया गया।

## मृतक परिजन को पौधा भेंट कर की एक खास पहल की शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा)। प्रखंड के अरजपुर पश्चिमी पंचायत की पूर्व मुखिया आयरन लेडी सरिता सुमन के निधानोंप्रांत विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ ने एक खास पहल शुरू की। पगड़ी रस्म के दौरान संस्था के अधिकारियों ने मृतक परिजन के मुखिया सह भाजपा नेता सुबोध कुमार सुमन को एक वट वृक्ष का पौधा प्रदान किया। लोग इस उपहार को पर्यावरण की रक्षा के लिए बड़ा संदेश मान रहे हैं। संस्था के संरक्षक सत्यप्रकाश गुप्ता विदुरजी, सचिव संजय कुमार सुमन ने कहा कि वैसे तो किसी प्रियजन के चले जाने पर हमेशा दुख होता है, लेकिन शायद कोई उनकी याद में एक पेड़ लगाकर सांत्वना पा सकता है।उन्होंने इच्छुक लोगों से अपील भी की है कि वह आगे आकर इस प्रक्रिया में हिस्सा ले सकते हैं और अपने परिजनों की याद हमेशा के लिए संजोकर रख सकते हैं। चौसा में हरियाली बढ़ाने के लिए जन सहयोग बेहद जरूरी है। ऐसे में इस सोच पर काम किया जा रहा है, जो लोगों के सहयोग से ही होगा। यदि कोई व्यक्ति अपने परिवार के किसी मृत व्यक्ति की स्मृति में पौधा लगाना चाहता है तो वह संस्था से संपर्क कर सकता है। संस्था के उपाध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा कि किसी प्रियजन की मृत्यु के बाद उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एक पौधा लगाना एक सार्थक तरीका है। उनके नाम पर एक पेड़ या पौधा समर्पित करने से उनकी याद जीवित रहती है, और वर्षों तक इसे बढ़ते हुए देखना आने वाले वर्षो के लिए सुकून दे सकता है।

## सुहागिन महिलाओं ने किया बट सावित्री की पूजा

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर( 6 जून मुंगेर) ।गुरुवार की औसुबह से ही तारापुर के विभिन्न हिस्सों में सुहागिन महिलाओं ने भारी संख्या में बट वृक्ष के नीचे अपने पति की लंबी आयु एवं स्वस्थ जीवन की कामना को लेकर वट सावित्री पूजा अर्चना किया। गौरतलब है कि सुबह से ही सुहागिन महिलाएं पूरे तरह से सज धज कर बट वृक्ष के नीचे बरगद के पेड़ में कच्चा धागा लपेटकर पूजा अर्चना किया। सुहागिन महिलाएं के साथ साथ छोटी-छोटी लड़कियों ने गीतों से दिनों भर उत्सव का माहौल क्षेत्र में देखने को मिला। इतना ही नहीं सुहागिन महिलाएं बट वृक्ष के नीचे कई प्रकार के फल व प्रसाद चढ़ाकर आसपास के लोगों के बीच प्रसाद भी वितरण किया। सुहागिन महिलाएं अपने पति के साथ-साथ देश व प्रदेश की तरक्की व खुशहाली की कामना भी किया। बट सावित्री पूजा अर्चना के बाद घर लौटते ही महिलाएं अपने पति को तिलक लगाकर आरती भी किया। क्षेत्र के लगभग सभी घरों में आज बहुत बड़ा उत्सव का माहौल पूरे परिवार के बीच रहा। घर के छोटे-छोटे बच्चों ने भी सुहागिन महिलाएं सह अपने माता को पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। तेज धूप एवं तीखी गर्मी रहने का परवाह किए बिना बट सावित्री पूजा को लेकर जगह-जगह महिलाओं की हुजूम पूजा अर्चना को लेकर दोपहर तक उमडता रहा। क्षेत्र में कई जगहों पर एक एवं आधा किलोमीटर की दूरी पैदल चलकर भी महिलाएं ने बट सावित्री की पूजा बड़े ही धूमधाम से किया।

## तीन दिनों से कुमारखंड प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग के ढुलमुल रवैया से लोगों को अंधेरे में गुजरना पड़ता हैं रात

प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा)। कुमारखंड प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को रात अचानक मौसम में आए बदलाव के बाद तेज हवा के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई। जिससे पिछले चार दिनों से अचानक मौसम में बदलाव की वजह से तेज हवा के साथ बारिश से लोगों को राहत तो मिली लेकिन अचानक मौसम खराब होने से बिजली आपूर्ति बंद हो गई। जो दूसरे दिन गुरुवार को दिन के तीन बजे तक लगभग 15 घंटे तक पूरी तरह से बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिससे रातभर और दूसरे दिन समाचार लिखे जाने तक लोग बगैर बिजली के रहने को विवश रहे। फिर दिन में करीब एक बजे तेज हवा के बाद सिंहेश्वर से भाया मधेपुरा मुरलीगंज होते कुमारखंड व खुर्दा उपकेंद्र को मिलने वाली बिजली 33 केवी में मधेपुरा मुरलीगंज के बीच फॉल्ट आ जाने से घंटों तक बिजली आपूर्ति बंद रही। जिसके कारण हजारों उपभोक्ता रातभर अंधेरे में रात गुजारने को विवश रहे। वहीं तेज हवा से कुमारखंड प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर इंसुलेटर खराब हो जाने के कारण बिजली आपूर्ति को मिस्त्री ठीक करने में लगे हुए थे।

## डीएम ने पटना के 6 वर्ष से अधिक उम्र के तीन अनाथ बच्चों को दत्तक ग्रहण कार्यक्रम से जोड़ा

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। गोपाल विद्यार्थी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शिका 2022 के दिशानिदेर्शो का पालन करते हुए पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक द्वारा गुरुवार को तीन बच्चों को दत्तक ग्रहण कार्यक्रम के तहत जोड़ा गया। जिसमे दो बच्चो को बिहार के भोजपुर एवं मुजफ्फरपुर के दंपत्तियों ने तथा एक बच्चे को इटली के दम्पति ने गोद लिया।उक्त बाबत जानकारी देते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक उदय कुमार झा ने बताया कि एसएए व चाइल्ड केयर इंस्टीटयूशन के लिंकेज के तहत 6 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के दत्तक ग्रहण का पटना में यह 10 वाँ मामला दर्ज किया गया है, जिसके तहत सूर्योदय बाल गृह, राम जयपाल रोड पटना में आवासित 13 वर्षीय बालक को अरूणोदय विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान पटना के माध्यम से बिहार के भोजपुर के दंपत्ति द्वारा गोद लिया गया, जिसे मात्र 08 वर्ष की आयु में पटना जंक्शन से भूले भटके वयवस्था में प्राप्त किया गया था। वहीं जिले के काँटी फक्ट्री रोड कंकड़बाग स्थित निकेत बल गृह पटना में आवासित 15 वर्षीय बालक को सृजनी विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, पटना के माध्यम से बिहार के मुजफ्फरपुर के दंपत्ति द्वारा गोद लिया गया, साथ ही आशा किरण बालिका गृह, पटना में आवासित एक 8 वर्षीय बालिका को सृजनी विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान पटना के माध्यम से इटली के दम्पंती द्वारा अंतदेर्शीय दत्तक ग्रहण किया गया।

## बरनवाल समर कैम्प 2024 का किया गया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।गया नगर बरनवाल सेवा समिति के नेतृत्व में अपने समाज के अन्य संगठनों के संयुक्त सहयोग से पहली बार समाज के बच्चों के लिए विधालयो में हुई गर्मी की छुट्टी के सही सदुपयोग का विचार करते हुए बरन समर कैम्प 2024 का शुभ उद्घाटन किया गया है।उद्घाटन सत्र में नगर समिति के संरक्षक महेंद्र बरनवाल एवं श्री बरनवाल सेवा सदन के अध्यक्ष नारायण प्रसाद जी ने दीप प्रज्वलन करके महाराजा अहिबरन जी के चित्र की पूजा की।

नगर समिति के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पवन ने बताया कि ये समर कैम्प 15 दिनों के लिए होगा ।जिसमे नृत्य, मेहंदी और आर्ट क्राफ्ट की प्रशिक्षण दी जाएगी ।उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि ऐसे आयोजन से बच्चों के बीच विभिन्न प्रतिभाओं का विकास होगा।सचिव राकेश कुमार ने तीनों विषयो के शिक्षक नृत्य की आकांशा कुमारी, मेहंदी की रुचि बरनवाल और आर्ट क्राफ्ट की अन्नू बरनवाल से समाज को परिचित कराया और उन्हें धन्यवाद दिया है।कोषाध्यक्ष विक्की बरनवाल ने कार्यकम में उपस्थित अतिथियों, बच्चों और उनके अभिभावकों के प्रति धन्यवाद प्रकट किया ।इस मंच संचालन हिमांशु गौरव ने किया है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रेम प्रकाश पवन, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, विक्की बरनवाल, उमाशंकर बरनवाल, कंचन कुमार, शिवनाथ प्रसाद, बिनोद कुमार, राजेश कुमार, राकेश कुमार, शंकर कुमार, प्रवीण कुमार, प्रशांत कुमार,मनोज कुमार, विनय बरनवाल, समीर कुमार, महिला समिति से ममता बरनवाल, नुतन बरनवाल, रजनी बरनवाल, निक्की बरनवाल, सोनी गुप्ता, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे हैं।

## प्रकृति के कहर से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में लगाए पेड़ पौधे-वैद्य कामेश्वर गुप्ता

प्रात : किरण संवाददाता



महुआ ।पर्यावरण संरक्षण अभियान के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध शक्तिपीठ क्षेत्र गोविंदपुर सिंघाड़ा में कई जगहों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करते हुए विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधे लगाएं गए।इस अवसर पर अभियान के संयोजक डॉ. कामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जिस तरह वातावरण में ताप बढ़ा है इसके लिए पेड़ लगाना बहुत ही जरूरी है।हमने पीपल, नीम सहित फलदार वृक्ष को काटकर घरों में मनी प्लांट लगाना शुरू कर दिया।हम सभी लोगों को अपने जन्म दिवस, विवाह दिवस आदि समारोह के अवसर पर एक पेड़ जरूर लगाने चाहिए।वही श्री गुप्ता ने औषधीय पौधे लगाने पर भी बल दिया। वही इस मौके पर उपस्थित पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाले प्रदीप सोनी ने इस वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम के मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी कई दशकों से लगातार प्रकृति से खिलवाड़ करते रह जा रहे हैं जिसका परिणाम आज हिट वेभ और अधिकतम तापमान से जूझना पड़ रहा है। इस प्रकृति के कहर से बचने के लिए हम सब को ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पेड़ पौधे लगाने की जरूरत है।इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप सोनी, मो इरशाद अहमद, अजय शर्मा, प्रमोद चौधरी, बिट्टू साह, रामबली साह, संटू शर्मा, रमेश भगत, सुरज सोनी, जय शंकर प्रिया आदि लोग उपस्थित थे।

## पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने की वट सावित्री व्रत

प्रात : किरण संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा) । प्रखंड सहित नगर पंचायत के विभिन्न वार्ड में बृहस्पतिवार को वट सावित्री की पूजा धूमधाम से मनाई गई। महिलाएं घर से सज धज कर अपने पति के लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। वट वृक्ष में मजबूत धागे को बांध कर अपने रिश्ते में मजबूत करने की भगवान से प्रार्थना की। नगर पंचायत के बाबा बजरंग बली परिसर में स्थित वट वृक्ष, थाना के निकट के पास व प्रखंड के अन्य क्षेत्र में स्थित बरगद के पेड़ की पूजा करने महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। वट सावित्री व्रत में 'वट' और 'सावित्री' दोनों का खास महत्व माना जाता है। पीपल की तरह वट या बरगद के पेड़ का भी विशेष महत्व है। पुराणों की मानें तो वट वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु व महेश तीनों का वास है। इस साल वट सावित्री व्रत बृहस्पतिवार को मनाया गया। इस व्रत में बरगद पेड़ के चारों ओर घूमकर रक्षा सूत्र बांध सुहागिन महिलाएं अपने पति के दीघार्यु होने का आशीर्वाद मांगी । इस अवसर पर सुहागिनों एक-दूसरे को सिदूर लगाई। वट वृक्ष की पूजा के बाद महिलाएं पुजारी एवं पंडित से सत्यवान और सावित्री की कथा सुनी। पति की दीघार्यु होने की कामना को लेकर महिलाओं के बीच वट सावित्री पूजा करने को ले तांता लगा रहा। सुहागिन महिलाओं ने बरगद वृक्ष के नीचे वट सावित्री पूजा की। पति के दीघार्यु होने को लेकर पूजा की। वट वृक्ष के जड़ों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु व डालियों एवं पतियों में भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है, ऐसी मान्यता है। वट सावित्री पूजा को लेकर सुहागिन महिलाओं में श्रद्धा, भक्ति व उत्साह देखा गया। पूजा अर्चना करने को लेकर वट वृक्ष के नीचे महिलाओं का श्रद्धा, विश्वास एवं उत्साह देखते ही बन रही थी।

## कोशी कंसोर्टियम के संस्थापक, वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरणविद्, सामाजिक योद्धा रंजीव नहीं रहे, आकस्मिक संदेहास्पद निधन

प्रात : किरण संवाददाता



खगड़िया। देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन के तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय अलौली में किया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरणविद् , नदी पानी और समाजिक सरोकार के सवालों पर सदैव समर्पित रंजीव जी के असामयिक निधन पर तथा 1981 में धमारा घाट के निकट बागमती नदी पुल पर ट्रेन हादसा में सैकड़ो सवारी का हुई मौत के 43वां बरसीं पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई तथा पत्रकार स्मृतिशेष रंजीव जी अमर रहे, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, नारों को बुलंद किया गया।

अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि राजीव जी सच्चे अर्थो में लोकतंत्र के मजबूत स्तंभ वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरणविद्, सामाजिक सरोकार के सवाल को लेकर सदैव संघर्षरत रहने वाले समाजिक योद्धा एवं कोसी कंसोर्सियम के संस्थापक थे , जिन्होंने कोसी क्षेत्र सहरसा एवं पटना में आजीवन सामाजिक जन सरोकार के मुद्दे को लेकर पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में संघर्षरत रहे। उन्होंने खगड़िया में आयोजित जल संसद सम्मेलन कार्यक्रम में समाजसेवी दिवंगत प्रेम वर्मा के संयोजकत्व में मजबूत सहभागिता दिए थे। सहरसा निवासी पत्रकार रंजीव जी का पटना आवास पर संदेहास्पद आकस्मिक निधन विगत दो दिन पूर्व हो गई। जन आंदोलन के राष्ट्रीय समन्वय, एनएपीएम से जुड़े महेंद्र, शाहिद, गालिब, आशीष, रूपेश, कंचन, अमरनाथ, श्रीकांत, प्रियदर्शी, कमलेश, परवेज, अभ्युदय, इमरान, अशरफी, राजेश, कमल, सरफराज, अनीस अंकुर, जयप्रकाश, विनीत, साकेत, किरण देव, मणिलाल सरीखे सभी साथी मर्माहत हैं। श्री यादव ने कहा कि रंजीव जी के निधन से सामाजिक एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में काफी क्षति पहुंची है जिसकी निकट भविष्य में भरपाई संभव नहीं है। प्रकृति उनके आत्मा को शांति दे। हमने एक सच्चे पत्रकार पर्यावरणविद् एवं समाजिक योद्धा को खो दिया। वे आत्मिक यादों में गगन के क्षितिज में ध्रुव तारा के तरह सदैव चमकते रहेंगे। सामाजिक गतिविधि में उनकी कमी हमेशा खलेगी।

## लखीसराय क्यूल स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में लगी आग, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं; फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां बुलाई गईं

जमुई संवाददाता



लखीसराय किउल रेलवे स्टेशन पर खड़ी मेमू ट्रेन में गुरुवार को अचानक आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे ट्रेन की कई बोगियों को चपेट में ले लिया। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां बुलाई गई हैं। आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। बताया जा रहा है कि पटना से जसीडीह जा रही मेमू किउल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर खड़ी थी। थोड़ी देर में ट्रेन जसीडीह के लिए रवाना होने ही वाली थी। ट्रेन के अंदर कुछ पैसेंजर्स भी बैठे थे। करीब साढ़े 5 बजे ट्रेन से धुंआ उठा। इसे देखकर ट्रेन में बैठे यात्री नीचे उतर गए। देखते-देखते ट्रेन से आग की लपटें बाहर निकलने लगी। देखते-देखते ट्रेन से आग की लपटें उठने लगीं। रेलवे अधिकारी ने बताया कि बैट्री पैनल में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। फिलहाल, आग पर काबू पाने के बाद मामले की जांच की जाएगी।





# रोहित शर्मा के टी20 में सबसे तेज 4 हजार रन पूरे, छक्कों की संख्या 600 पार

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ खेले गए पहले ही मुकाबले में रोहित शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल में सबसे तेज चार रन पूरे करने की नायाब उपलब्धि अपने नाम कर ली। उन्होंने 2860 गेंदों पर यह 4 हजार रन बनाए। ऐसा कर उन्होंने विराट कोहली को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2900 गेंदों पर 4 हजार रन बनाए थे। तीसरे नंबर पर बाबर आजम है जिन्होंने 3079 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की थी। यही नहीं, रोहित शर्मा और विराट कोहली अब ऐसे दो ही बल्लेबाज हैं जिनके वनडे, टेस्ट और टी20 इंटरनेशनल में 4 हजार से ज्यादा रन हैं।



### देखें आंकड़े-

विराट कोहली-टेस्ट में 8848, वनडे में 13848 और टी20 में 4038
रोहित शर्मा - टेस्ट में 4137, वनडे में 10709 और टी20 में 4026

### टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

4038 रन - विराट कोहली, भारत
4026 रन - रोहित शर्मा, भारत
4023 रन - बाबर आजम, पाकिस्तान
3591 रन - पॉल स्टर्लिंग, आयरलैंड
3531 रन - मार्टिन गुप्टिल, न्यूजीलैंड

रोहित शर्मा को यह नायाब उपलब्धि हासिल करने पर बीसीसीआई की ओर से भी बधाई दी गई।

### टी20 आई में सबसे ज्यादा फिफ्टी

37 - विराट कोहली, भारत
36 - बाबर आजम, पाकिस्तान
30 - रोहित शर्मा, भारत
28 - मोहम्मद रिजवान, पाकिस्तान
26 - डेविड वॉर्नर, ऑस्ट्रेलिया

रोहित भले ही इस रिकॉर्ड में तीसरे स्थान पर हैं लेकिन वह टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा शतक लगााने के मामले में वह ग्लेन मैक्सवेल के साथ संयुक्त तौर पर पहले नंबर पर हैं। उन्होंने अब तक 5 शतक लगाए हैं। चार शतक के साथ सूर्यकुमार यादव दूसरे नंबर पर हैं। तीसरे नंबर पर 3-3 शतक के साथ बाबर आजम और मोहम्मद वसीम हैं।

### रोहित के 600 छक्के पूरे

रोहित शर्मा ने आयरलैंड के खिलाफ मुकाबले में तीन छक्के लगाए थे। इसके साथ ही उन्होंने अपने 600वें अंतर्राष्ट्रीय छक्के भी पूरे कर लिए। रोहित ने 499वीं पारी में यह उपलब्धि अपने नाम की। इस लिस्ट में 551 पारियों में 553 छक्के लगाकर क्रिस गेल तो 508 पारियों में 476 छक्के लगाकर शाहिद अफरीदी बने हुए हैं। यही नहीं, रोहित ने टी20 विश्व कप इतिहास में 1000 रन भी पूरे कर लिए।




## रोहित शर्मा नाराज तो जसप्रीत बुमराह गदगद, टीम इंडिया में ही मार करवा देगी ये 'ड्रॉप इन' पिच?

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** एक ओर जहां आयरलैंड के खिलाफ चोटिल होने के बाद रोहित शर्मा टी20 विश्व कप में इस्तेमाल हो रही ड्रॉप इन पिच से नाराज हैं तो दूसरी ओर, प्लेयर ऑफ द मैच रहे जसप्रीत बुमराह खुश हैं। उन्होंने कहा कि इससे कोई दिक्कत नहीं हो रही है।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा नासाउ काउंटी मैदान की असमान उछाल वाली 'ड्रॉप इन' पिच से ज्यादा खुश नजर नहीं आए लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को खुशी है कि पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप के अहम मुकाबले से पहले पिच तेज गेंदबाजों की मदद कर रही है। आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच में रोहित ने 37 गेंद में 52 रन बनाए लेकिन गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज जोश लिटिल की शॉर्टपिच गेंद पर पूल शॉट खेलने के प्रयास में वह चूके और गेंद उनकी दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में जा लगी। उन्हें मैदान छोड़कर भी जाना पड़ा।

चोट के बारे में उन्होंने कहा, 'यह मामूली सा घाव है। मैने टॉस के समय भी कहा था कि पता नहीं ये पिच कैसी होगी।' उन्होंने कहा, 'नया मैदान, नया वेन्यू और हम देखना चाहते थे कि यहां खेलकर कैसा लगता है। मुझे लगता है कि पिच अभी जमी नहीं है और गेंदबाजों की काफी मदद कर रही थी। ऐसे में अपने बेसिक्स पर डटे रहना और टेस्ट मैच गेंदबाजी को याद रखना जरूरी था।' वहीं तीन ओवर में छह रन देकर दो विकेट लेने वाले बुमराह ने कहा, 'इससे गेंदबाजों को मदद मिल रही है तो मुझे कोई शिकायत नहीं है। इस प्रारूप में हालात के अनुरूप ढलना पड़ता है।'

उन्होंने कहा, 'अपनी रणनीति पर डटे रहने से मुझे मदद मिली। इन हालात में तैयारी पुख्ता रखनी जरूरी होती है और मैं प्रदर्शन से खुश हूं।' भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 35 रन देकर दो विकेट लिए जबकि हार्दिक पंड्या ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जसप्रीत बुमराह ने तीन ओवर में छह रन देकर दो विकेट लिए और मोहम्मद सिराज ने तीन ओवर में 13 रन देकर एक विकेट लिया।

रोहित ने कहा, 'अर्शदीप दाहिने हाथ के बल्लेबाजों के सामने गेंद को स्विंग कराके लय बनाने में माहिर है। मुझे नहीं लगता कि ऐसे मैदान पर चार स्पिनरों को उतारा जा सकता है। अगर हालात तेज गेंदबाजों के मददगार है तो वे ही खेलेंगे। स्पिनर टूर्नामेंट में बाद में अपना काम करेंगे। हम टीम की जरूरतों के हिसाब से बदलाव करेंगे।' इस मैच की तैयारी के बारे में रोहित ने कहा, 'मैं नहीं जानता कि पिच से क्या अपेक्षा करें लेकिन हम यही सोचकर तैयारी करेंगे कि पिच ऐसी ही रहने वाली है। उस मैच में पूरी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उम्मीद है कि आज की तरह उस मैच में भी प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

### टीम इंडिया ने आयरलैंड को हराकर किया टी20 वर्ल्ड कप का आगाज

भारत ने आयरलैंड को हराते हुए अपने टी-20 वर्ल्ड कप अभियान का शानदार आगाज किया है। पहले तेज गेंदबाजों की चौकड़ी ने उछाल लेती पिच पर आयरलैंड को बुधवार रात सिर्फ 96 रन पर समेट दिया। बाद में कप्तान रोहित शर्मा की रिकॉर्ड फिफ्टी के बूते इस मामूली लक्ष्य को दो विकेट खोकर 46 गेंद पहले हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा 52 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हुए। तीसरे नंबर पर उतरे ऋषभ पंत ने 36 रन की नाबाद पारी खेली।

## स्टॉयनिस का हरफनमौला प्रदर्शन, ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** डेविड वॉर्नर (56), मार्कस स्टॉयनिस नाबाद (67) और उसके बाद 19 रन पर तीन विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 विश्वकप के दसवें मुकाबले में ओमान को 39 रनों से हरा दिया है।




165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान की शुरुआत बेहद खराब रही। एक समय उसने 57 के स्कोर तक अपने छह विकेट गवां दिए थे और ऐसा लग रहा था कि ओमान की टीम जल्द ही सिमट जाएगी। ऐसे समय में अयान खान और मेहरान ओमान ने पारी को संभालने का प्रयास किया। अयान खान ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। इसके बाद मेहरान खान ने 27 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खोली। कप्तान आकिब इल्यास (18) और शकील अहमद (11) रन बनाकर आउट हुए। टीम के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। ओमान की टीम 20 ओवर में 9 विकेट 125 रन बना सकी और 39 रनों से मुकाबला हार गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्कर्स स्टोइनिस ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट लिए। मिचेल स्टार्क, नेथन एलिस और ऐडम जम्पा ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में ओमान ने बुधवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में ट्रैविस हेड (12) का विकेट गवां दिया।

## पाकिस्तान की शिकायत के बाद आईसीसी ने उठाया कदम, न्यूयॉर्क में बदला टीम का होटल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की शिकायत के बाद पाकिस्तान टीम का न्यूयॉर्क में होटल बदल दिया है। पीसीबी ने शिकायत की थी कि टी20 विश्व कप के दौरान होटल से स्टेडियम जाने में 90 मिनट का समय लगता है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि अध्यक्ष मोहसिन नकवी के दखल के बाद पाकिस्तान टीम को दूसरे होटल में भेज दिया गया जो मैदान से सिर्फ पांच मिनट की दूरी पर है। पाकिस्तान को रविवार को न्यूयॉर्क में भारत से खेलना है और 11 जून को कनाडा से सामना होगा। भारतीय टीम को तीन ग्रुप मैच न्यूयॉर्क में खेलने हैं और उसका टीम होटल मैदान से दस मिनट की दूरी पर है। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच जीत लिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में 77 रन पर आउट हुई श्रीलंकाई टीम होटल से स्टेडियम की दूरी को लेकर पहले ही चिंता जता चुकी है।



## भारत-पाक मैच से पहले बोले अजहर अली- खेल को बदल सकते हैं पाकिस्तान के तेज गेंदबाज

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान टी20 विश्व कप में सबसे प्रतीक्षित मुकाबलों में से एक के लिए तैयार हैं जो 9 जून को खेला जाएगा। इससे पहले पूर्व कप्तान अजहर अली का मानना ??है कि तेज गेंदबाजी विभाग में पाकिस्तान को अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ बढ़त हासिल है।

उन्होंने कहा कि 2009 के चैंपियन का मध्यक्रम शानदार फॉर्म में नहीं है। पाकिस्तान 9 जून (आईएसटी) को नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में भारत से भिड़ेगा। दोनों टीमें टी20 विश्व कप में पहले सात बार भिड़ चुकी हैं - फाइनल सहित 2007 में दो बार, 2012, 2014, 2016, 2021 और 2022 में। भारत ने सभी मौकों पर जीत हासिल की है, दुबई में 2021 की भिड़ंत को छोड़कर जहां उन्हें पाकिस्तान से दस विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

पाकिस्तान के मध्यक्रम की समस्या और उनकी सलामी जोड़ी में हालिया बदलावों ने चिंता बढ़ा दी है। आक्रामक सलामी बल्लेबाज सैम अयूब को टीम में जगह नहीं मिली जिसके कारण बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की आजमाई हुई जोड़ी की वापसी हुई।

अजहर अली ने कहा, पाकिस्तान की बात करें तो उनका मध्यक्रम बहुत अच्छा नहीं चल रहा है, जबकि सलामी जोड़ी को भी बदलना पड़ा क्योंकि आक्रामक सैम अयूब को शामिल करना कारगर नहीं रहा। लेकिन बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान सलामी बल्लेबाज के रूप में वापस आ गए हैं, हालांकि टीम को अभी भी कई सवालों के जवाब देने होंगे, खासकर मध्यक्रम के मामले में।

अजहर ने सुझाव दिया कि कागज पर भारत पूरी तरह से संतुलित और मजबूत दिखता है, लेकिन पाकिस्तान के तेज गेंदबाज खेल को बदल सकते हैं। उन्होंने कहा, %हां, तेज गेंदबाजी के मामले में शायद पाकिस्तान के पास बढ़त है, लेकिन भारत के पास भी जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज और अन्य तेज गेंदबाज हैं जो प्रभावशाली हैं।



अजहर ने दोनों पक्षों के बीच स्पिन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण अंतर को भी उजागर किया। उन्होंने कहा, भारत के स्पिनर भी बेहतर नियंत्रण रख सकते हैं...कुलदीप यादव, (रवींद्र) जडेजा जैसे गेंदबाज (कुलदीप, जडेजा जैसे गेंदबाज)। पाकिस्तान के लिए इमाद वसीम के पास वह (नियंत्रण) है, लेकिन शादाब खान के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। मौजूदा फॉर्म के हिसाब से शादाब के बजाय अबरार अहमद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और बेहतर होगा कि उन्हें (गुरुवार को) संयुक्त राज्य अमेरिका के मुकाबले से ही चुना जाए क्योंकि वह परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठा सकते हैं। एक लेग स्पिनर को लाइन और लेंथ को बेहतर तरीके से निभाने के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट का अधिक अनुभव होना चाहिए।

यह मानते हुए कि न्यूयॉर्क की पिच कम स्कोर वाली रहेगी, अजहर का मानना ??है कि यह पाकिस्तान के पक्ष में हो सकती है। 39 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मुझे लगता है कि कम स्कोर वाली पिच पाकिस्तान को सपाट पिचों की तुलना में बेहतर मौका देती है। हां, पिछले साल एशिया कप में भारत से मिली हार के बाद से हमारी गेंदबाजी पाकिस्तानी गेंदबाजों से अपेक्षित प्रभाव डालने में संघर्ष कर रही है। लेकिन अगर वे हार्ड लेंथ पर ध्यान केंद्रित करके और बहुत अधिक फुल बॉलिंग न करके भारत को कम स्कोर पर रोक सकते हैं, तो खेल जारी रहेगा।

दुनिया के दो बेहतरीन बल्लेबाजों विराट कोहली और बाबर आजम के बीच होने वाले मुकाबले पर सबकी निगाहें रहेंगी। दोनों के बीच तुलना को खारिज करते हुए अजहर ने उच्च दबाव की स्थितियों में कोहली की चमक दिखाने की क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, सभी प्रारूपों में कोहली ने लंबे समय तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए आप वास्तव में दोनों के करियर की तुलना नहीं कर सकते। बाबर को देखना शानदार है और पिछले चार-पांच सालों से टी20 क्रिकेट में भी वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

अजहर ने कहा, कोहली की तरह वह भी पारंपरिक क्रिकेटिंग स्ट्रोक पर भरोसा करता है। लेकिन कोहली ऐसे व्यक्ति हैं जो अन्य बल्लेबाजों के लिए अधिक प्रेरणादायक हैं। उनकी ताकत महत्वपूर्ण खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता है। अगर हम एमसीजी (2022 टी20 विश्व कप) में हुए भारत-पाक मैच को देखें तो केवल कोहली ही ऐसे दबाव की स्थिति में ऐसे अविश्वसनीय शॉट खेल सकते हैं। ध्यान रहे, उस समय पाकिस्तान की गेंदबाजी काफी तेज थी।

## डेविड वार्नर टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने, फिंच को पीछे छोड़ा



**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर पूर्व कप्तान आरोन फिंच को पीछे छोड़कर टी20 में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अपना आखिरी टी20 विश्व कप खेल रहे वार्नर ने गुरुवार को केंसिंग्टन ओवल में ओमान के खिलाफ अपने पहले मैच में (आईएसटी के अनुसार) यह उपलब्धि हासिल की। ??उन्होंने 51 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रनों की पारी खेली और अपने पूर्व बल्लेबाजी साथी से आगे निकल गए। ऑस्ट्रेलिया के लिए 104 मैचों में वार्नर ने 33.92 की औसत से 3,155 रन बनाए हैं। उन्होंने टी20 में अब तक 27 अर्धशतक और एक शतक भी लगाया है। दूसरी ओर फिंच ने 103 मैचों में 19 अर्द्धशतक और दो शतकों की मदद से 3120 रन बनाए हैं। ओमान के खिलाफ अपनी शानदार पारी में उन्होंने मार्कस स्टोइनिस के साथ 102 रनों की साझेदारी भी की जिन्होंने 36 गेंदों पर छह छक्कों और दो चौकों की मदद से 67* रनों की तेज पारी खेली और टीम को 20 ओवरों में 164/5 तक पहुंचाया। स्टोइनिस के क्रीज पर आने से पहले ऑस्ट्रेलिया लगातार गेंदों पर कप्तान मिशेल मार्श (14) और ग्लेन मैक्सवेल (0) के विकेट गंवाने के बाद 8.3 ओवरों में 50/3 रन बनाकर जूझ रहा था।

### नॉर्वे शतरंज 2024

## कार्लसन नें प्रज्ञानन्दा को हराया, एकल बढ़त बरकरार

**ओस्लो , नॉर्वे (एजेंसी)।** नॉर्वे शतरंज के 12वें संस्करण में अब टूर्नामेंट अपने अंतिम पड़ाव पर पहुँच गया है और आठ राउंड के बाद इस खिताब को सबसे ज्यादा बार जीतने वाले मेजबान देश के मैगनस कार्लसन एक बार एकल बढ़त पर चल रहे है । आठवें राउंड में प्रज्ञानन्दा के खिलाफ सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए मैगनस कार्लसन क्लासिकल मुक़ाबला जीत नहीं सके और मुक़ाबला बेनतीजा रहा पर उसके बाद हुए टाईब्रेक में उन्होने जीत दर्ज करते हुए 14.5 अंको के साथ अपनी एकल बढ़त को कायम रखा है , इससे पहले टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में उन्हे प्रज्ञानन्दा से क्लासिकल में हार का सामना करना पड़ा था । वहीं दूसरे स्थान पर चल रहे यूएसए के हिकारु नाकामुरा को फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा से टाईब्रेक का सामना करना पड़ा तो विश्व चैम्पियन डिंग लीरेन एक बार फिर टाईब्रेक मुक़ाबला हार गए और उन्हे यूएसए के फबियानों करूआना नें पराजित किया । अब जबकि दो राउंड बाकी है कार्लसन 14.5 , नाकामुरा 13.5 , प्रज्ञानन्दा 12 , अलीरेजा 11 , फबियानों 9 और डिंग 4.5 अंक बनाकर खेल रहे है । महिला वर्ग में वैशाली नें एना मुजयचूक को पराजित करते हुए अपना तीसरा स्थान 11.5 अंक बनाकर कायम रखा है जबकि चीन की जू वेंजून 14.5 अंक और उक्रेन की एना मुजयचूक 13 अंक बनाकर पहले और दूसरे स्थान पर है ।

## भारत के लिए टाइमिंग से छेड़छाड़

### अमेरिका में सुबह हो रहे इंडिया के मुकाबले, ताकि भारतीयों को न हो परेशानी

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** न्यूयॉर्क में रहने वाली श्वेता पाटिल ने भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट खरीद रखे हैं। श्वेता पहली बार भारत-पाक मुकाबला 9 जून को ग्राउंड पर जाकर देखेंगी। हालांकि, उनकी परेशानी यह है कि मुकाबला न्यूयॉर्क के समय के हिसाब से सुबह 10ः30 बजे शुरू होगा। उनका मानना है कि इतना बड़ा मुकाबला शाम को शुरू होता तो बेहतर रहता।

आम तौर पर टी-20 मुकाबले शाम को ही शुरू होते हैं। फिर भारत-पाकिस्तान मैच लोकल टाइम के हिसाब से इतनी जल्दी क्यों हो रहा है? ऐसा इसलिए हो रहा, ताकि आप जैसे भारत में बैठे करोड़ों फैंस अपने टीवी या स्मार्टफोन पर यह मुकाबला अपने प्राइम टाइम यानी रात 8 बजे से देख सकें।

आखिर आईसीसी आपकी सहूलियत का इतना ख्याल क्यों रख रहा है? इससे उसे क्या फायदा होगा? सुबह इतनी जल्दी मैच खेलने से भारतीय टीम को नुकसान तो नहीं होगा? भारत ने पहला मैच भी सुबह 10ः30 बजे से ही खेला टीम इंडिया ग्रुप-ए में है। भारत ने न्यूयॉर्क में 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच खेला। मुकाबला भारत के समय के हिसाब से रात 8 बजे शुरू हुआ, लेकिन न्यूयॉर्क में दर्शकों को सुबह-सुबह ही टी-20 मैच देखने के लिए ग्राउंड पहुंचना पड़ा, क्योंकि अमेरिका की टाइमिंग के हिसाब से वहां मैच सुबह 10ः30 बजे शुरू हुआ।

टीम इंडिया 9 जून को पाकिस्तान, 12 जून को अमेरिका और 15 जून को कनाडा से भिड़ेगी। सभी मैच अमेरिका के हिसाब से सुबह 10ः30 बजे शुरू होंगे, लेकिन भारत में दर्शक इन्हें रात 8 बजे से ही देख सकेंगे।




**भारत के सुपर-8 मैच भी रात 8 बजे ही शुरू होंगे** - टीम इंडिया ने अगर ग्रुप स्टेज पार कर सुपर-8 राउंड में जगह बनाई, तब भी टीम के सभी मुकाबले भारत के समयानुसार रात 8 बजे ही शुरू होंगे। शेड्यूल में गड़बड़ न हो, इसलिए आईसीसी ने टी-20 रैंकिंग की टॉप-8 टीमों को सीड यानी वरीयता दे रखी है। यानी आईसीसी ने पहले से तय कर दिया है कि सुपर-8 स्टेज में कौन सी टीम किस ग्रुप में रहेगी। सभी सीडेड टीमें सुपर-8 राउंड में पहुंचीं तो टीम इंडिया के मुकाबले न्यूजीलैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया से होंगे। चारों टीमें ग्रुप-1 में रहेंगी। सुपर-8 राउंड में भारत के तीनों मुकाबले वेस्टइंडीज के 3 शहरों में होंगे, लेकिन ये भी लोकल टाइमिंग के हिसाब से सुबह 10ः30 बजे से ही खेले जाएंगे। जो भारत में रात 8 बजे से देखे जा सकेंगे।

श्रीलंका की टाइमिंग भी लगभग भारत के जैसी ही है, लेकिन इस शेड्यूल से ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के दर्शकों को दिक्कत होगी, क्योंकि भारत के मैच ऑस्ट्रेलियन टाइम के हिसाब से रात 12ः30 बजे और न्यूजीलैंड के हिसाब से देर रात 2ः30 बजे शुरू होंगे।

**भारत का सेमीफाइनल भी सुबह 10.30 बजे ही शुरू होगा** - आईसीसी टूर्नामेंट में आमतौर पर सेमीफाइनल का शेड्यूल लोकल टाइमिंग के हिसाब से होता है, लेकिन इस बार सेमीफाइनल और फाइनल दोनों की टाइमिंग भारतीय दर्शकों के हिसाब से की गई है। दोनों सेमीफाइनल मुकाबले भारतीय टाइमिंग के मुताबिक 27 जून को खेले जाएंगे। भारत में पहला मैच सुबह 6 बजे और दूसरा रात 8 बजे से देख सकेंगे।

### इसी सदी में शुरू हुआ टाइम बदलने का ट्रेंड

क्रिकेट का पहला वर्ल्ड कप 1975 में इंग्लैंड में खेला गया, तब मैच इंग्लिश टाइमिंग के हिसाब से ही शुरू होते थे। 1992 का वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में खेला गया, तब भी भारतीय दर्शकों का ध्यान नहीं रखा गया। इस दौरान कुछ मुकाबले देखने के लिए तो सुबह 3 बजे भी जागना पड़ता था।

1999 से 2009 के आईसीसी वनडे टूर्नामेंट में भी लोकल टाइमिंग को ही प्राथमिकता दी गई। इस दौरान ज्यादातर टूर्नामेंट इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज में हुए, जहां वनडे मैच के शुरू होने की टाइमिंग भारत के हिसाब से ही रहती है।

2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में फाइनल समेत टीम इंडिया के ज्यादातर मैच भारत के हिसाब से शाम 6 या रात 9 बजे ही शुरू हुए। 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी इंग्लैंड में हुई, यहां भी टीम इंडिया के ज्यादातर मैच भारत की टाइमिंग के हिसाब से हुए। यहीं से ज्यादातर आईसीसी टूर्नामेंट में भारतीय दर्शकों का भी ध्यान रखा जाने लगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में हार के बाद मची भाजपा में कलह, शुभेंदु अधिकारी से मजूमदार तक निशाने पर

**कोलकात, एजेंसी।** एनडीए को लोकसभा चुनाव 2024 में बहुमत मिला है और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। इसके बाद भी महाराष्ट्र, बंगाल और यूपी में भाजपा को निराशा हाथ लगी है। महाराष्ट्र में तो देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को राज्य के डिप्टी सीएम पद से इस्तीफा देने की पेशकश की है। इस बीच बंगाल में पार्टी में आपसी कलह तेज हो गई है। राज्य में भाजपा को महज 12 सीटें ही मिली हैं, जहां 2019 में उसे 18 पर जीत मिली थी। अब एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ा जा रहा है। पार्टी के कई नेताओं ने राज्य के प्रभारियों पर ठीकरा फोड़ा, लेकिन किसी का नाम नहीं लिया गया। तीन बार के सांसद और बिष्णुपुर लोकसभा सीट से फिर जीते सौमित्र खान ने कहा, कई भाजपा नेताओं ने टीएमसी से सीक्रेट गठजोड़ कर रखा था। वरना ऐसे नतीजे नहीं आते। स्थानीय स्तर पर, जिला लेवल और राज्य स्तर पर ऐसा हुआ था। बिना इस तरह की गड़बड़ी के ऐसे नतीजे नहीं आ सकते। राज्य में सीटें घटीं तो कई दिग्गज नेता भी हार बैठे। बंगाल से दिलीप घोष, निसिथ प्रमाणिक, लॉकेट चटर्जी, सुभाष सरकार और देबाश्री चौधरी जैसे नेता हार गए। घोष ने मीडिया से बातचीत में कहा, भितरघात और साजिश भी राजनीति का हिस्सा है। मैंने अपनी ओर से बहुत मेहनत की, फिर भी नतीजा खिलाफ रहा। मुझे यहां से लड़ान से लड़ाने वाले भी जवाब दें।

### मजदूरी और खलासी का काम करने वाले से हार गए नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में भले ही भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन 2019 की तुलना में कमजोर रहा, लेकिन ओडिशा के नतीजों से विरोधियों को चौंका दिया। बीजेडी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक तक को कांटाबांजी सीट पर हार का सामना करना पड़ा। उन्हें भाजपा के लक्ष्मण बाग ने 16 हजार से अधिक मतों से हराया। आपको बता दें कि पटनाक दो-दो सीटों से चुनाव लड़ रहे थे। 2019 के विधानसभा चुनाव में नवीन पटनायक ने हिंजिली और कांटाबांजी दोनों पर ही जीत हासिल की थी। इस चुनाव में हिंजिली में उन्हें जीत तो जरूर मिली, लेकिन अंतर सिर्फ 4600 मतों का रह गया। लक्ष्मण बाग का जन्म एक गरीब किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने दिहाड़ी मजदूरीकी। ट्रक पर खलासी का काम कर अपना जीवनयापन किया। बाद में उन्होंने ट्रक खरीद ली और ट्रांसपोर्ट व्यवसाय में लग गए। इसके बाद वह निरंतर आगे बढ़ते रहे और राजनीति में भी अपनी किश्मत आजमाई। 2014 के चुनाव में वे तीसरे स्थान पर रहे थे। 2019 के विधानसभा चुनाव में वे कांग्रेस के संतोष सिंह सलूजा से मात्र 128 वोटों से हार गए थे।

### अयोध्या मंडल की 5 सीटों पर सपा का पीडीए दांव पड़ गया भारी

**फैजाबाद, एजेंसी।** रामनगरी अयोध्या को अपना 'शक्ति केंद्र' मानकर लोकसभा चुनाव में उतरी भाजपा को पूरे अयोध्या मंडल में मिली हार पर सियासी जगत में नए-नए निहितार्थ तलाशे जा रहे हैं। मंडल की सभी पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा की हार की वजहें भले ही अलग-अलग हों, लेकिन उसमें राम मंदिर के निर्माण से अपेक्षित सियासी लाभ न मिल पाने की वजह सबसे ज्यादा चर्चा में है। सोशल इंजीनियरिंग की अनदेखी, प्रत्याशियों से नाराजगी और विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों के प्रभाव की समीक्षा अभी भविष्य के गर्त में है। साकेत महाविद्यालय अयोध्या के पूर्व प्राचार्य डॉ. वीएन अरोड़ा के अनुसार इससे कोई भी इनकार नहीं कर सकता कि अयोध्या में राम मंदिर के शिलान्यास और फिर भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से लोकसभा चुनाव से पहले उपजी रामलहर से भाजपा उत्साहित थी। हालांकि सच यह भी है कि राम मंदिर में दर्शन के लिए पूरे देश से श्रद्धालुओं का तांता देखकर उसका यह उत्साह अति आत्म विश्वास में बदल गया। इसका नतीजा यह रहा कि भाजपा ने चुनाव में सोशल इंजीनियरिंग की पूरी तरह अनदेखी कर दी।

फैजाबाद समेत उसके अगल-बगल की सभी सीटों पर भाजपा ने केवल अगड़ी जाति के उम्मीदवार उतार दिए।

# गोवा, बेंगलुरु और चेन्नई के लिए अब दिल्ली जाने की जरूरत नहीं, हिंडन एयरपोर्ट से मिलेगी फ्लाइट

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
हिंडन एयरपोर्ट से गोवा, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता के लिए जल्द ही उड़ान शुरू होने जा रही है। इसके साथ ही पहली बार हिंडन से 180 सीट वाला एयरबस विमान उड़ान भरेगा। अब तक यहां से 76 और इससे कम सीट वाले विमान ही उड़ान भर रहे थे। हिंडन से बेंगलुरु एक अगस्त, गोवा और कोलकाता 12 अगस्त और चेन्नई की उड़ान 20 अगस्त से शुरू होने जा रही है। इससे गाजियाबाद के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के यात्रियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस चारों शहरों के लिए विमान सेवा शुरू कर रहा है। हिंडन से बेंगलुरू दिन में दो बार और बाकी तीनों शहरों के लिए रोजाना एक-एक उड़ान मिलेगी। हिंडन एयरपोर्ट प्राधिकरण की निदेशक सरस्वती वेंकटरमण ने बताया कि कंपनी ने चारों शहरों की उड़ान के लिए बुकिंग शुरू कर दी है। इनके शुरू होने से चारों शहरों में महज कुछ ही घंटों



में पहुंच जाएंगे, जबकि अभी ट्रेन से काफी ज्यादा समय लग जाता है। समय बचने के साथ ही यात्रियों को आसान सफर भी मिलेगा। उड़ान की सभी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी हैं। हिंडन से नांदेड़ (महाराष्ट्र), अदमपुर (जालंधर), किशनगढ़ (राजस्थान), लुधियाना व बठिंडा के लिए विमान सेवा पहले से चल रही है। एक अगस्त से बेंगलुरु से सुबह 4.50 बजे उड़ान भरकर विमान 07.25 बजे हिंडन पहुंचेगा। वापसी में हिंडन से सुबह 8.25 बजे उड़कर सुबह 11.15 बजे बेंगलुरू पहुंचेगा। दोपहर 12.10 बजे बेंगलुरू से उड़ान भरकर दोपहर पौने तीन बजे हिंडन पहुंचेगा। हिंडन से वापसी की यात्रा दोपहर 3.15 बाद शुरू होगी और शाम 6.05 बजे बेंगलुरू में विमान उतरेगा। टिकट पौने छह हजार रुपये से शुरू हैं। हिंडन से चेन्नई के लिए 20 अगस्त को सेवा शुरू होगी। चेन्नई से सुबह 5.30 बजे उड़ान भरकर विमान सुबह 830 बजे हिंडन पहुंचेगा। वापसी में सुबह 9.00 बजे हिंडन से उड़कर विमान दोपहर 12 बजे चेन्नई पहुंचेगा। यहां की टिकट पांच हजार से कम में ही मिल जाएगी। कोलकाता से सुबह 7.10 बजे विमान उड़ान भरकर सुबह 930 बजे हिंडन पहुंचेगा और वापसी में शाम 4.25 बजे उड़कर विमान शाम 645 बजे कोलकाता पहुंचेगा। कोलकाता की टिकट चार हजार रुपये से भी कम में मिल जाएगी। हिंडन से सुबह 10.00 बजे विमान उड़ान भरकर 12.45 बजे गोवा पहुंचेगा और वापसी में गोवा से दोपहर 1.15 बजे यात्रा शुरू होगी और शाम 3.55 बजे विमान हिंडन पर उतरेगा। गोवा का टिकट करीब पांच हजार रुपये में मिलेगा। कंपनी ने हिंडन, गोवा, कोलकाता, चेन्नई व बेंगलुरू का उड़ान शेड्यूल इस तरह बनाया है कि सीधी उड़ान के अलावा हर शहर से दूसरे शहर के लिए वाया फ्लाइट भी समय पर मिलेंगी। इनमें समय ज्यादा लगेगा, लेकिन किराया लगभग वैसा ही रहेगा। ये कनेक्टिंग उड़ान होंगी और हर शहर से फ्लाइट मिल सकेगी।

## दो साल की बच्ची से पड़ोसी ने की दरिंदगी, चीखें सुनकर पहुंची मां

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के छतरपुर के नौगांवशहर के टीबी अस्पताल में पदस्थ लैब अटेंडेंट स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा अपने पड़ोस में रहने वाली 2 वर्षीय बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न करने का मामला सामने आया है, पुलिस ने घटना की शिकार बच्ची के परिजनों की रिपोर्ट पर धारा 376 की विभिन्न धाराओं सहित पॉस्को में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सोमवार शाम साढ़े सात बजे के लगभग की बताई जा रही है। मामले का खुलासा तब हुआ। जब बच्ची के प्राइवेट पार्ट में दर्द हुआ तो पीड़ित बच्ची की मां उसे लेकर सिविल अस्पताल इलाज के लिए पहुंची। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर की टीम ने बच्ची की हालात को देखते हुए और मामला गंभीर होने पर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने बच्ची की मां से कड़ाई से पूंछतांछ की उसने पुलिस को सब कुछ बता दिया।

शहर के भट्ट बंगला के पास गोली भट्ट के मकान में किराए से रहने वाली पीड़ित बच्ची की मां ने पुलिस को बताया कि तीन जून सोमवार की शाम साढ़े सात बजे के लगभग वह घर पर खाना बना रही थी। इस दौरान बच्ची बाहर खेल रही थी। बगल में किराए से रहने वाला राजा शुक्ला उर्फ हर्षवर्धन आया और बच्ची को गोद में उठाकर अपने कमरे में ले गया। जब काफी देर तक बच्ची नहीं आई और उसके रोने की आवाज सुनाई दी। जाकर देखा तो आरोपी उंगली से उसके साथ गलत काम कर रहा था। वह बच्ची को लेकर घर आ गई। सामाजिक लोकलाज के कारण किसी को कुछ नहीं बताया।

## सौरभ भारद्वाज का मुख्य सचिव को कड़ा पत्र, बोले- ऐसे गंभीर मुद्दे पर यह रवैया अप्रत्याशित

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मानसून के करीब आने के साथ ही दिल्ली के शहरी विकास और बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर 7 दिनों के भीतर विभिन्न नालों की सफाई की स्थिति की जानकारी मांगी है। मंत्री ने मुख्य सचिव को 6 जून शाम तक मांगी गई जानकारी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, ताकि सभी विभागों की बैठक बुलाई जा सके और विभागों को आगे के निर्देश दिए जा सकें। साथ ही भारद्वाज ने पिछले मानसून में जलभराव की समस्या की याद दिलाते हुए बारिश की शुरुआत होने से पहले तैयारियों में कथित ढिलाई पर निराशा व्यक्त की। पत्र में भारद्वाज ने कहा, आपको याद होगा कि पिछले साल दिल्ली को मानसून के मौसम में जलभराव की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा था। हमारे पिछले अनुभव से, सभी संबंधित विभागों को इस साल दिल्ली में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति से बचने के लिए सक्रिय होना चाहिए, लेकिन अभी तक पर्याप्त तैयारियां नहीं देखी गई हैं। उन्होंने पत्र में कहा कि नालियों की सफाई सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है, जिसे शहर में जलभराव की किसी भी घटना को रोकने के लिए निर्धारित समय में पूरा किया जाना चाहिए। भारद्वाज ने कहा, चूंकि मानसून का मौसम आ रहा है, इसलिए मैंने आपको एक सप्ताह के भीतर विभिन्न नालों की सफाई की स्थिति/अन्य संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस तरह के गंभीर और जरूरी मुद्दे पर आपकी ओर से अभी तक कोई जानकारी/कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है।

## विकास को लेकर तेजी से काम होगा, मिलकर प्रयास करेंगे

**मेरठ , एजेंसी।** टीवी सीरियल रामायण के 'राम' और मेरठ के नवनिर्वाचित सांसद अरुण गोविल ने कहा कि अब मेरठ रावण की ससुराल नहीं, राम का घर है। अब रावण की ससुराल से मेरठ को संबोधित करना लोग बंद कर दें। राम का यह घर हो गया है। मेरठ के विकास को लेकर कहा कि विकास की कोई लिमिट नहीं है, यह अनवरत प्रक्रिया है। विकास को लेकर तेजी से काम होगा, मिलकर प्रयास करेंगे। मेरठ को सुंदर और विकसित बनाएंगे।

सांसद बनने के बाद बुधवार को कैंट स्थित एडवोकेट हाउस पर सुबह से नवनिर्वाचित सांसद अरुण गोविल से मिलने वालों और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। राज्यसभा सांसद डा. लक्ष्मीकांत वाजपेयी, ऊर्जा राज्य मंत्री डा. सोमेन्द्र तोमर, मेयर हरिकांत अहलूवालिया, कैंट विधायक अमित अग्रवाल से लेकर सैकड़ों भाजपा नेता, कार्यकर्ता, व्यापारी नेता कमल ठाकुर, नीरज मित्तल, गणेश अग्रवाल आदि उनसे मिलने पहुंचे और बधाई दी।

# नक्सल प्रभावित इलाकों में अब बारिश के दिनों में नदियां नहीं रोक पाएंगी जवानों का रास्ता

### सीआरपीएफ टीम ने तैयार किया रोपवे

**बीजापुर, एजेंसी।**
नक्सलियों के सबसे मज़बूत माने जाने वाले बीजापुर जिले के चिंतावागु नदी में सुरक्षाबलों ने दो सौ मीटर का रोपवे का बना दिया है। जिससे अब सुरक्षाबलों के जवानों और ग्रामीणों को बारिश के दौरान आवागमन बंद नही होगी। दरअसल चिंतावागु नदी का यह इलाक़ा नक्सलियों की सबसे मज़बूत माने जाने वाले बटालियन का इलाक़ा है। जहां सुरक्षाबलों ने हाल फ़िलहाल में सीआरपीएफ़ ने एक कैम्प भी लगाया है।

चिंतावागू नदी पर यूँ तो पुल का निर्माण कार्य भी प्रारंभ होने की बात सामने आती रही है। पर शायद पुल के निर्माण में अभी समय बाक़ी है। इससे पहले सुरक्षाबलों ने जो पहल किया है उससे यहाँ के ग्रामीणों को भी बारिश के मौसम में आवागमन में काफ़ी राहत मिलेगी। ग़ौरतलब है की बस्तर में जून में ही अच्छी



ख़ासी बारिश होने से चिंतावागु नदी तक़रीबन दो महीने तक उफान में होती है। कई बार इस नदी पर बाढ़ भी आ चूकी है। जिसके चलते बारिश के दौरान ग्रामीण इस नदी को पार नहीं करते हैं। जबकी जवानों के आवागमन में भी बारिश अब बाधा नहीं डाल पाएगी। सीआरपीएफ़ छत्तीसगढ़ सेक्टर ने जो जानकारी उपलब्ध कराई है उसके अनुसार इस रोपवे को बनाने ढूअ्क्ककी मदद ली गई है। इस रोपवे को तैयार करने में पुरे एक महीने का समय लगा है। बुधवार को इस रोपवे का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। सीआरपीएफ़ के आईजी छत्तीसगढ़ साकेत सिंह के निर्देश पर सीआरपीएफ़ डीआईजी सुनीत कुमार रॉय ने मौक़े तैनात सीआरपीएफ़ की 151वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अयोध्या सिंह के हाथों उद्घाटन कर दिया गया है। जिसके बाद से यहाँ जवानों और ग्रामीणों का आवागमन इस रोपवे के माध्यम से प्रारंभ हो चूका है। चिंतावागु नदी यह वही इलाक़ा धर्मावारम का है जहां नक्सलियों ने बीते 16 जनवरी की रात कैम्प पर ज़बरदस्त हमला बोल दिया था। पुरी रात नक्सली इस कैम्प गोलाबारूद फेंकते रहे जबकी कैम्प लूटने आए नक्सलियों ने जंगली घांस से बने ख़ास पोशाक भी पहन कर पहुँचे थे। नक्सलियों द्वारा इस हमले के बाद एक प्रेस नोट जारी कर कैम्प पर हमले की जानकारी देते हुए अपने तीन साथियों के इस दौरान मारे जाने की जानकारी दी थी।जिसके बाद से यह इलाक़ा चर्चाओं में आया था। और अब जवानों द्वारा चिंतावागु नदी पर रोपवे बनाकर तैयार करने के बाद फिरसे इलाक़ा चर्चाओं में है। धर्मावारम में चिंतावागु नदी पर रोपवे तैयार करने की योजना सीआरपीएफ़ के छत्तीसगढ़ सेक्टर के आईजी साकेत सिंह ने तैयार की फिर इसके लिए सीआरपीएफ़ डीआईजी कोन्टा रेंज सुनीत कुमार रॉय को निर्देशित किया गया।

# नई सरकार के गठन के बाद भारत आएंगे अमेरिकी एनएसए जैक सुलिवन

**वाशिंगटन , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार पदभार संभालने के बाद नई सरकार से बातचीत के लिए अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जैक सुलिवन भारत दौरे पर आएंगे। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर बधाई देने के लिए उन्हें फोन किया था, तो उन्होंने सुलिवन के दौरे पर भी चर्चा की थी।



व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, ÷राष्ट्रपति जोसेफ बाइडेन जूनियर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के आम चुनावों में उनकी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत पर बधाई देने के लिए उन्हें फोन किया था।÷ बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत संबंधों और वैश्विक रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने तथा एक स्वतंत्र, मुक्त और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अपने साझा विजन को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक्स पर एक पोस्ट में भारत और अमेरिका की दोस्ती की सराहना की। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन सहित अमेरिकी प्रशासन के दूसरे वरिष्ठ सदस्यों ने भी पीएम मोदी को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति बाइडेन के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह अपने ÷मित्र÷ की कॉल आने पर खुश हैं।

हालांकि सुलिवन के दौरे की घोषणा कर दी गई है, लेकिन तारीख अभी तय नहीं है। उम्मीद की जा रही है कि प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण के चंद दिनों के भीतर वह नई दिल्ली की यात्रा पर रवाना होंगे। पीएम मोदी के 8 जून को तीसरी बार शपथ लेने की संभावना है। व्हाइट हाउस के बयान में कहा गया है, ÷इस साल जबरदस्त लू के बावजूद अपना वोट डालकर भारत के लोगों ने एक बार फिर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का इजहार किया है।÷

## अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन, 12 से ज्यादा लोग गिरफ्तार

**कैलिफोर्निया , एजेंसी।** बुधवार को कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने पर 12 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस्राइल-गाजा पर संघर्ष को लेकर फलस्तीन समर्थक छात्रों ने जबरन विश्वविद्यालय अध्यक्ष के कार्यालय में खुद को बंद कर लिया था। जिसके बाद छात्रों और अधिकारियों के बीच झड़प हो गई।

सुबह साढ़े 5 बजे छात्रों ने धावा बोला

स्टैनफोर्ड डेली अखबार के मुताबिक करीब 10 छात्रों ने सुबह साढ़े 5 बजे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय की बिल्डिंग में दाखिल हुए थे और हथियारों से लैस करीब 50 छात्रों ने बिल्डिंग को चारों और से घेर लिया। इसके बाद सभी छात्र 'फलस्तीन को आजाद करो' के नारे लगाने लगे। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिब्रेट स्टैनफोर्ड ग्रुप ने लिखा, 'छात्रों के एक समूह ने विश्वविद्यालय अध्यक्ष के कार्यालय को घेर लिया और छात्रों ने इस्राइल-गाजा युद्ध से जुड़ी कंपनियों को स्कूल से अलग करने सहित अन्य मांगें की।

स्टैनफोर्ड के मुताबिक छात्रों के प्रदर्शन शुरू होने के बाद पुलिस को बिल्डिंग में अंदर घुसने के लिए लगभग दो घंटे लग गए। जिसके बाद बल पूर्वक 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया, इस दौरान एक अधिकारी को चोट लग गई। जबकि इमारत को काफी क्षति हुई है। सैलर स्कूल के प्रोवोस्ट जैनी



मार्टिनेज ने बयान देते हुए कहा कि छात्रों के इस कृत्य से मैं काफी दुखी और चिंतित हूं। जिन आरोपी छात्रों को गिरफ्तार किया गया है उन्हें निलंबित किया जाएगा और साथ ही कई सीनियर छात्रों को अब स्कूल में डिग्री पूरी नहीं करने दी जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से फलस्तीन समर्थक शिविर और हमास के हमले से पीड़ितों के लिए इस्राइल के समर्थन में प्रदर्शन कारियों को परिसर से हटा दिया गया है।

# मालगाड़ी में जा घुसी ट्रेन, हादसे में 4 लोगों की मौत, 23 जख्मी

**प्राग एजेंसी।**
यूरोपीय देश चेक रिपब्लिक की राजधानी प्राग से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बताया जा रहा है, आज तड़के एक ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हुई है, वहीं 23 लोग घायल बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने ये जानकारी दी है।

इंटरियर मंत्री विट रकुसन ने इस घटना के बारे में आगे जानकारी देते हुए बताया कि प्राग से लगभग 100 किलोमीटर (62 मील) पूर्व पर्डुबिस शहर में ये घटना हुई। रकुसन ने आगे बताया, यात्री ट्रेन निजी रेजीओजेट कंपनी की थी। देश के पूर्वी हिस्से के बीच एक प्रमुख ट्रैक को बंद करना पड़ा। वहीं अधिकारी इस घटना की जांच कर रहे हैं। परिवहन मंत्री मार्टिन



कुप्का ने इस बात की जानकारी दी है।

ट्रेन 300 से अधिक यात्रियों को ले जा रही थी, जिनमें से कई विदेशी थे। निजी रेजियोजेट कंपनी द्वारा संचालित ट्रेन, स्लोवाकिया की सीमा के करीब पश्चिमी यूक्रेनी शहर चोप की ओर जा रही थी। टीवी फुटेज के मुताबिक, एक गाड़ी पटरी से उतर गई थी और यात्रियों को पार्डुबिस मुख्य स्टेशन के पास बसों में बिठाया जा रहा था। वहीं स्थानीय अग्निशमन विभाग की प्रवक्ता वेंडुला होराकोवा ने चेक टीवी को बताया है कि मालगाड़ी कैल्शियम कार्बाइड ले जा रही थी।बता दें कि प्रधान मंत्री पेट्र फियाला ने भी इस घटना पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। उन्होंने दुर्घटना को एक बड़ी त्रासदी बताया और मारे गए लोगों के प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

वहीं इससे पहले चेक रिपब्लिक से एक मास शूटिंग का मामला सामने आया था। हादसे में एक विश्वविद्यालय की इमारत में भीषण गोलीबारी की गई। इस गोलीबारी में लगभग 15 लोगों की मौत हो गई थी। गोलीबारी चार्ल्स विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग की इमारत में हुई और हमलावर एक छात्र था। प्राग पुलिस प्रमुख मार्टिन वोंद्रासेक ने इस घटना की जानकारी दी थी। हमलावर की उम्र मात्र 24 साल थी।

## टेक्सास में भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति पर लगा घृणा अपराध का आरोप, हो सकती है 10 साल की जेल

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास में एक भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति पर संघीय घृणा अपराध का आरोप लगाया गया है। दरअसल, व्यक्ति पर एक सिख गैर-लाभकारी संगठन के कर्मचारी को धमकियां देने का भी आरोप है। आरोपी की पहचान 48 वर्षीय भूषण अठाले के तौर पर की गई है। न्याय विभाग की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि भूषण अठाले को खतरनाक हथियार का इस्तेमाल करने की धमकी देने और संघ द्वारा संरक्षित गतिविधियों में हस्कतक्षेप करने का भी आरोप लगाया गया है। इस मामले में उन्हें अधिकतम 10 साल की सजा हो सकती है।

बयान में कहा गया कि अंतरराज्यीय धमकी भेजने के लिए भी उन्हें पांच साल की सजा हो सकती है। इन दोनों आरोपों में उन्हें 250,000 अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लग सकता है। बता दें कि 17 सितंबर 2022 में अठाले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि अठाले ने एक ऐसे नंबर पर फोन किया था, जो अमेरिका में सिखों नागरिक अधिकार की रक्षा करता है।

अठाले ने कुल सात वॉइस नोट भेजे, जिसमें सिखों के प्रति अत्यधिक घृणा व्यक्त की गई। इस साल मार्च में भी अठाले ने एक वॉइसमेल छोड़ा, जिसमें उन्होंने सिखों के साथ मुस्लिमों को भी निशाना बनाया।

## ब्रांड मोदी की चमक पड़ी फीकी, विदेशी मीडिया ने कहा- चुनाव परिणाम से विपक्ष को मिली नई ताकत

**वाशिंगटन एजेंसी।** ताजा लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अजेय होने का आभामंडल कमजोर पड़ा है और विपक्ष को नई ताकत मिली है। भारत में हुए चुनाव परिणाम को लेकर यह राय है अंतरराष्ट्रीय मीडिया की। हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को 240 सीटें मिली हैं जो मोदी के नेतृत्व में हुए तीन लोकसभा चुनावों में सबसे कम हैं। जबकि प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं जो तीन चुनावों में सर्वाधिक हैं। इसी के आधार पर अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने यह राय जाहिर की है। अमेरिकी अखबार न्यूयार्क टाइम्स ने मोदी का आभामंडल कमजोर पड़ने की बात लिखी है। यह दस वर्षों के मोदी के शासनकाल में अचानक हुआ बदलाव है। 2024 के चुनाव में मोदी की पार्टी जीती है लेकिन रिकार्डतोड़ जीत से दूर है। जबकि वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा है- भारतीय मतदाताओं ने मोदी को अस्वीकार कर दिया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129